e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 182

सुविचार
धोखा उस फल का नाम होता है जो आसानी से किसी भी बाजार में मिल जाता है और बहुत खूबसूरत होता है।

# प्रभात मंत्र

बुधवार
05.07.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी होस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

## रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 28⁰ |
| न्युनतम | 22⁰ |

## क्विक न्यूज

### सावन शुरू होते ही मंदिरों में उमड़ी भीड़

**रांची:** मंगलवार को सावन शुरु होते ही मंदिरों में भीड़ उमड़ पड़ा. लोग सुबह से ही शिव मंदिर में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर जल अर्पित करते दिखे. मंदिरों में भी भक्तों की भीड़ को देखते हुए हर सुविधा का ख्याल रखा गया है. साथ ही कई इंतजाम भी किए गए हैं. रांची के पहाड़ी मंदिर में भक्तों की सुविधा को देखते हुए मेडिकल टीम के अलावा जगह-जगह बैरिकेटिंग लगाए गए हैं. यहां साफ-सफाई से लेकर सभी इंतजाम किए गए हैं. मंदिर प्रबंधन ने बताया कि इस वर्ष भी अर्घा सिस्टम के माध्यम से जल चढ़ाने की व्यवस्था की गई है.

# मरांडी बने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** लोकसभा चुनाव से पूर्व बाबूलाल मरांडी को झारखंड बीजेपी अध्यक्ष का ताज मंगलवार को मिल गया. बीजेपी ने 2024 लोकसभा चुनाव से पहले कई राज्यों के अध्यक्ष को बदला है. झारखंड में यह कमान बाबूलाल मरांडी को दी गई है. बता दें कि बाबूलाल मरांडी झारखंड के वरिष्ठ नेता हैं. उनका जन्म जनवरी 1958 को गिरिडीह मे हुआ था. गिरिडीह कॉलेज से उन्होंने ग्रेजुएशन की डिग्री ली. उन्होंने एक साल तक प्राथमिक शिक्षक के रूप में काम किया. इसके बाद वो आरएसएस से जुड़े. साल 1983 में उन्हें संथाल परगना के विश्व हिंदू परिषद के संगठन मंत्री की जिम्मेदारी मिली.साल 1991 में बाबूलाल भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए. लोकसभा चुनाव 1991 में उन्होंने दुमका सीट से चुनाव लड़ा. लेकिन वो हार गए. 1996 लोकसभा चुनाव में वो फिर दुमका सीट से उम्मीदवार बने. इसबार वो महज 5 हजार वोट से दोबारा हारे. साल 1996 में बीजेपी ने उन्हें वनांचल क्षेत्र का अध्यक्ष बनाया. इसके बाद साल 1998 में उन्होंने दुमका सीट पर जीत दर्ज की.1999 में वो फिर जीतकर सांसद बने. बाजपेई सरकार में बाबूलाल मरांडी वन पर्यावरण राज्यमंत्री बने. साल 2000 में वे झारखंड के पहले मुख्यमंत्री बने. 2003 में उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया. 2004 में वह कोडरमा सीट से चुनाव लड़े और जीते. 2006 में बीजेपी छोड़कर नई पार्टी झारखंड विकास मोर्चा का गठन किया. 2006 में कोडरमा सीट पर हुए उपचुनाव वो निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लड़े और जीत हासिल की. 2009 में भी वे जीते. 2014 में उन्होंने दुमका सीट से चुनाव लड़ा लेकिन हार गए. 2014 विधानसभा चुनाव में भी उन्हें हार मिली. 2019 के विधानसभा चुनाव में बाबूलाल मरांडी की पार्टी जेवीएम अकले चुनाव लड़ा. इस चुनाव में उन्हें सिर्फ तीन सीटों पर ही जीत मिली. इसके बाद उन्होंने एक बार फिर से बीजेपी में जाने का फैसला किया और पार्टी ने तीन विधायकों में से दो बंधु तिर्की और प्रदीप यादव को निलंबित कर दिया और पार्टी का विलय बीजेपी में कर दिया. बीजेपी ने उन्हें विधायक दल का नेता बनाया.

## बधाई देने वाले का लगा तांता

झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री व भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को झारखंड प्रदेश का अध्यक्ष बनाए जाने पर रांची के सांसद संजय सेठ ने बधाई दी है। उन्होंने कहा कि अलग राज्य बनने के बाद राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी बनाए गए। उसके पूर्व वनांचल प्रदेश के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने कार्य किया। उनके पास काफी लंबा अनुभव रहा है। जिसका लाभ भाजपा को मिलेगा। हम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए यह गौरव का पल है। उनके नेतृत्व में झारखंड भाजपा का संगठन नई ऊंचाइयों को छूयेगा। इधर पूरे राज्य भर से मरांडी की बधाइयां मिल रही है।



## बदले गए 4 राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव 2024 से पहले भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश संगठन में बड़े बदलाव किए हैं.इसमें बीजेपी ने चार राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष बदल दिए हैं. इन राज्यों को नए अध्यक्ष मिले हैं उसमें पंजाब, झारखंड, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना शामिल हैं. बीजेपी ने बाबूलाल मरांडी को झारखंड, सुनील जाखड़ को पंजाब की जिम्मेदारी दी है. इसके अलावा राजेंद्र एटीला को चुनाव प्रबंधन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. पूर्व केंद्र मंत्री पी पुरंदेश्वरी को आंध्र प्रदेश की जिम्मेदारी मिली है. सुनील जाखड़ जो कि पूर्व सांसद हैं वह कांग्रेस से बीजेपी में आए थे. उनको पार्टी ने पंजाब की कमान सौंपी है. इसके अलावा केंद्रीय मंत्री और सांसद जी किशन रेड्डी को तेलंगाना का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है.

# सड़क दुर्घटना में 24 की मौत

* महाराष्ट में 13, झारखंड में 8 व हैदराबाद में 3 की मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची-मुंबई-हैदराबाद :** मंगलवार को झारखंड, महाराष्ट्र और हैदराबाद में हुए भीषण सड़क दुर्घटना में 24 लोगों की मौत हो गई। झारखंड के हजारीबाग जिले के पदमा ओपी स्थित रोमी गांव में हुए हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई 3 अन्य घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार बरही से हजारीबाग जा रही सूमो बिक्टा पदमा ओपी स्थित रोमी गांव के समीप एक बुलेट सवार को बचाने के क्रम में एन एच 33 के किनारे स्थित एक कुएं में गिर गई. इस दौरान बुलेट सवार भी कुएं में गिर गया। जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से तत्काल तीन लोगों को निकाल कर उन्हें अस्पताल भेजा। क्रेन की मदद से सूमो वाहन को कुएं से बाहर निकाला गया। कुएं से 6 शवों को भी बाहर निकाला गया। इस घटना में घायलों का इलाज हजारीबाग स्थित आरोग्यम अस्पताल में किया जा रहा है। इधर राजधानी रांची के सीठियो रिंग रोड पर बाइक सवार दो युवकों की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई। महाराष्ट्र के धुले जिले में एक तेज रफ्तार कंटेनर ट्रक ने चार वाहनों को टक्कर मार दी और एक राजमार्ग पर एक होटल में जा घुसा। ट्रक से कुचलकर लगभग 13 लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक घायल हो गए। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार होने के कारण ट्रक बेकाबू हो गया और होटल में जा घुसा। होटल में खाना खाने वाले लोगों की भीड़ थी, इसलिए ये बड़ा हादसा हो गया। हादसे के बाद वहां लोगों की चीख-पुकार मच गई। बताया गया कि ट्रक का ब्रेक फेल हो जाने के कारण यह भीषण हादसा हुआ। इसने दो मोटरसाइकिल, एक कार और एक अन्य कंटेनर को पीछे से टक्कर मार दी। बस स्टॉप पर इंतजार कर रहे कई लोग भी इस हादसे का शिकार हो गए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि ट्रक मध्य प्रदेश से धुले की ओर जा रहा था। पुलिस ने बताया कि घायलों को शिरपुर और धुले के अस्पतालों में ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। इधर हैदराबाद के हैदरशकोट मेन रोड पर एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से सैर पर निकली दो महिलाओं और एक बच्चे की मौत हो गई।

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार के तत्वावधान में **माननीय मुख्यमंत्री** के कर कमलों के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का शुभारंभ

मुख्य अतिथि
**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि
**श्री बन्ना गुप्ता**
माननीय मंत्री, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

सम्मानित अतिथि
श्री संजय सेठ
माननीय सांसद, लोकसभा क्षेत्र, रांची
श्री राजेश कच्छप
माननीय विधायक, खिजरी विधानसभा क्षेत्र

कार्यक्रम
206 एम्बुलेंस का लोकार्पण एवं 38 नव नियुक्त दन्त चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र वितरण
सहित
- रिजनल ब्लड ट्रान्समिशन सेंटर, नागरमल मोदी सेवा सदन का उद्घाटन।
- ब्लड स्टोरेज केन्द्रों का उद्घाटन।
- 5 MMU के संचालन एवं अन्य चिकित्सा सुविधाओं के संबंध में Smile Foundation के साथ MOU.
- ममता वाहन ऐप, आयुष्मान ऐप तथा मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना ऐप का लोकार्पण।
- उत्कृष्ट प्रदर्शनकर्ता चिकित्सकों एवं अस्पताल का सम्मान।

दिनांक : 05 जुलाई 2023 | स्थान : आई.पी.एच. प्रेक्षागृह, नामकुम, रांची | समय : अपराह्न 01 बजे से



PR NO-301326 (Health Med Edu and Family Welfare) 23-24

NATIONAL HEALTH MISSION
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग
झारखण्ड सरकार
स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड

## संक्षिप्त खबरें

### बकरी चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार

**रांची।** नामकुम थाना क्षेत्र से बकरी चुराने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बताया गया कि दो बकरी चोरों को गांव वाले ने खदेड़ कर महुआटोली के पास दबोच लिया। दोनों की धुनाई कर दी। ऐन वक्त पर मौके पर पहुंची रांची की नामकुम पुलिस ने दोनों को अपनी कस्टडी में ले लिया। बाद में दोनों रिजवान एवं सैंकी को डोरंडा थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया। पिटाई में जख्मी हो गये दोनों बकरी चोर का इलाज नामकुम के सीएचसी अस्पताल में कराया गया। दोनों कांटाटोली के नजदीक रहते है। कुछ ग्रामीणों का कहना था कि कार सवार रिजवान और सैंकी डोरंडा थाना क्षेत्र के घाघरा बस्ती से बकरी चुराकर भाग रहे थे। बस्ती के कुछ लोगों ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया। दोनों नामकुम के महुआटोली बस्ती में धरा गये। दोनों की बढ़िया से कुटाई कर दी गई। बाद में मौके पर पहुंच गई पुलिस ने दोनों को अपनी कस्टडी में ले लिया।

### जेसीआई उड़ान का एग्जिबिशन रांची क्लब में 5 और 6 जुलाई

**रांची :** जेसीआई उड़ान रांची के द्वारा 5 और 6 जुलाई को गलिट् एंड ग्लैम फैशन एंड लाइफ़स्टाइल एग्जिबिशन रांची क्लब में आयोजित किया जा रहा है। जिसका उद्घाटन आज मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद करेंगी ।इस एग्जीबिशन में दिल्ली ,मुंबई ,लखनऊ सूरत, रानीगंज, जमशेदपुर, जयपुर और कोलकाता से आए हुए व्यापारी भी स्टॉल लगाएंगे ।जिसमें स्टाइलिश बैग ,किड्स अट्रैक्टिव आइटम, डिजाइनर साड़ी ,सूट, ज्वेलरी ,राखी इत्यादि के साथ त्यौहार में उपयोग आने वाले आवश्यक सामग्री के स्टॉल होंगे ।जेसीआई उड़ान ऐसे आयोजनों से होने वाले आए का उपयोग समाज सेवा में खर्च करती है। 5 एवं 6 जुलाई को होने वाले गलिट् एंड ग्लैम मेला के प्रोजेक्ट चेयरमैन शिखा, राखी,अदिति मेवाड़ा, खुशबू जैन ट्विंकल छावनीका एवं प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर आभा भंडारी प्रेस वार्ता में मौजूद थी।

## डीसी ने शांति समिति एवं प्रबुद्ध जनों के साथ की बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा मोरहाबादी राँची स्थित मान्या पैलेस में जिला प्रशासन की तरफ से शांति समिति एवं प्रबुद्ध जनों की बैठक आयोजित की गई।बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक राँची, कौशल किशोर, उप-विकास आयुक्त राँची, दिनेश कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक राँची (ट्रैफिक) हरिस बिन जमां, अनुमंडल पदाधिकारी राँची (सदर) दीपक कुमार दुबे, अनुमंडल पदाधिकारी बुंडू, राजेश कुमार साव, अपर जिला दंडाधिकारी राँची (विधि व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक, जिला आपूर्ति पदाधिकारी राँची, अल्बर्ट बिलुंग, जिला परिवहन पदाधिकारी राँची, प्रवीण प्रकाश, जिला नजारत उप-समाहर्त्ता राँची, केवल कुमार अग्रवाल, अंचल अधिकारी राँची (शहर), सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी गण एवं शांति समिति के सदस्यगण प्रबुद्ध जन शामिल हुए। उपायुक्त ने आये हुए सभी शांति समिति के सदस्यगणों एवं सभी आये हुए प्रबुद्ध जनों का स्वागत करते हुए कहा कि आपलोगों से जिला प्रशासन को काफी उम्मीदें हैं, आपके माध्यम से ही राँची जिला में बड़े-बड़े आयोजनों एवं पर्व सुगमता एवं आपसी भाईचारे से सम्पन होता रहा हैं। आपका सहयोग प्रशासन को हमेशा मिलता हैं, इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं। उपायुक्त ने सभी शांति समिति के सदस्यगणों एवं सभी आये हुए प्रबुद्ध जनों का खुल कर स्वागत किया। उनसे इसी तरह जिला प्रशासन के साथ खड़ा रहने की गुजारिश करते हुए, उनसे कहा कि समाज के प्रति हमेशा खड़े रहें ताकि समाज में आपसी सहयोग और भाईचारा बना रहें। लोग एक दूसरे को सहयोग करें एवं शांति समिति के सदस्यों एवं प्रबुद्ध जनों के सहयोग के लिए जिला प्रशासन की तरफ से बहुत-बहुत बधाई दी गई।

## फाइनेंस कंपनी में कार्यरत युवक से छीनताई करने के आरोप में तीन गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रोहित कुमार मांडर शाखा में क्लेक्शन ब्वॉय के रूप में कार्यरत है। रोहित क्लेक्शन ब्वॉय के रूप में कार्यरत है। वह चान्हो थाना बुढमू क्षेत्र से कुल 149,167 /- रूपया क्लेक्शन करके लौट रहे थे, उसी क्रम में चान्हो थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम हरी एवं लेपसर के बीच एक बन्द पड़े ईंट भट्ठा के पास पीछे से आ रहे एक अपाची मोटरसाईकिल पर सवार तीन व्यक्ति ने अपने मोटरसाईकिल से रोहित के मोटरसाईकिल में साईड से धक्का मार दिये, जिससे रोहित मोटरसाईकिल सहित जमीन पर गिर गया। जमीन पर गिरते ही अपाची मोटरसाईकिल पर सवार व्यक्तियों द्वारा पिस्तौल का भय दिखाकर क्लेक्शन के रूपये वाला बैग जिसमें सैमसंग कम्पनी का टैब एवं अन्य कागजात भी था तथा रोहित के पॉकेट में रखे ओपो कम्पनी का मोबाईल को लूटकर बुड़मू की तरफ भाग गये। उक्त कार्ड का उद्भेदन एवं संलिप्त अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के द्वारा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राँची के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक खलारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर भारत फाइनेन्स कम्पनी में पैसा जमा करने वाले दीपक ठाकुर ने, थाना बुढ़मू, जिला राँची को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गयी तो इनके द्वारा घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर लिया। इस मामले तीन को गिरफ्तार किया गया।



**गिरफ्तार अपराधकर्मियों :** अधनु पाहन, विजय उरांव, दीपक ठाकुर शामिल हैं।

**बरामद सामान का विवरणः** कांड में लूटे गये सैमसंग कम्पनी का टैब, कांड में लूटे गये 20,000/-रूपया नगद, कांड में लूटे गये भारत फाइनेन्स कम्पनी का पहचान पत्र , कांड में लूटे गये भारत फाइनेन्स कम्पनी का 27 पीस कैश मेमो,कांड में लूटे गये भारत फाइनेन्स कम्पनी , अपाची मोटरसाईकिल न0-जेएच01डीवाई-8502

**छापामारी दल में शामिलः** अनिमेष नैथानी, पुलिस उपाधीक्षक खलारी राँची पुनि अवधेश ठाकुर, मांडर अंचल, पुअनि रंजय कुमार, थाना प्रभारी चान्हो , पुअनि अंकित कुमार, चान्हो थाना,सअनि संजय कुमार सिंह, चान्हो थाना,चान्हो थाना सशस्त्र बल।

## हिंदपीढ़ी में डीप बोरिंग कराने को लेकर सौंपा ज्ञापन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** छात्र संघ अध्यक्ष जमाल गद्दी के द्वार राज्यसभा सांसद महुआ माजी के बड़े पुत्र सांसद प्रतिनिधि वार्ड 18 के प्रत्याशी और रांची नगर निगम के भावी उपमहापौर सोमवित माजी को पानी की भारी समस्या को देखते हुए वार्ड नं 23 ग्वला टोली हिंदपीढ़ी एक डीप बोरिंग कराने को लेकर ज्ञापन देकर अवगत कराया गया। ज्ञापन सौंपा में शामिल रांची के समाजसेवी एवं युवा रांची महानगर रामनवमी पूजा समिति (युवा महावीर मंडल रांची) के अध्यक्ष नन्द किशोर सिंह चंदेल , शाकिर मंसूर, शाहबाज आलम, जमाल गद्दी, आदि लोग मौजूद रहे।

## खादगढ़ा बस स्टैंड का होगा जिर्णोधार : विनय चौबे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में ट्रांसपोर्ट नगर का निर्माण हो जाने से रांची लगभग जाममुक्त हो जायेगी और प्रदूषण पर नियंत्रण रहेगा। पर्यावरण की सुरक्षा होगी। उक्त बातें नगर विकास विभाग के सचिव विनय कुमार चौबे ने कही। उन्होंने कहा कि सुकरहुटू में बन रहे ट्रांसपोर्ट नगर की प्रगति के निरीक्षण करने पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि रिंग रोड के निकट ही लोक जन सहभागिता मोड पर अंतरराज्य बस टर्मिनल (आईएसबीटी) के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जुडको द्वारा टेंडर आमंत्रित किया गया है। यह भी कहा कि वर्तमान के खादगढ़ा बस स्टैंड को पुनर्विकसित किया जायेगा। आइएसबीटी से खादगढ़ा बस स्टैंड को सिटी बस के माध्यम से जोड़ा जायेगा। दोनों बस अड्डों के बीच सिटी बसें चलेंगी। सिटी बसों के परिचालन के लिए एक दो दिनों में टेंडर प्रसारित कर दिया जायेगा। 180 शैय्या वाले डोरमेट्री का प्रावधान किया गया है जबकि प्रथम चरण में कुल 424 वाहनों के पड़ाव की व्यवस्था है।



## चेशायर होम रोड जमीन मामले में गिरफ्तार दोनों आरोपित भेजे गए जेल




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चेशायर होम रोड जमीन की अवैध खरीद-बिक्री मामले में गिरफ्तार राजेश राय और भरत प्रसाद को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया। ईडी के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने दोनों को जेल भेज दिया। कोर्ट में पेशी के बाद ईडी ने दोनों से पूछताछ को लेकर कोर्ट से पांच दिनों की रिमांड देने का आग्रह किया। कोर्ट ने रिमांड पर सुनवाई के लिए बुधवार की तिथि निर्धारित की है। कोर्ट ने ईडी के आग्रह को देखते हुए दोनों को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) भेजने का निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि ईडी ने दस्तावेज में जालसाजी कर चेशायर होम रोड स्थित जमीन की खरीद बिक्री मामले में दोनों को सोमवार को गिरफ्तार किया था। चेशायर होम रोड की भूमि की खरीद-बिक्री में यह पहली गिरफ्तारी है।

## रांची में पर्यावरण और ऊर्जा संरक्षण पर सेमिनार आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** कांके रोड स्थित डीएवी नीरजा सहाय स्कूल में मंगलवार को पर्यावरण और ऊर्जा के संरक्षण पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सामाजिक संस्था विवेकानंद युथ क्रेक फाउंडेशन , रिलेशनस एवं सामाजिक संस्था टीम ग्रीन के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। मौके पर विवेकानंद युथ क्रेक फाउंडेशन के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि वन महोत्सव के तहत पर्यावरण और उर्जा संरक्षण करना हम सब की नैतिक जम्मिेदारी है।



हम सभी को पर्यावरण और प्रकृति की रक्षा के लिए पर्यावरण और ऊर्जा का संरक्षण करना पड़ेगा। तभी हम एक जिम्मेदार नागरिक बनकर देश के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं।

डीएवी नीरजा सहाय स्कूल के विद्यार्थियो ने टीम ग्रीन की ओर से दिए गए 41 पौधे को स्कूल परिसर में लगाकर उनकी देख भाल करने का भी संकल्प लिया। इस अवसर पर डीएवी नीरजा सहाय स्कूल के प्राचार्य किरण यादव, गौरव अग्रवाल, निपुण जैन, प्रीति कुमारी, शुभम चौधरी, जीएन सहाय, निर्मला सहाय, शिक्षिका अनामिका हर्ष वर्धन, तनुश्री चक्रवर्ती , सुनील मालाकार, अजीत कुमार सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## संयुक्त राष्ट्र ने 2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष घोषित किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बाजरा के उत्पादन खपत को बहाने के उद्देश्य से भारत सरकार की आदेश पर संयुक्त राष्ट्र ने2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष घोषित किया। स्वस्थ लघु के अलावा बाजरा कंपनी और इनपुट आवशकता के साथ पर्यावरण के लिए भी अच्छा है जागरुकता पैदा करने और बाजरा के उत्पादन खपत को बहाने के उद्देश्य से भारत सरकार की आदेश पर संयुक्त राष्ट्र ने2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष घोषित किया। आर्मी पब्लिक स्कूल रांची के छात्र-




छात्राओं के लिए एक प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसका नाम मिलेट्स इंटरनेशनल ईयर इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मिलेक्स के बारे में जानकारी हासिल की यह प्रतियोगिता कक्षा 3 से लेकर 12वीं क्लास तक के बच्चों के लिए था। इस प्रतियोगिता के विजेताओं के नाम किस प्रकार हैं क्लास सौम्या, शिवोन्या, विद्यानि,क्लास उत्तकर्ष, कृष्णा, पार्थ,क्लास,आराध्य शर्मा, अन्वेषा, अशमी, क्लासदिव्यांशी, श्रायसी, अलीना क्लास, ईशिका, तृषा, पायल, क्ला, शैली, वंशिका, आस्था क्लास, श्रीमंजी, दिव्या, आरुषि, निधी निर्णायक मंडली में मोहम्मद साबिर हुसैन,कला शिक्षक तथा भावना कुमार ने किया। उप प्रधानाध्यापक कविता वर्मा ने बच्चों को मिलेट्स के बारे में बताया प्राचार्य अभय कुमार सिंह ने बच्चों को बधाई दी साथ सेहतमंद रहने की सलाह दी।

## तीन दिवसीय सावन मेला सह हस्तशिल्प कला प्रदर्शनी का उद्घाटन आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अग्रवाल सभा की महिला समिति के द्वारा महाराजा अग्रसेन भवन में 5 जुलाई से 7 जुलाई 2023 तक तीन दिवसीय सावन मेला सा हस्तशिल्प कला प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया ने कहा कि प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य है समाज की ऐसी महिलाओं को एक मंच पर लाना जो कुछ काम करके आत्मनिर्भर होना चाहती हैं । प्रदर्शनी में 100 से ज्यादा स्टाल लगाए गए हैं। मंत्री मनोज कुमार चौधरी ने कहा कि मेले का उद्घाटन सुमन पाठक उपनिदेशक हिंदी श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान के कर कमलों के द्वारा 10:30 बजे किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में एसपी अग्रवाल कुलपति साईनाथ विश्वविद्यालय एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में नीरा बथवाल राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन मौजूद रहेंगी ।मेले का समय सुबह 10:30 बजे से शाम 7:00 बजे तक रहेगा ।प्रवेश शुल्क 10 है ।मेले के दूसरे दिन महिलाओं के द्वारा सावन सिंघारा का भव्य आयोजन किया जाएगा ।अग्रवाल सभा द्वारा मेले के समापन में बेस्ट स्टॉल को भी पुरस्कार दिया जाएगा ।

प्रेस वार्ता में नंदकिशोर पाटोदिया, प्रमोद अग्रवाल ,मनोज चौधरी ,अजय डीडवानिया, विजय खेवाल, अनिल अग्रवाल, संजय सराफ ,अनू पोद्दार,अनुसूईया नेवटिया, रीना सुरेखा मंजू केडिया, नैना मोर ,उर्मिला पाडीया बीना बूबना, बीना मोदी बबीता नर्सरिया, रीता केडिया,जया विजवात, सीमा टाटिया ,रेणु छपारिया ,मधु सराफ, सुधा अग्रवाल, प्रीति पोद्दार, गीता डालमिया ,लक्ष्मी पाटोदिया, विद्या अग्रवाल, संगीता अग्रवाल समेत कई लोग मौजूद थे

## रांची में ट्रेन से कटकर एक की मौत



**रांची :** रांची के टाटीसिलवे थाना क्षेत्र के आरा गेट के पास ट्रेन से कटकर मंगलवार को एक व्यक्ति की मौत हो गई। उसकी शिनाख्त नहीं हुई है। थाना प्रभारी महेंद्र करमाली ने बताया कि 45 वर्ष के एक व्यक्ति का शव मिला है। ट्रेन से कटने से व्यक्ति की मौत हुई है। आसपास के लोगों से पहचान कराने पर किसी ने भी शव की शिनाख्त नहीं की। उसे पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

## एआईएमआईएम नेता अशोक ने थामा भाजपा का दामन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा प्रदेश कार्यालय में एआईएमआईएम के नेता और गोड्डा के समाजसेवी अशोक कुमार सिंह ने मंगलवार को समर्थकों संग भाजपा की सदस्यता ली।

महगामा से दो बार (बसपा और जेवीएम) विधानसभा चुनाव लड़ चुके अशोक सिंह ने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्य, नीति, सिद्धान्त और राष्ट्रवाद से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुए हैं। मोदी को देश का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की खातिर पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी, उसे वे तन मन धन से पूरा करेंगे।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने सभी का पार्टी में स्वागत करते कहा कि शिव आराधना के दिन आप सभी एक संकल्प लेकर आये हैं। भोलेनाथ आप सबको ऊर्जा दे, ताकि आप देश में नरेन्द्र मोदी की सरकार को फिर से बनाने में अपनी महती भूमिका को निभा सकें। उन्होंने कहा कि आप सभी को आज से ही क्षेत्र के सभी घरों के दरवाजे को खटखटाना है। मोदी की नौ साल की उपलब्धियों को जन जन को बताना है। प्रधानमंत्री ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत और विकसित भारत का जो सपना देखा है उसे पूरा करना हम सब का दायित्व है।



दीपक प्रकाश ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है। गरीबों को घर बनाने के लिए बालू नहीं मिल रहा है। सरकारी संरक्षण में दलालों ने साथ मिलकर शराब घोटाला किया। देश में प्रति व्यक्ति आय 01 लाख 97 हजार है जबकि झारखंड में प्रति व्यक्ति आय 85 हजार रुपये है। झारखंड की बेरोजगारी दर पूरे देश में सबसे ज्यादा 14.73 प्रतिशत है। आवास योजना के अंतर्गत झारखंड में लक्ष्य पूरा नहीं हुआ। यहां मात्र 43,400 घर बन पाए हैं। नल से जल योजना के तहत राज्य में 27 प्रतिशत घरों तक ही पहुंच पाया है।

## सीएम हेमंत सोरेन से मिले क्रिकेटर रॉबिन मिंज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) क्रिकेट की टीम- मुम्बई इंडियंस के लिए चयनित विकेटकीपर -सह-बल्लेबाज रॉबिन मिंज ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि मुंबई इंडियंस के द्वारा उन्हें यूनाइटेड किंगडम (यूके) में होने वाले अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण (अभ्यास) शिविर के लिए बुलावा आया है। यह शिविर अगस्त माह 2023 से शुरू होगा। मुख्यमंत्री ने मूल रूप से गुमला के रायडीह प्रखंड के एक छोटे से गांव सिलम पांदनटोली से आनेवाले प्रतिभावान क्रिकेटर रॉबिन मिंज को इस उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने उम्मीद जताई कि अपने बेहतर खेल से क्रिकेट की दुनिया में एक अलग मुकाम हासिल करेंगे और झारखंड एवं देश का नाम रौशन करेंगे। ज्ञात हो कि वर्तमान में राजधानी रांची के नामकुम, नया टोली में रह रहे रॉबिन मिंज झारखंड के पहले आदिवासी क्रिकेटर हैं, जिनका चयन आईपीएल क्रिकेट के लिए हुआ है।



इस मौके पर विधायक श्री राजेश कच्छप, रॉबिन मिंज के पिता श्री फ्रांसिस जेवियर मिंज, माता श्रीमती एलिस मिंज, क्रिकेट कोच श्री चंचल भट्टाचार्य, श्री एसपी गौतम और श्री आसिफ हक मौजूद थे।

**रॉबिन ने मुख्यमंत्री को बताया कि मुंबई इंडियंस के द्वारा उन्हें यूनाइटेड किंगडम (यूके) में होने वाले अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण (अभ्यास) शिविर के लिए बुलावा आया है। यह शिविर अगस्त माह 2023 से शुरू होगा।**

## निलंबित इंजीनियर वीरेंद्र राम के तीन सहयोगियों को भेजा गया जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** ईडी ने निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के तीन सहयोगियों नीरज मित्तल, राम प्रकाश भाटिया और ताराचंद्र से आठ दिनों के पूछताछ के बाद मंगलवार को कोर्ट में प्रस्तुत किया। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने तीनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का आदेश दिया। रिमांड की अवधि पूरी होने पर इन तीनों की पेशी हुई।



उल्लेखनीय है कि पिछले महीने 26 जून को ईडी ने वीरेंद्र राम के तीन सहयोगियों नीरज मित्तल, राम प्रकाश भाटिया एवं ताराचंद को गिरफ्तार करने के बाद ईडी कोर्ट में पेश किया था।

# जिस घायल बच्चे को स्वस्थ बताया गया उसका पांव दो जगह पर फ्रैक्चर मिला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**डकरा :** सीसीएल एनके एरिया अंतर्गत भाड़े पर चलने वाली स्कूल बस का टायर फटने से सोमवार को घायल हुए एक छात्र को डकरा अस्पताल प्रबंधन ने स्वस्थ बताकर छुट्टी दे दिया था उसका पांव दो जगह क्रेक बताया गया है.छात्र सागर कुमार महतो के पिता मनोज कुमार महतो ने बताया कि अस्पताल से घर जाने के बाद बेटे को पैर में बहुत दर्द हो रहा था तब उसे खलारी के एक निजी चिकित्सालय में लेकर गए.डकरा अस्पताल में जो एक्सरे किया गया था उसे देखकर पैर में दो जगहों पर फ्रैक्चर बताया गया.श्रमिक नेता रतिया गंझू को जब इसकी जानकारी मिली तो वे बच्चे को लेकर पुनः डकरा अस्पताल पहुंचे और पूरी बात अस्पताल प्रमुख को बताई.बाद में बच्चे के पैर का प्लास्टर कर उसे अस्पताल में भर्ती कर दिया गया है.इस घटना को लेकर विभिन्न श्रमिक संगठन के प्रतिनिधियों ने प्रबंधन से पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है.घायल छात्र के दादा शितल महतो एनके एरिया के डकरा में कार्यरत थे और अपने समय के वरिष्ठ ट्रेड यूनियन नेता थे. बच्चों के हड्डी में कंप्लीट युनियन नहीं होता जिसके कारण गैप दिखता है.एक्सरे फिल्म को किसी भी आर्थोपेडिक सर्जन या रेडियोलॉजिस्ट से दिखाया जा सकता है.उक्त बातें डकरा अस्पताल प्रमुख डॉ बीडी चौधरी ने कही है.उन्होनें कहा कि किसी निजी चिकित्सालय के स्टॉफ से दिखाकर हंगामा करना उचित नहीं है. डकरा अस्पताल के वर्तमान प्रमुख डॉ बीडी चौधरी जुलाई महीने में ही सेवानिवृत्त हो जाएंगे.उनके जगह अगला इंचार्ज को लेकर अस्पताल इन दिनों राजनितिक अखाड़ा बना हुआ है.एक लॉबी डा.एक्का को प्रमुख बनाना चाहते हैं लेकिन वे प्रतिदिन सुबह रांची से आते हैं और शाम चार बजे के पहले लौट जाते हैं.दूसरी ओर अस्पताल की महिला चिकित्सक डा.प्रभा चौधरी स्वाभाविक प्रमुख बनने के दौड़ में शामिल हैं.प्रबंधन किसी तीसरे को यहां प्रमुख बनाना चाहती है लेकिन कोई भी चिकित्सक डकरा आने के लिए तैयार नहीं है.इस माहौल में यहां इलाज और व्यवस्था के बजाए राजनीति की चर्चा सबसे ज्यादा चल रहा है.

# भारी बारिश से टाना भगत कालोनी कल्याणपुर में गिरा ट्रांसफार्मर सेड व बाउंड्री

## बिजली का तार क्षतिग्रस्त, विद्युत आपूर्ति हुई बाधित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में हो रही जोरदार बारिश से कई जगहों पर नुकसान होने की सूचना आ रही है।मिली जानकारी के मुताबिक भारी बारिश से पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपूर स्थित टाना भगत कालोनी में लगे ट्रांसफार्मर शेड टुटकर ध्वस्त हो गया। वही ट्रांसफार्मर सेड और कॉलोनी की बाउंड्री भी गिरकर क्षतिग्रस्त हो गई। ट्रांसफार्मर का शेड गिरने से ट्रांसफार्मर सहित बिजली का तार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया,जिसके कारण कॉलोनी में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गई है।इस संबंध में स्थानीय टाना भगतो ने बताया कि मंगलवार की दोपहर हुई जोरदार बारिश के बाद कॉलोनी के अंदर लगे ट्रांसफार्मर का शेड अचानक गिरकर ध्वस्त हो गया।इसके अलावा कॉलोनी के बाउंड्री टूटकर गिर गई।इस हादसे में ट्रांसफार्मर सहित बिजली के तार क्षतिग्रस्त हो गया,जिसके बाद कॉलोनी के लोगों ने इसकी सूचना विद्युत विभाग के अधिकारियों को दी।वही टाना भगतो ने शेड बनाने वाले संवेदक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए स्थानीय प्रबंधन से इसकी जांच कराने की मांग की है। इधर गर्मी के इस मौसम में विद्युत आपूर्ति बाधित रहने से कॉलोनी के लोगों को काफी परेशानी हो रही है।कॉलोनी के लोगों ने स्थानीय प्रबंधन से जल्द इसकी मरम्मत कर विद्युत आपूर्ति बहाल करने की मांग की है।

## प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बाबूलाल मरांडी को दी बधाई

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह विधायक दल के नेता बाबुलाल मरांडी को भारतीय जनता पार्टी का झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा पिपरवार मंडल के कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है,साथ ही केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है।मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व ने बहुत ही अनुभवी एवं मेहनती जमीन से जुड़े हुए नेता को प्रदेश की जिम्मेवारी दी है।आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ पार्टी चुनाव जीतेगी।बधाई देने वाले में भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा,धनराज भोक्ता,संजय कुमार,राधा देवी,अरविंद कुमार सिंह,उदय शर्मा, आदित्य केशरी,रामलाल महतो,रीना देवी,किरण कुमारी,संगीता कुमारी,रीमा देवी सहित कई भाजपा कार्यकर्ताओं के नाम शामिल है।

## सावन के पहले दिन शिवालयों में उमड़े शिवभक्त

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में मंगलवार से सावन माह की शुरुआत हुई।भगवान शिव को प्रिय एवं हिन्दू धर्म में शुद्ध माने जाने वाले सावन महीने की शुरुआत के पहले दिन शिवालयों में देवो के देव महादेव शिव को जलाभिषेक करने हेतु शिवालयों में भक्तों की भीड़ देखी गई।क्षेत्र के बचरा चार नम्बर स्थित जय बाबा सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर,राय शिव मंदिर,राय बस्ती में नवनिर्मित बाबा केदारनाथ शिव मन्दिर,पुरनी राय झारखंडी मंदिर,बेंती, कल्याणपुर शिवालय के साथ आसपास के अन्य शिव मंदिरों में सुबह से ही शिव भक्त शिव को प्रिय बेलपत्र, धतुरा आदि के साथ जलाभिषेक करते देखे गए। निश्चित मानदेय को लेकर पंचायत स्वयं सेवक 8 जुलाई से करेंगे अनिश्चित कालिन आंदोलन

## 8 जुलाई से अनिश्चित कालीन आंदोलन

**राँची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पंचायत स्वंय सेवक संघ के आहवाह्न पर झारखंड राज्य के पंचायत स्वयं सेवक 8 जुलाई से अनिश्चित कालिन धरना प्रदर्शन में जाएंगे। पंचायत स्वयं सेवक कार्य के बदले निश्चित मानदेय, पंचायत स्वयं सेवक का नाम बदलकर पंचायत सहायक करने सहित अन्य मांगों को लेकर आंदोलन करेंगे। अपने मांग को लेकर स्वयं सेवक विधायक, मंत्री और मुख्यमंत्री से अपनी गुहार लगाते आये हैं। ज्ञात हो कि पिछले 20 फरवरी को पंचायत स्वयं सेवकों के आंदोलन सह प्रदर्शन के दौरान प्रशासन के लाठी चार्ज से कई स्वयं सेवक गंभीर रूप से घायल हो गये थे। वहीं पुलिस के द्वारा 30 के उपर नामदर्ज व 200 अज्ञात के उपर केस दर्ज किया गया था।

## सूची को सूचीबद्ध करने की मांग को लेकर दिल्ली जाने की घोषणा

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टोटेमिक कुरमी/कुड़मी (महतो) जनजाति को अनुसूचित जनजाति के सूची में सूचीबद्ध करने की मांग को लेकर कुरमी/कुड़मी (महतो) समन्वय समिति झारखंड, बंगाल एवं उड़ीसा के कोर कमिटी के सदस्य दिल्ली जाने की घोषणा की है। इस संबंध में संयोजक लालचन महतो जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 12 जुलाई को दिल्ली जाने कि घोषणा कर दिया है।दिल्ली प्रवास के क्रम में ,टोटेमिक कुरमी/कुड़मी (महतो) जनजाति को अनुसूचित जनजाति के सूची में सूचीबद्ध करने के लिए प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, जनजातीय मंत्री, सम्बंधित अन्य सभी मंत्रालयों के साथ साथ समाज के सभी लोकसभा सांसदों, राजसभा सांसदों को साक्ष्यों के साथ आवेदन दिया जाएगा।

## किसान संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के करांजी दोहर में सिंचाई व्यवस्था हेतु किसान संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे माननीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की पहुंची। मौक़े पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक मे विधायक एवं पूर्व मंत्री ने लोगो सम्बोधन करते हुए कहा कि किसानो को पानी की कमी के कारण बहुत समस्याओ का सामना करना पड़ता है, कभी कभी तो वर्षा नही होने से खेत बंजर पड़ा रहता है और किसानों को बहुत घाटा का सामना करना किसानो को पड़ता है। इस किसान संगोष्ठी योजना से इस मौजा के किसानो को सिंचाई व्यवस्था दिलाई जायेगी और इसके लिए दस जगह डीप बोरिंग कराया जायेगा। इसके माध्यम से किसानो को खेती कर के फसल उगाने मे पानी की समस्याओ का सामना नही करना पड़ेगा। अब किसान सालो भर खेती कर पायेंगे।

## ग्रामीणों ने जसपुरिया स्थल पर किया वृक्षारोपण

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मगंलवार को प्रखंड के जयडीहा पंचायत के बरतुआ में ग्रामीणों ने जसपुरीया स्थल पर सखुवा का पौधा लगाया। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे स्थान गांव के साथ झारखंड के धरोहर है। जिसकी रक्षा करना हम सभी ग्रामीणों का दायित्व है। उक्त स्थल पर कुछ दिनों पहले एक बड़े पेड़ था, जो बिना हवा के गिर गया था। पेड़ की कुछ हिस्सा अभी मौजूद हैं। जिसमें जसपुरीया देवता की पूजा की जाती है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान शंकर करमाली, गांव के पुजारी जीतू पाहन, राजकुमार पाहन, नितिश कुमार मुंडा, चंद्रशेखर चौधरी, जयडिहा पंचायत के पुर्व उपमुखिया नवीन मुंडा, गोविन्द बेदिया, विनोद महतो, खिलेशर महतो, एवं रमेश कुमार महतो उपस्थित थे।

## आम्रेश्वर धाम में दो माह तक चलने वाले श्रावणी मेला 2023 का किया गया विधिवत उद्घाटन

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त शशि रंजन द्वारा पवित्र सावन माह में अंगराबाड़ी में लगने वाले श्रावणी मेला 2023 का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा मुख्य मंदिर में भोले शंकर की विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना की गई। उपायुक्त ने सभी को पावन श्रावण मास की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि श्रावणी मेला में दूर दराज से श्रद्धालु आम्रेश्वर धाम पहुँचते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गयी है ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं हो। उन्होंने कहा कि परिसर में यात्री शेड, सीसीटीवी कैमरा एवं सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त कर लिया गया। साथ ही साफ-सफाई एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा कि

# कुलपति डॉ.अरुण कुमार सिन्हा से मिला एनएसयूआई का प्रतिनिधिमंडल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डा.अरुण कुमार सिन्हा से मिला एनएसयूआई का प्रतिनिधिमंडल और ज्ञापन सौपा । मुख्य रूप से रांची विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व उपाध्यक्ष मो. हुसैन अंसारी उपस्थित थे । रांची एनएसयूआई के का.अध्यक्ष अमन अहमद ने बताया कि सत्र 2023 त-क्ल की नामांकन प्रक्रिया विशुद्ध रूप से चांसलर पोर्टल जो पूर्व में नामांकन प्रक्रिया अपनाई गई थी उसी के तहत लिया जाए । जानकारी के आभाव के कारण लगभग 60ल से अधिक विद्यार्थीयो ने CUET का फॉर्म नही भर पाए है खासकर वैसे विद्यार्थी जो ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं । ऐसी स्थिति में सैकड़ों विद्यार्थी अपनी आगे की पढ़ाई से वांछित रह जाएंगे । जैसा कि आपको भी ज्ञात होगा CUET फॉर्म मार्च में ही अप्लाई करने के लिए प्रकाशित होगया था । असफल छात्र और वैसे विद्यार्थी जो फॉर्म अप्लाई नही कर पाए थे उनके लिए चांसलर पोर्टल खोला जाए । छात्रहित को मध्यनज़र रखते हुए चांसलर पोर्टल खोला जाए । प्रति कुलपति महोदय ने आश्वस्त किया कि आपलोगो की मांगे जायज हैं हमलोग cuet का रिजल्ट आने के बाद पोर्टल खोल देंगे मौके पर जिला महासचिव पवन कुमार, जिला सचिव आशिक अंसारी, मारवाड़ी कॉलेज अध्यक्ष तालिब हुसैन, डोरंडा कॉलेज अध्यक्ष साहिल सिद्दीकी आदि छात्र छात्राएं उपस्थित थे ।

## जलटंडा गांव में जंगल को बढ़ाने के लिए सखुआ बीज की रोपाई

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के ग्राम सभा जलटंडा के लोगों ने सर्वसहम्मती से निर्णय लेकर पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए मंगलवार को गांव के जंगल किनारे करीब एक एकड़ जमीन पर हल चलाकर सखुआ के बीज की रोपाई कि गयी है. ग्राम सभा जलटंडा के सदस्यों ने बताया कि पिछले दो साल पहले गांव के एक किसान? द्वारा करीब दस डिसमिल जमीन पर आदी का बीज लगाकर सखुआ के सुखे पत्ते से ढक दिया गया था. जिसमे पत्ते के साथ-साथ जंगल से सखुआ का बीज आ गया था. और किसान के खेत पर आदी का फसल के साथ सखुआ का पौधा भी काफी तेजी से बढ़ने गया. वर्तमान दो साल बाद आदी के खेत में निकाला दर्जनों सखुआ का पौधा अब पेड़ के रूप में बढ़ने लगा है और सभी पौधा 8 से 10 फिट का हो चुका है जिससे प्रेरित होकर मंगलवार को ग्राम सभा जलटंडा के सदस्यों ने सामुहिक रूप से जलटंडा गांव के जंगल से सटे करीब एक एकड़ जमीन पर जुताई करके सखुआ का बीज लगाया है.


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,सिमडेगा**

(सर्वसाधारण के लिए सूचना)



अज्ञात पुरूष शव (उम्र करीब–21 वर्ष), ओड़गा ओ0पी0 अन्तर्गत दिनांक–24.06.2023 को टोनिया रेलवे स्टेशन के नजदीक झण्ड़ा पहाड से एक अज्ञात महिला का शव बरामद गया है। जिसके संबंध में जलडेगा (ओड़गा ओ0पी0) थाना कांड़ सं0–28 / 23,दिनांक–24.06..2023, धारा–302 भा0द0वि दर्ज किया गया है, जिसकी पहचान अभी तक नहीं हो पायी है। अज्ञात महिला शव के पहचान हेतु हुलिया निम्नवत् है :–

**लिंग:–** स्त्री
**उम्र:–** उम्र लगभग 21 वर्ष
**रंग:–** गोरा
**ऊँचाई:–** लगभग 5 फीट।
**बाल:–** काला
**पहनावा:–** नीला रंग का शूट, भूरा रंग का प्लाजो, गोल्डेन रंग का सोनाटा घड़ी, काला रंग का चप्पल, लाल रंग का रूमाल तथा दो (02) पर्स।

अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अज्ञात महिला शव के बारे में पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाष नं0 पर अविलंब सूचित करेंगे।

पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा — मोबाइल नं0–9431116444
ओड़गा ओ0पी0, प्रभारी — मोबाइल नं0–9608015592
डी0सी0बी0 प्रभारी, सिमडेगा — मोबाइल नं0–8709697066

पुलिस अधीक्षक,
सिमडेगा

PR 301412 Police(23-24).D



**कार्यालय:- जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,हजारीबाग**

प्रखण्डवार बंदोबस्ती हेतु समय सारणी।
बंदोबस्ती वर्ष– 2023–24 से 2025–26 तक के लिए

| क्र0सं0 | प्रखण्ड का नाम | प्रथम तिथि | | द्वितीय तिथि | | तृतिय तिथि | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिथि | समय | तिथि | समय | तिथि | समय | अभ्युक्ति |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | दारू | 15.07.2023 | 11: AM | 1.08.2023 | 11: AM | 16.08.2023 | 11: AM | |
| 2 | पदमा | 15.07.2023 | 3:00 PM | 1.08.2023 | 3:00 PM | 16.08.2023 | 3:00 PM | |
| 3 | बरही | 17.07.2023 | 11:00 AM | 02.08.2023 | 11:00 AM | 17.08.2023 | 11:00 AM | |
| 4 | कटकमदाग | 17.07.2023 | 3:00 PM | 02.08.2023 | 3:00 PM | 17.08.2023 | 3:00 PM | |
| 5 | कटकमसांडी | 18.07.2023 | 11:00 AM | 03.08.2023 | 11:00 AM | 18.08.2023 | 11:00 AM | |
| 6 | टाटीझरिया | 18.07.2023 | 3:00 PM | 03.08.2023 | 3:00 PM | 18.08.2023 | 3:00 PM | |
| 7 | बडकागॉव | 19.07.2023 | 11:00 AM | 04.08.2023 | 11:00 AM | 19.08.2023 | 11:00 AM | |
| 8 | विष्णुगढ | 19.07.2023 | 3:00 PM | 04.08.2023 | 3:00 PM | 19.08.2023 | 3:00 PM | |
| 9 | सदर | 20.07.2023 | 11:00 AM | 05.08.2023 | 11:00 AM | 21.08.2023 | 11:00 AM | |
| 10 | बरकट्ठा | 20.07.2023 | 3:00 PM | 05.08.2023 | 3:00 PM | 21.08.2023 | 3:00 PM | |
| 11 | चुरचू | 21.07.2023 | 11:00 AM | 07.08.2023 | 11:00 AM | 22.08.2023 | 11:00 AM | |
| 12 | करेडारी | 21.07.2023 | 3:00 PM | 07.08.2023 | 3:00 PM | 22.08.2023 | 3:00 PM | |
| 13 | चौपारण | 22.07.2023 | 11:00 AM | 08.08.2023 | 11:00 AM | 23.08.2023 | 11:00 AM | |
| 14 | चलकुशा | 22.07.2023 | 3:00 PM | 08.08.2023 | 3:00 PM | 23.08.2023 | 3:00 PM | |
| 15 | ईचाक | 24.07.2023 | 11:00 AM | 10.08.2023 | 11:00 AM | 24.08.2023 | 11:00 AM | |

नोट :–
1. यदि संबंधित प्रखण्ड की मत्स्यजीवी सहयोग समिति डाक की तिथि तक भी विभाग की परिपत्र 114 दिनांक 18.01.1992 के अनुसार नियमतः सक्षम हो जाती है और कार्यालय में बंदोबस्ती हेतु सारे कागजात जमा कर बंदोबस्ती लेना चाहती है तो जलकरों की बंदोबस्ती उनके साथ सुरक्षित जमा पर की जायेगी।
2. जलकर की बंदोबस्ती में शामिल होने हेतु पहचान पत्र लाना आवश्यक होगा।
3. माह सितम्बर, 2023 से वित्तीय वर्ष 2023–24 के समाप्ति तक प्रत्येक बुधवार कार्यदिवस को शेष बचे अबंदोबस्त जलकरों की बंदोबस्ती खुले डाक से नियमानुसार की जायेगी।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,हजारीबाग

PR 301406 Fish(23-24).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा**
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं० 822114
Email :- eedwsd.garhwa1@gmail.com

ई–प्रोक्योरमेंट अतिअल्पकालीन निविदा सूचना (2nd Call)
निविदा सूचना संख्या–DWSD/GAR/RRP/05/2023-24 दिनांक–03-07-2023

कार्य का नाम :– गढ़वा जिला अन्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों में 32mm व्यास के I.M-II हैण्ड पम्प के क्षतिग्रस्त राईजर पाईप, सी0आई0 सिलिन्डर एवं कनेक्टिंग रॉड इत्यादि को टर्न–की के आधार पर सम्परिवर्तित कर नलकूप को चालू करने का कार्य (वित्तीय वर्ष 2023–24) :–

| क0 सं0 | प्रमंडल का नाम | ग्रुप नम्बर | नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा | GAR/RRP-02 | 100 Nos. | 14,56,232.00 | 29,500.00 | 2,500.00 | 01 (एक माह) |

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 06 / 07 / 2023 को 12:30 बजे अपराह्न तक।
2. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 12 / 07 / 2023 को 5:00 बजे अपराह्न तक।
3. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी) जमा करने का स्थान / तिथि एवं समय :– 13 / 07 / 2023 को 10:30 पूर्वाह्न से 5:00 बजे अपराहन तक :–
(1) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।
(2) अधीक्षण अभियंता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, मेदिनीगनर।
4. निविदा खोलने की सम्भावित तिथि एवं समय :– 14 / 07 / 2023 को 05:00 बजे अपराह्न।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता:– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।
6. निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता:–कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।
7. प्रोक्योरमेंट कार्यालय का सम्पर्क न0. :– 9973003856
8. ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन न0. :– 0651–2490920

नोट –(1) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय होगा।
(2) विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय के सूचना पट्ट एवं वेबसाईट न0- http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा।

PR.NO.301373 Drinking Water and Sanitation(23-24):D



**Govt. of Jharkhand**
**Agriculture, Animal Husbandry & Co-operative Department**
**(Co-operative Division)**
**SIDHO-KANHO AGRICULTURE & FOREST PRODUCE STATE CO-OPERATIVE FEDERATION LTD.**
**SAMETI BHAWAN, KANKE ROAD, RANCHI, JHARKHAND**
**Regd. No. - 02/HQ/2021 Dated& 18-11-2021**
**Email id: sidhokanhofed@gmail.com, Phone: -0651-2913012**

Ref. No.:89 Date:03.07.2023

**Short Tender for hiring of Vehicles on Monthly Rate Contract Basis**

Sidho - Kanho Agriculture and Forest Produce State Co-operative Federation Ltd. (SIDHKOFED), Ranchi invites tender from the reputed vehicle rental service providers (firms/ agencies/ individuals) for providing chauffer Maruti Suzuki Ertiga / Tata Indigo / Tata Zest /MarutiDezire similar or upgraded version vehicle for official use for a period of one year, which may be extended till next tender depending upon the service performance of the service provider.
The interested ones will have to submit non-refundable tender fees of ₹ 1,000.00 (Rupees One Thousand) only in the form of DD in favour of **Sidho - Kanho Agriculture and Forest Produce State Co-operative Federation Ltd.**, Ranchi, payable at any Bank in Ranchi, Jharkhand.

**Time Schedule:**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Date of publication of Bid | 05.07.2023 |
| 2 | Pre-bid meeting | 13.07.2023 at 11:30 am |
| 3 | Last date of submission of Technical & Financial Bid | 20.07.2023 by 4:00 pm |
| 4 | Opening of Technical Bid & Financial Bid | 21.07.2023 at 11:30 am |

Detailed tender document, terms and conditions may be collected from the transit office at JASCOLAMPF, Purulia Road, Ranchi during office hours in between 11:00 hrs to 17:00 hrs on any working day.
Visit for download: http://sidhkofed.com

Sd/-
Chief Executive Officer

PR 301347 Co-opretive(23-24).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा**
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं० 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– DWSD/GAR-08 / 2023–24

दिनांक– 03.07.2023

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रांची
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा
3. परिमाण विपत्र (BOQ) प्राप्ति की तिथि :– 08.07.2023 को 12.30 बजे अपराह्न से
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 14.07.2023 को 03-30 बजे अपराह्न तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 14.07.2023 को 04.30 बजे अपराह्न में
6. परिमाण विपत्र (BOQ) प्राप्ति का स्थान :– विभागीय वेबसाइट dwsd.jharkhand.gov.in/Office of the Executive Engineer D.W.&S. Division, Garhwa से प्राप्त किया जाना है।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। (2) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, मेदिनीनगर।
8. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।
9. कार्य का विवरण :–

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of 200x150 mm dia & 125 mtr. Depth HYDT, Supplying and installation of 1.5 HP Motor pump, Cosnt. Of 2000 Ltr. Capacity Water storage tan k, Const. Soakpit with drain, Pyauan and Hand wash unit etc. work **at Surat Pandey Degree Collage, Garhwa** under D.W.& S. Division, Garhwa for the year 2023-24 | 4,28,975/- | 9,000/- | 750/- | 02 Month |

नोट– (i) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय होगा।
(ii) निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय बेवसाईट dwsd.jharkhand.gov.in तथा कार्यालय के सूचना पटट से प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा

PR 301374 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D

# झारखंड बंद का ग्रामीण क्षेत्रो में दिखा असर, शहरी क्षेत्रों में इसका कोई प्रभाव नहीं

## गम्हरिया- कांड्रा मुख्य मार्ग को किया जाम, लोग दिखे परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** आदिवासी सुरक्षा परिषद के आह्वान पर चार सूत्री मांगों को लेकर आहूत झारखंड बंद का ग्रामीण क्षेत्रो में असर रहा जबकि शहरी क्षेत्रों में इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा। इस दौरान संथाली भाषा समर्थकों ने पारम्परिक हथियारों के साथ मंगलवार की सुबह गम्हरिया के उषा मोड़ और कांड्रा टॉल प्लाजा मोड़ के समीप पर प्रदर्शन कर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। इस जाम के कारण सड़क के दोनों ओर करीब दो किलोमीटर तक छोटी-बड़ी वाहनों की कतारें लग गई जिससे आम राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। कांड्रा मोड़ पर प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे मांझी बाबा बुधु किस्कू ने कहा कि जबतक सरकार इस संवैधानिक मांगों को पूरा करने की दिशा में विचार नहीं करती है तबतक उनका आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर गणेश टुडू, होपना बेसरा, शम्भू टुडू, त्रिभुवन बेसरा, राजेश मांझी, रीना मुर्मू, संगीता किस्कू, गंगाधर टुडू समेत काफी संख्या में समर्थक मौजूद थे।

## बंद का पटमदा में व्यापक असर, 9 घंटे जाम रहा टाटा-पटमदा मुख्य सड़क



**पटमदा :** मंगलवार को ओलचिकी हूल बैसी के झारखंड बंद कार्यक्रम का व्यापक असर पटमदा क्षेत्र में देखने को मिला। पटमदा मुख्य सड़क को सुबह 6 बजे से ही पारंपरिक हथियार के साथ पहुंचे संताल समुदाय के लोगों ने जाम कर दिया था। लगातार 9 घंटे तक जाम रखने के बाद दोपहर करीब साढ़े तीन बजे तक खोल दिया गया जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। इस दौरान बाराती वाहन, स्कूली बच्चों एवं एम्बुलेंस को पार होने दिया जा रहा था जबकि अन्य व्यावसायिक व निजी वाहनों पर सवार होकर इलाज कराने के लिए जमशेदपुर जा रहे लोगों को घंटों रोक दिया गया। काफी अनुनय विनय के बाद कुछ लोगों को छोड़ा जा रहा था। भीड़ बढ़ने के बाद आंदोलनकारियों ने सुबह 9 बजे के बाद टाटा-पटमदा मुख्य सड़क समेत सभी बाईपास सड़कों को पूरी तरह बंद रखा और बाइक व साइकिल पर भी रोक लगा दी गई। मुख्य सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जामस्थल पर पहुंचे पटमदा के अंचलाधिकारी चंद्रशेखर तिवारी, पटमदा के प्रभारी सर्किल इंस्पेक्टर मोहन कुमार, पटमदा के थाना प्रभारी रणजीत कुमार सिंह ने आंदोलनकारियों से वार्ता करते हुए कई बार जाम हटवाने का प्रयास किया लेकिन लोग मानने को तैयार नहीं थे। बंद के दौरान पुलिस अधिकारी शांति व्यवस्था बनाये रखने में सक्रिय दिखे। इससे खासकर लंबी दूरी के यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बंद कार्यक्रम में मुख्य रूप से कमेटी के अध्यक्ष जीतू लाल मुर्मू, सचिव दिवाकर टुडू, जिला पार्षद प्रदीप बेसरा, मुखिया कानुराम बेसरा, चंद्रशेखर टुडू, छुटुलाल हांसदा, लंबोदर टुडू, समेत दर्जनों लोगों ने नेतृत्व दिया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ नाचते-गाते नजर आये। उधर हरिहर टुडू के नेतृत्व में काटिन बाजार एवं जलन मांडी के नेतृत्व में बोड़ाम बाजार में सड़क जाम किया गया। जबकि बेलटांड़, पटमदा, काटिन व बोड़ाम बाजार की अधिकांश दुकानें स्वतः ही बंद रही।

## सरायकेला में झारखंड बंद का मिला जुला रहा असर



**सरायकेला :** ओलचिकी हूल बैसी द्वारा अपने चार सूत्री मांगों के आह्वान पर आहुत झारखण्ड बंद का सरायकेला जिला मुख्यालय में मिला जुला असर रहा। बाजार एवं अन्य प्रतिष्ठान सामान्य दिनों की तरह खुले रहे। परगना बाबा फकीर मोहन टुडू के नेतृत्व में पारंपरिक हथियारों एवं वाद्य यंत्रों से लैस बंद समर्थक सरायकेला बिरसा चौक में मुख्य सड़क जाम कर दिया। बंद के दौरान आवश्यक सेवा के वाहन, स्कूली वाहन को आवागमन करने दिया गया। लंबी दूरी की यात्री वाहन को भी परेशान नहीं किया गया। अन्य वाहने लंबी कतार में खड़ी नजर आई।

## बंद समर्थकों ने टाटा-रांची मुख्य मार्ग किया जाम



**चांडिल :** झारखंड बंद को लेकर चांडिल गोलचक्कर एनएच-33 पर बंद असरदार रहा. बंद समर्थकों ने टाटा रांची मुख्य मार्ग को जाम कर दिया, जिसकी वजह से मार्ग पर यातायात ठप हो गया. चांडिल गोल चक्कर पर गाड़ियों की लंबी कतार देखने को मिली.इस दौरान ओल चिकी हूल बैसी सरायकेला जिलाध्यक्ष डॉ अर्जुन टुडू, छात्र संगठन सुदामा हेंब्रम, गोपाल मार्डी, गोपाल टुडू, अनिमा टुडू, लखन मुर्मू, लखन मुर्मू, दिनेश सोरेन, सुजन किस्कू, रतन मार्डी, नरेंद्र हांसदा, सुमित टुडू, फागुन मार्डी, सुमित मार्डी, मंगल हांसदा समेत अन्य महिला-पुरुष मौजूद थे।

### साकची बाजार शिव मंदिर में सहस्त्रघट जलाभिषेक पूजा 11 जुलाई को

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** साकची बाजार स्थित श्री श्री साकची शिव मंदिर में लगातार दूसरी साल आगामी 11 जुलाई मंगलवार को सावन माह के शुभ अवसर पर सुलतानगंज से आये हुए गंगाजल से भोले बाबा का सहस्त्रघट जलाभिषेक पूजा की जायेगी। इसका आयोजन शिव मंदिर कमिटी के लालचंद अग्रवाल एंव बबलु अग्रवाल द्वारा अपने पिता (स्व. विनोद कुमार अग्रवाल) की याद में किया जा रहा हैं। मंगलवार सुबह 10 बजे से शिव पूजन तथा दोपहर 12.30 बजे से सुलतानगंज से टैंकर में आये हुए गंगाजल से भोले बाबा का सहस्त्रघट जलाभिषेक किया जायेगा। संध्या 5 बजे से भोले बाबा का विशेष श्रृंगार एवं महाआरती होगी।

### कान्हु राम ने लिया उप जिला निर्वाचन पदाधिकारी का पदभार



**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कान्हु राम नाग ने मंगलवार को सरायकेला खरसावां जिले के उप निर्वाचन पदाधिकारी का पदभार लिया। उन्होंने मंगलवार को जिले में योगदान देते हुए उपायुक्त अरवा राजकमल से मिले और उन्होंने अपना पदभार ग्रहण किया। जिले के निवर्तमान उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह का पूर्वी सिंहभूम में स्थानांतरण हुआ है और उन्होंने जिले से विरमित होते हुए पूर्वी सिंहभूम में योगदान दे दिया है। कालूराम नाग इससे पूर्व पूर्वी सिंहभूम जिले में जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी के पद पर कार्यरत थे।

### भारत की सड़कों पर अपना जलवा दिखाने आ गई है सबसे दमदार किआ सेल्टोस




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत की मशहूर प्रीमियम कार निर्माता किआ ने अपनी लेटेस्ट इनोवेशन, न्यू सेल्टोस के बहुप्रतीक्षित लॉन्च के साथ प्रीमियम आरवी सेगमेंट का विस्तार करने की पूरी तैयारी कर ली है । नए जमाने के कस्टमर्स के लिए डिज़ाइन की गई, न्यू सेल्टोस एक पावर-पैक, स्मार्ट और सेफ ड्राइविंग अनुभव देती है और इसका एक्सटीरियर और इंटीरियर लाजवाब और बेमिसाल है। किआ कॉर्पोरेशन के लिए सेल्टोस सबसे बड़े ब्रांडों में से एक है। दुनिया में बिकने वाली प्रत्येक 10 किआ कारों में से 1 नाम सेल्टोस का है। किआ इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ ताए-जिन पार्क ने कहा, सेल्टोस के साथ हमने भारत में कदम रखा था, और तब से, किआ इंडिया और सेल्टोस की जर्नी लगभग एक जैसी रही है।

### सात बच्चों को एक वर्ष की शिक्षा प्रदान कराने की मायुमं ने ली जिम्मेदारी




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सामाजिक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध अग्रणी युवा संगठन मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा द्वारा अपने तीसरा स्थापना दिवस के अवसर पर जरूरतमंद सात योग्य बच्चों को एक वर्ष की शिक्षा प्रदान करने का संकल्प लिया गया। इन बच्चों को उनकी शैक्षिक यात्रा में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक शैक्षणिक सहायता और संसाधन मंच द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा। शाखा अध्यक्ष रवि कुमार गुप्ता के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। बिस्टुपुर स्थित सिंहभूम चेम्बर ऑफ कॉमर्स भवन में चाइल्ड एजुकेशन एडॉप्शन ड्राइव आयोजित कार्यक्रम में शहर के तीन प्रसिद्ध इंग्लिश मीडियम स्कूल क्रमशः एआईडब्ल्यूसी अकादमी ऑफ़ एक्सीलेंस बारीडीह, केरला समाजम मॉडल स्कूल गोलमुरी और राजेंद्र विद्यालय साकची के सम्मानित प्रतिनिधि शामिल रहे। इस अवसर पर अतिथि के रूप में मायुमं के प्रांतीय अध्यक्ष अरुण गुप्ता, प्रांतीय महासचिव सार्थक अग्रवाल, प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुगम सरायवाला, सिंहभूम चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका मौजूद थे।

### गुरू पूर्णिमा के उपलक्ष्य में ध्वज पूजन

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के माउंट एकेडमी मिलनचौक में मंगलवार को गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में राष्टीय स्वयं सेवक संघ की ओर से भागुआ ध्वज के समक्ष गुरु पूजन किया गया। संघ प्रचारक निर्मल भाई श्री ने भागुआ ध्वज लगाकर गुरु पुजन किया। बच्चों को भारत माता के संबंध में जानकारी दिया गया। निर्मल भाई श्री ने बच्चों को आदर्शता का प्रेरणा देते हुए पढ़ाई के साथ देश भक्त और अच्छे व आदर्श इंसान बनने का पाठ पढ़ाया। वहीं माउंट एकेडमी के कोडीनेटर बिपीन बिहारी गोप ने गुरु शिष्य परम्परा के बारे में बच्चों को बताया। मौके पर हरेकृष्ण गोप आदि शिक्षक व अभिभावक उपस्थित थे।

### आज से अंचलों में लगेगा कैंप, बनेगा जाति समेत आवासीय व आय प्रमाण पत्र

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार पूर्वी सिंहभूम जिलान्तर्गत झारसेवा परियोजना अन्तर्गत जाति/आवासीय एवं आय प्रमाण पत्र बनाने हेतु शिविर (कैम्प) का आयोजन 05 जुलाई से 28 जुलाई तक किया जा रहा है। उपायुक्त द्वारा जनसाधारण से अपील की गई है कि लोग शिविर में आकर अपना जाति/आवासीय/ आय प्रमाण पत्र जरूर बनाएं । इसके तहत जमशेदपुर- 05.07.2023, मानगो- 08.07.2023, पटमदा- 11.07.2023, बोड़ाम- 13.07.2023, पोटका- 15.07.2023, घाटशिला- 17.07.2023, गुड़ाबान्दा- 19.07.2023, मुसाबनी- 21.07.2023, धालभूमगढ़- 24.07.2023, डुमरिया- 26.07.2023, चाकुलिया- 28.07.2023 और बहरागोड़ा- 28.07.2023 को शिविर लगेगा।

## आधारभूत संरचना निर्माण में गुणवत्ता से समझौता नहीं हो : एडीसी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम के निर्देशानुसार समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में आहूत बैठक में उप विकास आयुक्त मनीष कुमार द्वारा तकनीकी विभागों के कार्यो की गहन समीक्षा की गई । बैठक में डीएमएफटी तथा विभिन्न विभागों द्वारा स्वीकृत आधारभूत संरचना एवं निर्माण से संबंधित परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि योजना समय पर पूर्ण हो एवं गुणवत्तापूर्ण रहे इसके लिए सहायक अभियंता, कनीय अभियंता स्कीम के साइट पर विजिट कर गुणवत्ता सुनिश्चित कराएं, कार्यपालक अभियंता लगातार मॉनिटरिंग करें। उन्होने कहा कि लोक कल्याण से संबंधी योजनाओं में गुणवत्ता से समझौता नहीं हो इसे सभी विभागीय पदाधिकारी सुनिश्चित करेंगे। बैठक में भवन निगम, सड़क निर्माण, स्पेशल डिविजन, ग्रामीण कार्य विभाग, भवन निर्माण, लघु सिंचाई, पेयजल एवं स्वच्छता विभागीय योजनाओं में प्रगति पर चर्चा की गई। साथ ही नगर निकायों में क्रियान्वित नागरिक सुविधा व शहरी परिवहन के योजानाओं में प्रगति की जानकारी ली गई। उप विकास आयुक्त ने कहा कि योजनायें ससमय पूर्ण हो। उप विकास आयुक्त द्वारा बारिश के मौसम को देखते हुए विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता को बिजली के पोल दुरूस्त रखने, तेज हवा या आंधी में खेत में पोल गिरने पर या पेड़ की टहनी से विद्युत के तार छू रहे हों तो इसपर निगरानी रखने का निर्देश देते हुए तत्काल उचित कदम उठाने का निदेश दिया गया। वहीं पेयजल संबंधी समस्याओं का भी तत्काल संज्ञान लेते हुए निराकरण करने की बात कही गई। बैठक में डीपीओ श्री अरूण द्विवेदी, आर.सी.डी के कार्यपालक अभियंता श्री दीपक सहाय, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता श्री जेसन होरा, अभय टोप्पो, कार्यपालक अभियंता श्री आर के मुरारी, एनएचएआई के प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता मौजूद रहे।

## पहली जुलाई से चल रही है त्रैमासिक विशेष मध्यस्थता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** झालसा, रांची के निर्देशानुसार पहली जुलाई 2023 से 30 सितंबर 2023 तक व्यवहार न्यायालय सरायकेला में विशेष मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत मध्यस्थता के कई मामले मध्यस्थता केंद्र भेज कर उनके सुलह के पूर्ण प्रयास किये जा रहे हैं। इस त्रैमासिक विशेष मध्यस्थता अभियान में भरण पोषण, अंतरिम भरण पोषण मामलों, धारा 160 एम वी एक्ट के तहत अंतरिम राहत मामलों, सड़क दुर्घटना दावा, चेक बाउंस, आपराधिक लघु अधिनियम के तहत उपयुक्त मामले, 498 ए आईपीसी के मामले, बिजली अधिनियम, उत्पाद शुल्क अधिनियम, फैक्ट्री अधिनियम, वजन और माप तौल अधिनियम, खान और खनिज अधिनियम, वन अधिनियम, रेलवे अधिनियम सहित अन्य उपयुक्त मामलों का निपटारा किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला के सचिव कुमार क्रान्ति प्रसाद ने आम जनों से मध्यस्थता का लाभ लेने की अपील की है।

## जलियांवाला बाग सप्ताह 3 दिन व जम्मतवी 4 दिन चलाने का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जलियांवाला बाग एक्सप्रेस को सप्ताह में 2 दिन के बजाय 3 दिन चलाने एवं जम्मू तवी एक्सप्रेस को 3 दिन की जगह 4 दिन चलाने का प्रस्ताव दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक द्वारा रेलवे बोर्ड को भेजे जाने पर सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के 31 सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल कार्यवाहक प्रधान कुलदीप सिंह बुगे एवं चेयरमैन सरदार शैलेंद्र सिंह के नेतृत्व में टाटानगर रेलवे स्टेशन के स्टेशन मैनेजर रघुवंश कुमार को जाकर मिला एवं उन्हें ज्ञापन देकर मंडल रेल प्रबंधक की अनुशंसा पर दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा रेलवे बोर्ड को भेजे गए प्रस्ताव पर रेल प्रशासन को धन्यवाद किया। वही इन दोनों ट्रेनों को टाटानगर रेलवे स्टेशन से रोजाना चालू कराने की मांग की गई। स्टेशन मैनेजर रघुवंश कुमार ने बताया कि जलियांवाला बाग एक्सप्रेस में स्थाई रूप से 21 डिब्बे थे उसमें एक डिब्बा स्थाई रूप से बढ़ा दिया गया है इसके अलावा पूर्व में जम्मूतवी एक्सप्रेस में केवल 7 कोच लगते थे, लेकिन अब जम्मूतवी एक्सप्रेस में टाटानगर रेलवे स्टेशन से 21 कोच लगते हैं जो अमृतसर रेलवे स्टेशन तक जाते हैं। वहीं सेंट्रल कमेटी के चेयरमैन सरदार शैलेंद्र सिंह ने आशा व्यक्त की है कि अगले महीने से इन दोनों ट्रेनों के फेरे बढ़ जाएंगे। इससे लोगों को थोड़ी राहत मिलेगी उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक यह दोनों ट्रेनें टाटानगर से रोजाना नहीं कर दी जाती हैं तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

## आदिवासी कुड़मी समाज ने चलाया पौधा रोपण अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** आदिवासी कुड़मी समाज केंद्रीय समिति द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम गाछ रोपा होमदुमि - 3 (25 जून 23 से 16 जुलाई 23) के तहत आज कुड़मी को लाया छुटु सिंह पातर के उपस्थिति में सरायकेला खरसावॉ जिला के कुकड़ु प्रखंड अंतर्गत जानुम गाँव के गड़ाम थान में साल (सखुआ/सारइ) एवं महुल (महुआ) के पौधे लगाए गए। मौके पर उपस्थित आकुस सरायकेला खरसावॉ जिला सदस्य पंचानन महतो ने बताया कि पेड़ पौधों के महत्व को बताते हुए एवं उसका हमारे संस्कृति व परंपरा से जुड़ाव की जानकारी देते हुए समाज के सभी लोगों से अपने अपने क्षेत्र में अपने अपने स्तर से इस महत्वपूर्ण अभियान को सफल बनाने की अपील की। इस अवसर पर मुख्य रूप से कुकड्डु प्रखण्ड अध्यक्ष डॉ बिभीषण महतो बंसरिआर, गाजी महतो महतो, करम चॉद महतो हॉस्तुआर, समीर महतो पुनरिआर, रबी महतो सांखुआर गंगाधर महतो ।

## दूसरों को हर पल मदद करने वाली रानी गुप्ता खुद हो रही प्रताड़ित, उपायुक्त से की न्याय की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** दूसरों को हर पल मदद करने वाली समाजसेविका सृष्टि महिला विकास सहयोग समिति लिमिटेड झारखंड जमशेदपुर की अध्यक्षा के अलावा केंद्रीय शांति समिति की सदस्य शांति समिति सिदगोड़ा की सदस्य और कई समाजसेवी संगठनों से जुड़ी रानी गुप्ता खुद प्रताड़ित है। उन्होंने जुस्को महाप्रबंधक धनंजय मिश्रा द्वारा कथित रूप से कार्यालय खाली कराने का दबाव डालने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। इस आशय की शिकायत उन्होंने जिला उपायुक्त से भी लिखित रूप से की है। रानी गुप्ता का कहना है कि श्रीवास्तव कोचिंग सेंटर के पास



बारीडीह के2/5 में वह रहती है और वहीं से समाज सेवा का कार्य को अंजाम देती है। पिछले तकरीबन 8 वर्षो से वह शांतिपूर्वक अपना कार्य कर रही थीं। इसी दौरान किसी के बहकावे में और दबाव में कथित रूप से जुस्को महाप्रबंधक कैप्टन धनंजय मिश्रा असामाजिक तत्वों को डराने और धमकाने के लिए भेजते हैं। उनके क्वार्टर की पानी और बिजली बिना सूचना के काट दी जाती है। आसपास के असामाजिक तत्वों के द्वारा मुझे अपने ही कार्यालय में सुचारू रूप से काम करने में बाधा पहुंचाया जा रहा है। इन लोगों के द्वारा अक्सर मानसिक रूप से प्रताड़ित और अभद्र व्यवहार की जा रही है। उनका आरोप है कि यह सब कैप्टन धनंजय मिश्रा और उनके सिक्योरिटी के द्वारा ही किया जा रहा है। उन्होंने जिला उपायुक्त से निवेदन किया है कि इस संकट की स्थिति से उन्हें मुक्त कराने की कृपा की जाए और भविष्य में कैप्टन मिश्रा एवं के सिक्योरिटी से मेरे कार्यालय का पानी और बिजली कनेक्शन ना काटने का आदेश दिया जाए। रानी गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2018 में उन्होंने केयरटेकर से रु100000 एडवांस और प्रति महीना रु5000 किराया देने की शर्त पर क्वार्टर लिया था। कुछ वर्षो तक सब ठीक-ठाक चला इस बीच केयर टेकर का आदमी केतन प्रतिमाह रु5000 किराया ले जाता था लेकिन रसीद नहीं देता था। लेकिन 2019 में केयरटेकर हट गया तो उससे बातचीत करने पर उसने कहा कि क्वार्टर खाली नहीं करना होगा। जुस्को महाप्रबंधक कैप्टन धनंजय मिश्रा से बोलकर क्वार्टर एलॉट करा देंगे। बाद में पता चला कि केयरटेकर ने धोखा देकर उससे पैसा ऐंठ लिया है।

## कुचाई बीआरसी में हुई शिक्षकों की मासिक गुरु गोष्टी, दी गई कई दिशा निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई के प्रखंड संसाधन केंद्र में मंगलवार को प्रभारी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी संजय कुमार जोशी के अध्यक्षता पर सरकारी एवं गैर सरकारी शिक्षक व शिक्षिकाओं का एक मासिक गुरु गोष्टी आयोजित की गई। जिसकी विधिवत शुभारंभ बीईईओ संजय कुमार जोशी एवं बीपीओ नाथो महतो ने किया बैठक में बीईईओ श्री जोशी ने प्रखंड के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि एसए1 और एसए2 का पत्रांक को एक्सेल शीट में दर्ज करते हुए, ईआरआर में अपलोड करना सुनिश्चित करें। स्कूल रूआर-2023 के साथ छात्रों का जाति प्रमाण पत्र निर्गत कर जमा करना सुनिश्चित करें। साथ ही सावित्रीबाई फुले की सूची एवं आवेदन बीआरसी में जमा करना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य रूप से बीईईओ संजय कुमार जोशी बीपीओ नाथो महतो प्रखंड समन्वयक सुभाष महतो फिजियोथैरेपिस्ट आदित्य कुमार लेखापाल कृष्णा महतो सीआरपी सुधीर कुमार महतो राजेश प्रधान राजेंद्र गुंदुआ शीतल साहू संजय कुम्हार आदि शिक्षक शिक्षिकाओं उपस्थित थे।

## जन्म व मृत्यु पंजीकरण को लेकर बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण को लेकर गम्हरिया प्रखंड सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी दयानंद प्रसाद ने किया। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार, प्रत्येक पंचायतों में इसके लिए आगामी 14 जुलाई से 14 अगस्त तक जागरूकता अभियान चलाकर शत प्रतिशत जन्म व मृत्यु पंजीकरण कार्य पूरा किया जाना है। इसके लिए उन्होंने सभी मुखिया, आंगनबाड़ी सेविकाओं और पंचायत सेवकों को सम्बंधित पंचायतों के वार्ड सदस्य के साथ मिलकर इसे पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि 21 दिनों तक के बच्चों का जन्म पंजीकरण निःशुल्क किया जाना है। इसके बाद 22 से 30 दिनों के बच्चों के लिए एक रुपए शुल्क के लिए जाएंगे जबकि एक माह के बाद एक वर्ष तक के बच्चों के लिए बीडीओ के निर्देश पर एक रुपए शुल्क लिए जाएंगे। एक वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों का पंजीकरण अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा किया जाएगा। बैठक में सीडीपीओ साधना कुमारी के अलावा प्रखंड कृषि पदाधिकारी, सभी पंचायत सचिव, मुखिया व काफी संख्या में आंगनबाड़ी सेविकाएं शामिल थी।

## संपादकीय

# संसद में नागरिक संहिता

**संसद** का मानसून सत्र 20 जुलाई से 11 अगस्त तक चलेगा। मणिपुर हिंसा, समान नागरिक संहिता, अडानी की जेपीसी जांच, महंगाई, बेरोजगारी समेत ऐसे मुद्दे उठाए जाएंगे, जिन पर हंगामा होना निश्चित है। नए संसद भवन में भी यही मानसिकता रहेगी कि विपक्ष मुद्दों पर शोर मचाएगा, नारेबाजी करेगा और सत्ता-पक्ष अपने तरीके से सदन की कार्यवाही चलाना चाहेगा। कुछ मुद्दों पर सरकार की सोच भिन्न हो सकती है, लिहाजा कार्यवाही का स्थगन बार-बार हो सकता है। अब यह कोई नया संस्कार या व्यवधान नहीं है। हालांकि कोई पुष्टि नहीं है, लेकिन माना जा रहा है कि मानसून सत्र में ही समान नागरिक संहिता का विधेयक संसद में पेश किया जा सकता है। उससे पहले विधि आयोग ने 13 जुलाई तक देश की जनता और धार्मिक-सामाजिक संगठनों की राय मांगी है। सबसे विवादास्पद और सनसनीखेज पक्ष यह होगा कि मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने भी अपना मसविदा विधि आयोग के सामने प्रस्तुत करना तय किया है। विधि आयोग की संकलित रपट केंद्र सरकार को सौंपने से पहले संसदीय स्थायी समिति की भी बैठक है, जिसकी अध्यक्षता भाजपा के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी करेंगे। समान नागरिक संहिता पर विपक्ष विभाजित-सा लगता है, लेकिन उसमें गहरी दरारें नहीं होंगी और न ही अभी दोफाड़ के आसार हैं। हालांकि आम आदमी पार्टी (आप), शिवसेना (उद्धव गुट), जनता दल-यू और जद-एस सरीखे विपक्षी सैद्धांतिक तौर पर समान नागरिक संहिता के समर्थन में हैं, जबकि कुछ दल फिलहाल विचार कर रहे हैं। जद-एस तो विपक्षी एकता की छतरी तले अभी नहीं है और 'आप' का मन डांवाडोल है। शरद पवार की एनसीपी का रुख अभी आधा-अधूरा है। बहरहाल विपक्षी एकता की अगली बैठक 13-14 जुलाई को बेंगलुरू में होगी। भाजपा कोशिश कर रही है कि एनडीए के पुराने घटक-दलों को फिर साथ में लाकर गठबंधन का विस्तार किया जाए। तेलुगूदेशम पार्टी के अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात कर चुके हैं। उप्र में ओमप्रकाश राजभर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिल चुके हैं। पंजाब में अकाली दल के नेताओं से भी बातचीत जारी है, लेकिन अकाली फिलहाल समान नागरिक संहिता के खिलाफ हैं। बहरहाल इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री मोदी के सार्वजनिक संबोधन के बाद हलचलें बढ़ गई हैं। अभी संसद का पूरा शीतकालीन सत्र सत्ता-पक्ष के लिए शेष है। वे चाहेंगे, तो यह बिल संसद में पारित किया जा सकता है। फिर कानून बनना तो औपचारिकता भर है, लेकिन संसद में इस बिल को पारित कराने के लिए कमोबेश दो-तिहाई बहुमत की जरूरत होगी। उसके मुताबिक, लोकसभा में सरकार को 362 सांसदों का समर्थन चाहिए। भाजपा-एनडीए के ही करीब 335-340 सांसद हैं। सरकार को वाईएसआर कांग्रेस और बीजद के समर्थन मिलते रहे हैं। राज्यसभा में भाजपा-एनडीए के 110 सांसद हैं। समान नागरिक संहिता का बिल पारित कराने को 57 और सांसदों के समर्थन की दरकार है। सरकार आश्वस्त है कि जिस तरह अनुच्छेद 370 और तीन तलाक से जुड़े विधेयक राज्यसभा में भी पारित करा लिए गए, उसी तरह समान नागरिक संहिता को भी पारित करा लिया जाएगा। बहरहाल इस संदर्भ में कुछ ऐसे विवादास्पद बदलाव किए जाने की उम्मीद है, जिन पर मुसलमान बिफर सकते हैं। मसलन-बहुविवाह पर रोक लगेगी। यानी मुसलमानों को चार शादियां करने की कानूनन छूट नहीं होगी। विवाह की उम्र 21 साल कर दी जाएगी, जो सभी समुदायों पर लागू होगी। बच्चा गोद लेने का अधिकार औरत को भी होगा। खासकर मुस्लिम औरत भी अपने शौहर को तलाक दे सकेगी। उत्तराधिकार में बेटी को भी बराबर का हिस्सा मिलेगा। हलाला और इद्दत पर पाबंदी लगेगी। लिव इन रिलेशन की जानकारी मां-बाप को देना अनिवार्य होगा और उसका पंजीकरण भी कराना पड़ेगा। शरिया के आधार पर नहीं, बल्कि संवैधानिक अदालतों में सभी मामले निपटाए जाएंगे। जिंदगी के बुनियादी और आधिकारिक मुद्दों पर एक ही कानून लागू होगा, जिस तरह अपराध के कानून लागू होते हैं। फिलहाल कोई भी मसविदा सामने नहीं है। सिर्फ अवधारणा के आधार पर ही बहस जारी है।

समान नागरिक संहिता पर विपक्ष विभाजित-सा लगता है, लेकिन उसमें गहरी दरारें नहीं होंगी और न ही अभी दोफाड़ के आसार हैं। हालांकि आम आदमी पार्टी (आप), शिवसेना (उद्धव गुट), जनता दल-यू और जद-एस सरीखे विपक्षी सैद्धांतिक तौर पर समान नागरिक संहिता के समर्थन में हैं, जबकि कुछ दल फिलहाल विचार कर रहे हैं। जद-एस तो विपक्षी एकता की छतरी तले अभी नहीं है और 'आप' का मन डांवाडोल है। शरद पवार की एनसीपी का रुख अभी आधा-अधूरा है। बहरहाल विपक्षी एकता की अगली बैठक 13-14 जुलाई को बेंगलुरू में होगी। भाजपा कोशिश कर रही है कि एनडीए के पुराने घटक-दलों को फिर साथ में लाकर गठबंधन का विस्तार किया जाए। तेलुगूदेशम पार्टी के अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात कर चुके हैं।

## कुछ अलग

# मंदिरों में आदर्श आचार संहिता

**मंदिर** की परंपराएं अपने शुद्धिकरण या माहौल की शुचिता में प्रयास करें तो इससे सामाजिक ताने बाने का अनुशासन और धार्मिक मर्यादाएं सुनिश्चित होंगी। इसी परिप्रेक्ष्य में ऊना जिला के द्रोण महादेव शिव मंदिर अंबोटा के गर्भगृह प्रवेश में एक ड्रैस कोड लागू हो रहा है। मसला कहीं इससे भी बड़ा यानी मंदिर परिसरों में आचार संहिता का है। दरअसल मंदिरों की मान्यता में जबसे पर्यटन की घुसपैठ हुई है, कई परंपराएं विचलित हैं। बेशक आमदनी के लिहाज से धार्मिक पर्यटन का विकसित रूप हिमाचल की आर्थिकी को संबल दे रहा है, लेकिन धार्मिक नगरियों में संगत का सौहार्द नजर नहीं आता। मंदिर परिसर अपने साथ पर्यटन व शहरी आर्थिकी के साथ-साथ स्वरोजगार के विविध अवसर भी पैदा कर रहे हैं, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि यह आवारगी के केंद्र भी बन जाएं। पिछले कुछ सालों से यह भी देखा जा रहा है कि श्रद्धालुओं की टोली में तथा सैलानियों के वेश में पड़ोसी राज्यों के आपराधिक तंत्र का आगमन हुआ है। मंदिर स्थलों के समीप हत्याएं, आत्महत्याएं तथा लड़ाई-झगड़ों में बढ़ोतरी का एक कारण यह भी है कि यहां कानून व्यवस्था राम भरोसे चल रही है। आज तक मंदिर आचार संहिता जैसे कोई स्पष्ट निर्देश सामने नहीं आए हैं। प्रदेश को कम से कम प्रमुख मंदिर नगरियों का विकास एक आदर्श मॉडल के तहत करना चाहिए और इन्हें नागरिक समाज के सहयोग से मर्यादित रखना होगा। उदाहरण के लिए चिंतपूर्णी, नैना देवी, बालासुंदरी, ज्वालामुखी, दियोटसिद्ध, कांगड़ा व चामुंडा की मंदिर आय के साथ इनके पांच से दस किलोमीटर दायरे को धार्मिक नगर के रूप में ऐसा आकार देना चाहिए ताकि श्रद्धालु या पर्यटक मन की शांति के लिए ही आएं। मंदिर दर्शन की पद्धति में सुधार की गुंजाइश ऊना के द्रोण महादेव मंदिर प्रबंधन को दिखाई दे रही है, तो कमोबेश इसी तरह हर मंदिर में आदर्श आचार संहिता की सख्त जरूरत है। विडंबना यह है कि हिमाचल के मंदिरों का संचालन आधे अधूरे संकल्प और काम चलाऊ व्यवस्था के तहत हो रहा है। मूलतः राजस्व और प्रशासन के अधिकारी ही सरकार के अधीन आए मंदिरों को चला रहे हैं, जबकि अब तक कई कार्य और बदलाव हो जाने चाहिए थे। सभी मंदिरों का संचालन एक केंद्रीय ट्रस्ट के तहत होता, तो कार्य पद्धति, पूजा विधि, मंदिरों की व्यवस्था तथा प्रबंधन भी एक जैसा होता। इसके तहत मंदिर प्रबंधन के तहत एक स्थायी कॉडर विकसित हो जाता। ऐसे में मंदिरों के प्रबंधन के लिए एक मंदिर विकास एवं प्रबंधन प्राधिकरण की जरूरत है जिसका मुख्यालय ज्वालाजी जैसे केंद्रीय स्थल पर स्थापित किया जा सकता है। मंदिरों में आरती, पूजा के तौर तरीके, मंत्रोच्चारण के सही प्रयोग जब होंगे, तो हर पर्यटक को श्रद्धालु होने की मान्यता में मंदिर आचार संहिता का पालन करना पड़ेगा। विडंबना यह है कि मंदिरों के आसपास शराब के ठेके, सिगरेट-बीड़ी की दुकानें और मांसाहारी रेस्तरां सरेआम उस भावना का उल्लंघन कर रहे होते हैं, जिसके तहत ऊना के शिवालय को ड्रेस कोड लागू करना पड़ता है। हम किसी बेटी के कपड़ों की निगरानी में मंदिर की रखवाली तो कर लेंगे, लेकिन परिसर के ठीक बाहर ठेकों पर खड़ी शराबियों की पंक्ति में गाली-गलौच को कैसे रोकेंगे।

## भारत का फार्मा सेक्टर तेजी से बढ़ रहा है और भारत दुनिया की गुणवत्ता वाली फार्मेसी है

# फार्मा सेक्टर में नवाचार-गुणवत्ता जरूरी

डा. जयंतीलाल भंडारी

भारत के द्वारा नकली दवाओं के मामले में कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति के तहत लगातार व्यापक जोखिम आधारित विश्लेषण किया जाता है। अब दवाई उद्योग के लिए सरकार के द्वारा स्व-नियामकीय संस्था बनाने की योजना है, जो निरन्तर आधार पर दवाई उद्योग का आकलन करेगी। नि:संदेह देश में सरकार के द्वारा एक ओर फार्मा सेक्टर को तेजी से बढ़ने के लिए प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर गुणवत्तापूर्ण दवाओं के लिए उपयुक्त नियमों का परिपालन भी किया जा रहा है। लेकिन इस समय भारतीय दवाओं से संबंधित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य पर कई सुधारमूलक जरूरतें अनुभव की जा रही हैं।

**हाल** ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमरीका यात्रा के दौरान 23 जून को अमरीका के साथ जो महत्वपूर्ण करार हुए हैं, उनमें फार्मास्युटिकल सप्लाई चेन और टीके के लिए कच्चे माल को लेकर जो सहमति बनी है, उससे भारत के फार्मा सेक्टर को तेजी से आगे बढने में मदद मिलेगी। इस परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय है कि 23 जून को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने इंडियन फार्मास्युटिकल अलायंस द्वारा आयोजित क्वालिटी फोरम में कहा है कि सरकार फार्मा उद्योग के अनुकूल रणनीति के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण दवाई उत्पादन के लिए पूर्णतया ध्यान दे रही है। भारत का फार्मा सेक्टर तेजी से बढ़ रहा है और भारत दुनिया की गुणवत्ता वाली फार्मेसी है। भारत के द्वारा नकली दवाओं के मामले में कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति के तहत लगातार व्यापक जोखिम आधारित विश्लेषण किया जाता है। अब दवाई उद्योग के लिए सरकार के द्वारा स्व-नियामकीय संस्था बनाने की योजना है, जो निरन्तर आधार पर दवाई उद्योग का आकलन करेगी। निःसंदेह देश में सरकार के द्वारा एक ओर फार्मा सेक्टर को तेजी से बढने के लिए प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर गुणवत्तापूर्ण दवाओं के लिए उपयुक्त नियमों का परिपालन भी किया जा रहा है। लेकिन इस समय भारतीय दवाओं से संबंधित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य पर कई सुधारमूलक जरूरतें अनुभव की जा रही हैं। दवाई ग्राहकों के हितों के मद्देनजर गुणवत्ता और दवाई के कम मूल्य किए जाने हेतु अभी और अधिक ध्यान देने की जरूरत बनी हुई है। जहां आए दिन भारतीय दवाओं की गुणवत्ता को लेकर उठने वाले सवालों के मद्देनजर अधिक सतर्क होकर देश में गुणवत्तापूर्ण दवाओं का उत्पादन सुनिश्चित करना होगा, वहीं जरूरी दवाओं की कीमतें कम करनी होंगी, ऐसी व्यवस्था बनानी होगी, जिसके तहत ग्राहक दवाई की दुकानों से उतनी ही दवाएं खरीद सकें, जितनी उन्हें जरूरत है। गौरतलब है कि इस समय भारत दुनिया में फार्मा के नए हब के रूप में रेखांकित हो रहा है। जो भारतीय दवाई उद्योग कोई पांच दशक पहले केवल विदेशी कंपनियों और ब्रांड पर निर्भर रहता था, वहीं अब भारत का दवाई उद्योग अपनी दवाई क्षेत्र की प्रतिभाओं की शक्ति के बल पर बहुराष्ट्रीय कंपनियों का जोरदार मुकाबला कर रहा है। नए आंकड़े बता रहे हैं कि देश में 3000 से अधिक दवाई कंपनियां हैं और 10500 से अधिक क्रियाशील दवाई उत्पादक इकाइयां हैं तथा भारत 185 से अधिक देशों को दवाइयों का निर्यात करता



है। भारत दवाई उद्योग उत्पादन की मात्रा के मामले में विश्व में तीसरे स्थान पर है और दवाई के मूल्य के मद्देनजर 14वें क्रम पर है। इस समय दुनिया के फार्मा सेक्टर में भारत के तेजी से आगे बढने के कई कारण हैं। कोविड-19 और रूस-यूक्रेन युद्ध से दुनियाभर में जिस तरह दवाई की आपूर्ति बाधित हुई है, उसका लाभ भारत को मिल रहा है। भारत में दवाई उत्पादन की लागत अमरीका एवं पश्चिमी देशों की तुलना में बहुत कम है। भारत में फार्मा सेक्टर में रिसर्च बढ़ रहा है। दुनिया की बड़ी-बड़ी फार्मा कंपनियां भारत में अपना उत्पादन तेजी से बढ़ा रही हैं। इसी कारण भारत घरेलू और वैश्विक बाजारों के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण, उच्च गुणवत्ता और कम लागत वाली दवाओं के निर्माण में एक प्रभावी भूमिका निभा रहा है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि केंद्र सरकार ने दवाई उत्पादन में आत्मनिर्भरता लाने, अधिक कीमतों वाली दवाइयों के स्थानीय विनिर्माण को प्रोत्साहन देने और चीन से होने वाले दवाइयों के कच्चे माल-एपीआई के भारत में ही उत्पादन हेतु कोई ढाई वर्ष पहले शुरू की गई पीएलआई स्कीम को बड़ी सफलता मिली है। सरकार की पीएलआई स्कीम की मदद से कई महत्वपूर्ण बल्क ड्रग (कच्चे माल) का उत्पादन भारत में ही शुरू हो गया है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि देश के कोने-कोने में जहां दवाइयों के करोड़ों ग्राहक दवाइयों की बिक्री व्यवस्था और दवाइयों के अधिक मूल्यों से परेशानी का सामना कर रहे हैं, वहीं कई भारतीय दवाइयां गुणवत्ता के घेरे में आ रही हैं। निश्चित रूप से अब देश में दवाइयों की गुणवत्ता पर और अधिक ध्यान देना होगा। अब सरकार के द्वारा देश के करोड़ों लोगों की इस शिकायत पर भी ध्यान देना होगा कि केमिस्ट या मेडिकल स्टोर ग्राहकों को 10, 15 या 20 टेबलेट या कैप्सूल वाली पूरी स्ट्रिप खरीदने पर जोर देते हैं। कई बार ऐसा भी होता है कि पैसे की कमी की वजह से कई गरीब दवाई उपभोक्ता एक साथ पूरी स्ट्रिप खरीदने में असमर्थ रहते हैं। हाल ही में दवाई खरीदने वाले लोगों से संबंधित जो एक देशव्यापी सर्वे हुआ है, उसमें यह बात सामने आई है कि पूरी स्ट्रिप की खरीदी के कारण बड़ी मात्रा में खरीदी गई दवाएं बिना उपयोग के कारण फेंक दी जाती हैं। सर्वे में यह भी सामने आया कि लोगों के द्वारा पिछले 3 साल में खरीदी गई दवाओं में से 70 फीसदी दवाएं बिना किसी उपयोग के फेंक दी गई और ऐसा हर 4 में से 3 घरों में पाया गया है। ऐसे में सरकार को दवाई ग्राहकों की न्यायसंगत मदद के लिए दवाई की दुकानों से दवाओं की बेची जा रही पूरी स्ट्रिप की जगह जरूरत के हिसाब से ही दवाई की बिक्री हेतु आदेश जारी करने होंगे। लोगों को ऐसी सुविधा दी जाए कि उन्हें दवा की पूरी स्ट्रिप खरीदने के लिए मजबूर न होना पड़े। निःसंदेह अब देश में बड़े पैमाने पर दवाई उत्पादन होने के कारण कई दवाइयों की लागत कम आ रही है। इसके साथ-साथ अब कई दवाओं के कच्चे माल का उत्पादन भी तेजी से बढने से कई दवाओं की लागत भी कम हो रही है। ऐसे में अब सरकार के द्वारा दवाइयों की कीमतों को और कम करने के बारे में स्पष्ट निर्णय लेने होंगे। यह सर्वविदित है कि अभी भी दवा के कारोबार में कई दवाओं में लाभ की मात्रा बहुत ज्यादा है। हम उम्मीद करें कि हाल ही में राष्ट्रीय औषधि मूल्य नियामक 'नेशनल फार्मास्यूटिकल प्राइसिंग अथारिटी' (एनपीपीए) के द्वारा जिस तरह देश के करोड़ों लोगों के दैनिक जीवन में ब्लड प्रेशर और डायबिटीज जैसी अनेक बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल में आने वाली कई दवाइयों की खुदरा कीमतें नियंत्रित करके कम की गई हैं, उसी तरह आम लोगों के उपयोग से आने वाली अन्य कई और दवाओं की कीमतें कम की जाएंगी। हम उम्मीद करें कि अब देश में दवाई के करोड़ों ग्राहकों को सरकार के उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय से ऐसी राहत मिलेगी जिसके तहत दवाई की दुकानों से ग्राहक उतनी ही दवाएं खरीद सके, जितनी उन्हें आवश्यकता हो। हम उम्मीद करें कि हाल ही में 23 जून को अमरीका के साथ फार्मास्युटिकल सप्लाई चेन और टीके के लिए कच्चे माल को लेकर जो सहमति बनी है, उससे भारत का फार्मा उद्योग तेजी से आगे बढ़ेगा। हम उम्मीद करें कि हमारी फार्मा कंपनियों और सरकार के द्वारा फार्मा से संबंधित शोध और नियमन में नवाचार पर आधारित ऐसे बदलाव किए जाएंगे जिससे हमारा फार्मा उद्योग गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के साथ दुनिया में और तेजी से बढ़ते हुए दिखाई देगा।

# मौजूदा व्यवस्था में वैदिक शिक्षा का समावेश हो

आषाढ़ मास की शुक्ल पूर्णिमा के दिन संस्कृत के प्रकांड विद्वान व महाकाव्य 'महाभारत' तथा अठारह पुराणों एवं उपपुराणों के रचयिता के रूप में ख्याति प्राप्त महर्षि वेद व्यास का जन्म हुआ था। अत: इस दिन को 'गुरु पूर्णिमा' के तौर पर मनाया जाता है। विश्व का सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ 'श्रीमद्भगवदगीता' भी महाभारत का ही अंश है। पुराणों के अनुसार दूसरी मान्यता यह है कि प्रथम गुरु भगवान शिव ने अपने अनुयायी 'सप्तऋ षियों' को योग का ज्ञान आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा के शुभ अवसर पर ही दिया था। गुरुसत्ता के प्रतिनिधि व भारतीय धर्म साहित्य संपदा के शिरोमणि महर्षि वेद व्यास महान लेखक व दार्शनिक थे। अलौकिक ज्ञान शक्ति से सम्पन्न महर्षि वेद व्यास ने अपने शिष्यों 'पैल मुनि' को 'ऋ ग्वेद', 'वैश्म्पायन' को 'यजुर्वेद' व 'सुमंतु' को 'अथर्ववेद' तथा 'जैमिनी' को 'सामवेद' में परांगत करके सनातन धर्म संस्कृति व वैदिक ज्ञान के प्रसार का दायित्व सौंपा था।

**देवभूमि** हिमाचल प्रदेश कई महान ऋषियों की तपोभूमि रहा है। मान्यता है कि चंदेल राजवंश की 'कहलूर' रियासत की राजधानी बिलासपुर का वैदिक नाम 'व्यासपुर' वेदों के प्रथम व्याख्याता महर्षि वेद व्यास के नाम से संबंधित था। सतलुज नदी के तट पर व्यास ऋषि की तपोस्थली 'व्यासगुफा' बिलासपुर में एक प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है। आषाढ़ मास की शुक्ल पूर्णिमा के दिन संस्कृत के प्रकांड विद्वान व महाकाव्य 'महाभारत' तथा अठारह पुराणों एवं उपपुराणों के रचयिता के रूप में ख्याति प्राप्त महर्षि वेद व्यास का जन्म हुआ था। अतः इस दिन को 'गुरु पूर्णिमा' के तौर पर मनाया जाता है। विश्व का सर्वश्रेष्ठ ग्रंथ 'श्रीमद्भगवदगीता' भी महाभारत का ही अंश है। पुराणों के अनुसार दूसरी मान्यता यह है कि प्रथम गुरु भगवान शिव ने अपने अनुयायी 'सप्तऋषियों' को योग का ज्ञान आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा के शुभ अवसर पर ही दिया था। गुरुसत्ता के प्रतिनिधि व भारतीय धर्म साहित्य संपदा के शिरोमणि महर्षि वेद व्यास महान लेखक व दार्शनिक थे। अलौकिक ज्ञान शक्ति से सम्पन्न महर्षि वेद व्यास ने अपने शिष्यों 'पैल मुनि' को 'ऋग्वेद', 'वैश्म्पायन' को 'यजुर्वेद' व 'सुमंतु' को 'अथर्ववेद' तथा 'जैमिनी' को 'सामवेद' में परांगत करके सनातन धर्म संस्कृति व वैदिक ज्ञान के प्रसार का दायित्व सौंपा था। महर्षि वेद व्यास के उन चारों शिष्यों ने अपने आश्रमों को वेद शिक्षा का केंद्र बनाया, तत्पश्चात सम्पूर्ण भारतवर्ष वैदिक ज्ञान से वेदमय हुआ था। महर्षि वेद व्यास के पुत्र 'शुकदेव' भी वेदों के विद्वान ऋषि थे। सनातन धर्म की प्रतिष्ठा व वैदिक संपदा के प्रचार प्रसार में वेद व्यास के अलावा आदि गुरु शंकराचार्य का भी महान योगदान रहा है। ईसा पूर्व आठवीं शताब्दी में आदि शंकराचार्य ने भारत की चारों दिशाओं पूर्व में पुरी के गोवर्धन मठ में 'ऋग्वेद', पश्चिम में द्वारिका के शारदा मठ में 'सामवेद' व उत्तर में उत्तराखंड के जोशीमठ में 'अथर्ववेद' तथा दक्षिण में कर्नाटक के श्रृंगेरी पीठ में 'यजुर्वेद' को स्थापित करके चारों मठों को वैदिक शिक्षा का केन्द्र बनाया था। आदि शंकराचार्य ने ही अपने विद्वान शिष्य को मठाधीश बनाने की परंपरा शुरू की थी। अतः गुरु-शिष्य परंपरा के निर्वहन में मठों की विशेष भूमिका रही है। भारत में अनादिकाल से गुरुओं के प्रति सम्मान व समर्पण रखने वाले महान शिष्यों की गौरवशाली परंपरा रही है। ईश्वर के समतुल्य ज्ञानदाता गुरु द्वारा प्रदान शिक्षा व संस्कारों के आधार पर ही शिष्य अनुशासित व संस्कारवान बनते हैं। आजादी के बाद देश के शिक्षा क्षेत्र में सुधारों के लिए कई नीतियां बनी। वर्तमान में देश के कई सियासी रहनुमा शिक्षा क्रांति की दुहाई देकर अपनी सियासी जमीन मजबूत कर रहे हैं। इसके बावजूद शिक्षा क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर भारत पिछड़ चुका है। स्मरण रहे विश्व में शिक्षा की उत्तम व अनुशासित पद्धति गुरुकुलों का संचालन भारत भूमि पर हमारे आचार्यों ने सदियों पूर्व कर दिया था। उसी शिक्षा व्यवस्था के बल पर भारत को 'विश्व गुरु' की पदवी हासिल हुई थी। धर्मशास्त्र, नीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र, शास्त्रार्थ, खगोल, ज्योतिष व अध्यात्म तथा ज्ञान विज्ञान सहित कई विषयों में विश्व के सर्वश्रेष्ठ आचार्य भारतवर्ष में हुए थे। 'सांख्य दर्शन' के प्रवर्तक 'कपिल मुनि' व 'यंत्र सर्वस्व' ग्रंथ के रचयिता महर्षि 'भारद्वाज' तथा चंद्रगुप्त मौर्य को सम्राट बनाकर भारत का इतिहास बदलने वाले 'तक्षशिला' विश्वविद्यालय के शिक्षक 'चाणक्य' जैसे विद्वान आचार्यों का जन्म इसी भारतभूमि पर हुआ था। शैक्षिक ज्ञान से अपने शिष्यों को गुणवान बनाने वाले कई महान आचार्यों का उल्लेख वैदिक साहित्य में हुआ है। देवताओं के गुरु बृहस्पति तथा दैत्य गुरु महर्षि शुक्राचार्य दोनों 'अंगिरा' ऋषि के शिष्य थे। ऋषि 'उपमन्यु' व आरुणि जैसे गुरुभक्त व धर्मशास्त्रों के महाज्ञाता शिष्यों ने महर्षि 'धौम्य' से शिक्षा प्राप्त की थी। अपनी विद्वता के बल पर गुरु परशुराम ने भीष्म, द्रोण व दानवीर कर्ण जैसे शिष्यों को शस्त्र विद्या में निपुण करके महान योद्धा बनाया था। अपने लक्ष्य के प्रति संकल्पवान अर्जुन जैसा महान धनुर्धर शिष्य गुरु द्रोण के सान्निध्य से ही निकला था। 'ज्ञान वही जो व्यवहार में काम आए', इस प्रसंग का उल्लेख करने वाले वैदिक आचार्य 'बहुश्रुति' का प्राचीन भारत की शिक्षा में विशेष योगदान रहा था। भारत की शिक्षा संस्कृति में गुरु-शिष्य परंपरा के विकास तथा शिष्यों में राष्ट्रवाद जगाने के लिए वैदिक आचार्य महर्षि 'शौनक' ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वैदिक शिक्षा के ध्वजवाहक शौनक ऋषि 'नैमिषारण्य' के विशाल गुरुकुल के कुलपति थे। नैमिषारण्य में शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या हजारों में थी। आध्यात्मिकता के रंग में रंगा शौनक ऋषि की सिद्धस्थली व विद्याध्ययन का प्राचीन केंद्र नैमिषारण्य भारतीय सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की मजबूत नींव रहा है। विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण का कुशल संपादन करने वाले महर्षि शौनक को विश्व के प्रथम कुलपति होने का गौरव प्राप्त था। भावार्थ यह है कि जीवन में बेहतर भविष्य की कल्पना तथा असंभव लक्ष्य की प्राप्ति के लिए गुरु रूपी महान विभूति के मार्गदर्शन की जरूरत होती है। भारत में अनादिकाल से समाज को शिक्षित करने में आचार्यों तथा धर्म स्थापना के लिए आध्यात्मिक गुरुओं की विशेष भूमिका रही है, मगर विश्व की सर्वश्रेष्ठ शिक्षा व्यवस्था गुरुकुल पद्धति के संचालक महर्षि भारद्वाज, वाल्मीकि, बहुश्रुति, शौनक, अत्रि, संदीपनी, वशिष्ठ, मैत्रेय, अष्टावक्र, याज्ञवल्क्य व उद्दालक जैसे महाविद्वान आचार्य भारतीय शिक्षा पाठ्यक्रमों में गुमनाम क्यों हुए, यह मंथन का विषय है। वैदिक संस्कारों से परिपूर्ण प्राचीन शिक्षा व्यवस्था गुरुकुल व शिक्षा के स्तंभ आचार्य स्वाभिमान का प्रतीक हैं। राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक सोच से परिपूर्ण वैदिक शिक्षा शिक्षार्थी को हर परिस्थिति से सामना करके चुनौतियों से जूझने में सक्षम बनाती थी। अतः अपनी गौरवशाली संस्कृति व वैदिक संस्कारों का अस्तित्व बचाने के लिए तथा विद्यार्थियों को अपने कत्तव्य व दायित्व का बोध कराने के लिए मौजूदा शिक्षा व्यवस्था में भारत का गौरव रही वैदिक शिक्षा का समावेश जरूरी है। भारत की प्राचीन ज्ञान विरासत तथा गुरु-शिष्य परंपरा पर हर भारतवासी को गर्व होना चाहिए।

## देश दुनीया से

# मलेशिया सिनेमा और छाया नाटक का विस्तार

**1963** से पहले मलेशिया का नाम मलाया या ब्रिटिश मलाया था। 1957 में इसने स्वतंत्रता हासिल की और पहले द फेडरेशन ऑफ मलाया और फिर नाम परिवर्तित होने पर मलेशिया बना। मलेशिया में सिनेमा और सिनेमा जाने वालों को अक्सर 'पैन्गुन्ग वैयान्ग' कहते हैं। यहां पैन्गुन्ग का अर्थ थियेटर, मंच और यहां तक कि दर्शक भी है तथा वैयान्ग का मतलब परम्परागत पुतली थियेटर। वैयान्ग को 'गैम्बर' से जोड़ कर भी बोलते हैं, जिसका अर्थ है, चित्र, चित्रांकन, फोटो मतलब मूवी। विश्व सिनेमा में मलेशिया की फिल्मों की बात प्रमुखता से नहीं होती है। शायद ही इसका कहीं उल्लेख होता है। मलेशिया में यहां के छाया-नाट्य तथा थियेटर में सिनेमा की जड़ें हैं, जो यहां सदा से बहुतायत से रही हैं। छाया-नाट्य, फिल्मों की भांति सफेद परदे का उपयोग करता है। मूक सिनेमा की तरह छाया-नाट्य में भी ध्वनि तथा संगीत का प्रयोग अलग से होता है। मूक फिल्मों के दौर में वादक परदे और दर्शकों के सामने वैठ कर पियानो-बैंड आदि बजाते थे, पुतली-छाया नाट्य में भी संवाद-संगीत पीछे से दिया जाता है। हालांकि सिनेमा के सवाक होते ही यह सब बदल गया। इसी कारण यहां के अभिनेताओं को परिवर्तित होकर सिने-अभिनेता बनने में खास दिक्कत न हुई और इनमें से कई आगे चल कर सिने-निर्देशक भी बने। मलेशिया में पहले-पहल फिल्म स्क्रीनिंग 1897 में अल्हाम्ब्रा थियेटर हाल में सिंगापुर में हुई थी, जिन्हें ब्रिटेन के रॉबर्ट विलियम पॉल ने प्रदर्शित किया था। जिसमें लघु फिल्मों की श्रृंखला दिखाई गई थी। बाद में यहां के दर्शकों ने 'सिंड्रेला एंड हर ग्लास स्लिपर', 'मेस्मेरिज्म एंड वन्डरफुल ड्रीम लाइफ पैशन ऑफ क्राइस्ट', तथा एडविन एस. पोर्टर की 'द ग्रेट ट्रेन रोबरी' भी देखी। 1913 तक मलाया पेनिन्सुला में करीब 14 थियेटर थे। 1929 में सोलह शहरों में 35 थियेटर थे और छोटे शहरों में 10-12 थियेटर आम बात थी। मलेशिया की फिल्मों पर भारत का प्रभाव रहा है। मलाया भाषा में पहली फिल्म 'लैला मजनू' बनी। यह 1933 में हुआ मगर इसे बनाने वाले केवल मलाया के लोग ही न थे। इसे बनाने में मलाया के अलावा इंडोनेशिया के लोग भी शामिल थे। इनमें से अधिकतर लोग किसी-न-किसी परम्परागत कला से जुड़े हुए थे। इसीलिए उन्हें स्टेजक्राफ्ट, अभिव्यक्ति तथा अभिनय की आधारभूत जानकारी थी। बाद में इसी नाम से कई बार फिल्म बनी। यह भारत का प्रभाव था। भारत में भी 'लैला मजनू' फिल्म बहुत बार बनी है। चालीस के दशक में यहां 'मुतिअरा' (पर्ल), 'बेरमाडु' (पोलीगैमी), टोपेंग शैतान' (मास्क ऑफ द देवी), 'हैंचुर हैटी' (हार्ट ब्रोएअ), 'इबु तिरी' (स्टेपमदर), 'तीगा केकैसिह' (थ्री लवर्स) तथा 'तेरैंग बुलान डी मलाया' (फुल मून इन मलाया) जैसी फिल्में बनीं। जब 1941-1945 में मलाया पर जापान का आधिपत्य रहा तो यहां ढेर सारी प्रोपेगंडा फिल्में बनीं। इनमें 'मार्च टू सिंगापुर', 'ए नाइट इन चाइना' आदि फिलें प्रमुख हैं। इसी समाय चैपलिन की 'सिटी लाइट्स' की तर्ज पर 'टोकियो सिंफनी' बनी और पता नहीं कैसे इसे दिखाने भी दिया। पचास के दशक में मलाया फिल्मों में धीरे-धीरे परिवर्तन आने लगा जिसका मुख्य कारण था स्थानीय लोगों का सिने-निर्देशन की दिशा में आगे आना था। ये लोग अधिक वास्तविक तथा वांछिनीय फिल्म बनाए लगे। ये मलेशिया के जीवन से जुड़े मुद्दों को उठा रहे थे। आधुनिक सभ्यता पर टिप्पणी कर रहे थे। इस समय काफी लोग मलेशिया छोड़ कर रोजगार की खोज में सिंगापुर पलायन कर रहे थे और अपनी जड़ों से, अपनी परम्परा से, अपनी संस्कृति से दूर हो रहे थे। चौथे प्रधानमंत्री डॉ. महाथिर मोहम्मद के साथ यहां एनीमेशन फिल्में बनने लगीं क्योंकि वे सूचना एवं संचार तकनीकि के पक्ष में थे। 1995-2015, बीस साल के दौरान मलेशिया में करीब 200 एनिमेशन फिल्मों का निर्माण हुआ। ये फिल्में देश के बाहर भी देखी गईं। एनीमेशन फिल्म 'गैंग: दि एडवेंचर बिगिन्स' ने बॉक्स ऑफिस पर खूब कमाई की। यह मलेशिया के अलावा इंडोनेशिया, सिंगापुर, भारत में भी देखी गई। निजाम रजक द्वारा निर्देशित यह फिल्म मलेशिया के जंगल में चलती है जहां कुछ युवा और बच्चे दूसरे डाइमेंशन के जीवों के संपर्क में आते हैं।

मलेशिया की फिल्मों पर भारत का प्रभाव रहा है। मलाया भाषा में पहली फिल्म 'लैला मजनू' बनी। चौथे प्रधानमंत्री डॉ. महाथिर मोहम्मद के साथ यहां एनीमेशन फिल्में बनने लगीं क्योंकि वे सूचना एवं संचार तकनीकि के पक्ष में थे। 1995-2015, बीस साल के दौरान मलेशिया में करीब 200 एनिमेशन फिल्मों का निर्माण हुआ।

## नागरिक बोध

# देश मे बढ़ते भीषण सड़क हादसे चिंताजनक

**देश** मे बढ़ते सड़क हादसों में अनेक लोगो की घटना स्थल पर ही मौत हो जाती है जबकि घायल लोगो का आंकड़ा भी कम चोंकाने वाला नही है। महारास्ट्र के समृद्घि हाइवे पर अब तक का सबसे भयंकर भीषण सड़क हादसे में 25 लोगो की मौत हो गई और पांच लोग घायल हो गए।यह सिलसिला यू ही चलता रहेगा। हादसे में मरने वालों के लिए संवेदना व्यक्त कर कुछ समय के बाद भुला दिया जाता है। लेकिन मरने वालों का परिवार हमेशा रोता और बिलखता ही रहता है। यह भाग्य की ही विडंबना थी कि चालक स्टेरिंग पर से नियंत्रण खो दिया।उसके बाद बड़ा हादसा हुआ है। देश मे सड़क हादसे में हररोज 415 लोगो की जान जाती है। 67 प्रतिशत हादसे तेज गति से होते है। मानवीय त्रुटि के कारण हादसे से 25 घरों में मातम छा गया।भारत मे सड़को पर चलना खतरनाक है। देश मे हर साल 4.50 करोड़ सड़क हादसे होते है। इनमें डेढ़ लाख लोगों की मौत हो जाती है और साढ़े चार लाख लोग घायल होते है। दूरदराज में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं का आंकड़ा इसमें शामिल नही होता है।लिहाजा,सड़क हादसों के आंकड़े में अंतर रहता है। जबकि भीषण हादसों में लोगो की मौतें होती है और घायल भी होते है। सड़क हादसों में मारे गए लोगो मे 54 फीसदी हिस्सा दुपहिया वाहनों का है और पैदल चलने वालों का है। एनसीआरबी की रिपोर्ट में यह खुलासा किया है कि दुनिया मे 3 फीसदी वाहन सिर्फ भारत मे है जबकि 12.06 फीसदी जान यहा भारत मे जाती है। इसका मतलब है कि भारत मे आरटीओ के नियमो का उल्लंघन होता है। अंतराष्ट्रीय सड़क संगठन के मुताबिक दुनिया मे 12.5 प्रतिशत लोगो की जान जाती है। जिसमे 3 प्रतिशत का हिस्सा भारत का है और हादसे में मारे जाने वाले लोगो का 12.6 प्रतिशत हिस्सेदारी भारत मे है। 15 फीसदी वैध लायसन्स और 10 प्रतिशत ओवरलोड वाहनों के कारण दुर्घटनाए होती है। 26 प्रतिशत लापरवाही और ओवरटेकिंग के कारण हादसे हो रहे है। इसमें 15.5 फीसदी हिट एंड रन के तौर पर हादसे हो रहे है। ट्रैफिक चौराहे पर भी ज्यादातर हादसे होते है। इन सभी को ध्यान में रखकर चालक को सावधानी से वाहन चलाना चाहिए। सरकार ने पांच हजार जगह का शिनाख्त किया है जो हादसों के लिए संवेदनशील है। हादसों को कम करने के लिए वाहन चालकों में जागरूकता लानी होगी।दुर्घटना में बचने के लिए ट्रैफिक नियमो का कड़ाई से पालन करना होगा। आरटीओ को ओवर टेकिंग और ओवर लोडिंग रोकना होगा। साइकिल की सवारी और हाइवे पर पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने से भीषण हादसे ही नही छोटे हादसों में भी कमी आएगी। पिछले साल 412432 सड़क हादसे हुए जिसमे 153932 लोगो की जान गई थी।दुर्घटनाओं में 384 448 लोग घायल हुए है। भारत मे चार मिनट में एक व्यक्ति की मौत हो जाती है।

## संक्षिप्त खबरे

### मयूरहंड मनरेगा संघ के अध्यक्ष निर्विरोध चुने गए डॉक्टर सुनील कुमार दास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड :** मयूरहंड मनरेगा संघ का चुनाव चतरा जिला मनरेगा संघ इकाई के आदेशानूसार मंगलवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में बिना किसी विरोध के संपन्न हो गया। प्रखंड के करमा पंचायत के रोजगार सेवक डॉ सुनील कुमार दास को निर्विरोध मयूरहंड मनरेगा संघ इकाई का अध्यक्ष चुना गया। वहीं जेई उमेश उरांव को उपाध्यक्ष, जेई राजीव रंजन दास को कोषाध्यक्ष और सचिव के रूप में हुसिया पंचायत के रोजगार सेवक रुपेश सिंह का चयन किया गया।

## दबंगों ने वन भूमि पर लगे सैकड़ों पौधा नष्ट कर 50 एकड़ भूमि पर चलाया ट्रैक्टर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के सिकरी गाँव के करीब लगभग 50 रेक्ड वन भूमि पर दबंगों ने ट्रेक्टर चला कब्जा करने का मामला सामने आया है। यह कब्जा रात्रि में लगभग 4 से पांच ट्रक्टर के सहयोग से वन भूमि पर कब्जा करने के उद्देश्य से जुताई किया गया है। जबकि सभी दबंगों व कब्जा करने वालों का नाम सामने आ चुका है। वहीं वनभूमि पर पूर्व से लगाये गए पेड़ को काट कर हटा दिया गया है वहीं छोटे छोटे पौधे को रौंद दिया गया है जिससे पौधे नष्ट हो रहे हैं। इधर ग्रामीणों का कहना है कि हम लोग के गाँव के बगल में वन क्षेत्र है हम लोग पौधे और जंगल को हमेशा बचाने का प्रयास करते हैं। हम लोग दतुवन, पत्ता और सूखा लकड़ी कहां से लाएगें जंगल को नहीं बचाएंगे जरूरत का समान कहां से मिलेगा। हम लोग बचाने का प्रयास करते हैं और कुछ दबंग लोग कब्जा करने के ख्याल से जंगल उजाड़ रहे हैं। वहीं जब तक वन कर्मी के मिलीभगत नहीं है तो प्रतिदिन जमीन पर कब्जा कैसे करते आ रहें है। वनकर्मी क्या करते हैं। जबकि सरकार को जंगल लगाने व बचाने के लिए करोड़ो रूपये खर्च किया जाता है।वैसे में सभी लोगों पर कानूनी कार्रवाई किया जाना चाहिए। साथ हीं दोषी वनकर्मी को निलंबित किया जाना चाहिए।

## उपायुक्त के निर्देशानुसार उपसमाहर्ता ने सुनी आमजनों की समस्याएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्री अबु इमरान के निर्देशानुसार जिला खेल पदाधिकारी सह जिला नजारत उप समाहर्ता तुषार रॉय द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी गई। उक्त जनता दरबार में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास संबंधित, भूमि संबंधित मामले, राशन कार्ड, मिड डे मील संबंधित मामले समेत अन्य मामले शामिल थे। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार/शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## भाजपाइयों ने बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनने पर दी बधाई

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बाबूलाल मरांडी के झारखंड बीजेपी का प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर बालूमाथ के भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने कहा कि बाबूलाल मरांडी के अध्यक्ष बनाए जाने पर उनके नेतृत्व में संगठन और उन्नति करेगा, तथा उनके नेतृत्व में निश्चित ही संगठन नयी बुलंदियों को प्राप्त करेगा साथ ही उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव और आगामी बिधानसभा चुनाव में भाजपा अप्रत्याशित जीत हासिल करेगी इसके अलावा बधाई देने वालों में अमित कुमार, रामकुमार गुप्ता, विजय गुप्ता, पवन यादव, अखिलेश भोक्ता, सूरज साह, रघुनंदन सोनी,महावीर तुरी, मोनू पासवान, मंजू देवी, अंजू देवी, रंजित गुप्ता, गंगेश्वर यादव, राजकुमार प्रसाद, अनुप वर्मा, संतु भगत, देवनंदन प्रसाद, दिनेश साव, राजेश प्रजापति, सत्यनारायण साव ,राजेंद्र प्रसाद, विजय ठाकुर, पूनम देवी, पंचानंद पांडेय समेत सभी मंडल कमिटी के भाजपा कार्यकर्ता एवं तमाम बूथ अध्यक्ष कार्यकर्ता शामिल हैं। ज्ञात हो कि सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के प्रगति मैदान के कन्वेंशन सेंटर में कैबिनेट सहयोगियों के साथ हुई बैठक में प्रदेश अध्यक्षों के बदलाव को लेकर चर्चा की थी, जिसके बाद मंगलवार को चार प्रदेशों में सांगठनिक फेर बदल की है।

## भाजपा नेता जयवर्द्धन सिंह के श्रद्धांजलि सभा का आयोजन आज

**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा नेता सह जिला सांसद प्रतिनिधि स्वर्गीय जयवर्द्धन सिंह का तीसरा पूण्यतिथि सह श्रद्धांजलि सभा आज ही 11 बजे दिन में मेदिनीनगर बरवाडीह मुख्य पथ के समीप उनके आवास पर की जाएगी। उक्त जानकारी हर्षवर्धन सिंह ने दी। इस मौके पर पलामू व लातेहार जिले वरिष्ठ नेता व पदाधिकारी के साथ स्थानीय लोग उपस्थित रहेंगे।

## चार जुलाई से बैराज का फाटक बंद, एनटीपीसी ने आम जनता से सुरक्षा को लेकर किया अपील

**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा में लगे थर्मल प्लांट का निर्माण कार्य कर रहा है। इसके संचालन के लिए गहरी नदी पर बैराज का निर्माण किया गया है। जिसको लेकर बैराज का फाटक 4 जुलाई (मंगलवार) से बंद कर दिया जाएगा। बैराज के गेट बंद करने पर जलाशय का जल स्तर बढ़ जाएगा। गहरी नदी का जलस्तर बढ़ने पर आसपास के लोगों से परियोजना प्रबन्धन ने अनुरोध किया है, कि इसको मद्देनजर रखते हुए गहरी नदी के आसपास तथा इसके किनारे कोई भी व्यक्ति नहीं जाएं। बैराज के गेट में पानी इकट्ठा करने के लिए गेट को बार-बार दो से तीन फीट तक खोला तथा बंद किया जाएगा, जिससे बैराज में पानी का जलस्तर और पानी का प्रवाह बढ़ सकता है। फाटक बंद करने से जलाशय का स्तर 436 से437 मीटर तक बढ़ सकता है ,ऐसे में जान-माल की क्षति होने का खतरा बना रहता है। इससे बचने के लिए आम जनता को बैराज से दूर रहने की बार-बार सलाह दी जा रही है। हालांकि एनटीपीसी प्रबंधन ने बताया कि जलाशय का स्तर बढ़ने पर लोगों को सचेत होने के लिए सायरन बजाया जाएगा।

## प्रशासनिक एवं अनुशासनिक समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभागार में शिक्षा विभाग के राज्य परियोजना निदेशक के निर्देश के आलोक में प्रखंड स्तरीय प्रशासनिक एवं अनुशासनिक प्राधिकार समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी की अध्यक्षता में हुई। इस संबंध में जानकारी देते हुए उर्मिला देवी ने बताया कि सहायक अध्यापक पारा शिक्षकों के मानदेय में 4त्र वृद्धि हेतु एवं सेवा संपुष्टि करने के लिए प्रखंड स्तरीय समिति समिति की बैठक हुई। बैठक में सभी सदस्यगण उपस्थित रहे। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राम प्रवेश यादव एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी रिशी कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के 20 सहायक अध्यापकों की सेवा संपुष्टि वर्ग 6 से 8 वर्ग के लिए की गई।जिसमें उ म वी जबरा के संजय प्रसाद सिंह, इन्दुआ के उमेश कुमार सिंह, बठेठ के आलोक कुमार व मिरा कुमारी, करमा के संतोष राम, बनवार के मनोज कुमार ठाकुर, नावाडीह के सुरेन्द्र कुमार सिंह, बेसरा के रामखेलावन यादव, इटके के मो साजिद व राजदेव भगत, मकरा के संजु देवी, शिबला के मो नसीमुद्दीन , मो नौशाद अहमद, बाबुलाल राम व रेवतलाल यादव, मतकोमा के कुमारी रिंकी सिंह व कमलावती कुजुर, भाटचतरा के पंकज कुमार, गाड़ी के पूर्णिमा कुमारी व सुनिल कुमार कुल 20 सहायक शिक्षकों का विभाग द्वारा प्रमाण पत्र की जांच के पश्चात सेवा संपुष्टि की गई। जिन्हें 01 जनवरी 2023 से प्रतिवर्ष 4त्र मानदेय में वार्षिक वृद्धि किया जाएगा। मौके पे उप प्रमुख निशा शाहदेव, बीपीओ बिरेंद्र भगत, कोडिनेटर प्रकाश कुमार, संजिव कुमार, इश्वरी कुमार, नागेन्द्र कुमार के अलावा कई लोग मौजूद रहे।

## फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सरस्वती पूजा मूर्ति विसर्जन को लेकर ग्राम पतरातु में दो समुदायों के बीच विवाद को लेकर मारपीट एवं पत्थरबाजी की घटना घटित हुई थी।जिसमें कई लोग चोटिल हुए थे एवं निजी सम्पती का भी नुकसान हुआ था। इस संबंध में लातेहार थाना मामला दर्ज किया गया था। जिसके पश्चात काण्ड में शामिल अभियुक्त अपने घर से फरार चल रहे थे। वहीं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, लातेहार संतोष कुमार मिश्रा के नेतृत्व में एक विशेष अनुसंधान टीम का गठन किया गया। ताकि काण्ड के अभियुक्तों की गिरफ्तारी किया जा सके। इस काण्ड के अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार सघन छापामारी किया जा रहा था, जिसके फलस्वरूप काण्ड के कुल 06 नामजद प्राथमिकी अभियुक्तअमरेश खान, पिता अकबर खान, फैजन खान, पिता एहसान खान, एहसान खान, पिता जबार खान, मुस्तफा खान, पिता



स्व0 हसन खान, भोला खान पिता चरकु खान एवं वारीस खान, पिता सयुल खान सभी ग्राम नेगाई, थाना व जिला लातेहार ने न्यायालय में लातेहार में आत्मसमर्पण कर दिया था। वहीं पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर काण्ड के प्राथमिक अभियुक्त सुहैल खान, पिता स्व0 हसन खान, ग्राम नेगाई, थाना व जिला लातेहार को विशेष छापामारी दल के द्वारा ग्राम नेगाई स्थित अपने घर से गिरफ्तार किया गया है। छापामारी दल में लातेहार थाना प्रभारी आशुतोष कुमार, पुअनि देवानन्द कुमार, पुअनि राजरौशन सिन्हा, गौरव सिंह, दिवाकर धोबी, आईआरबी पुलिस केन्द्र लातेहार एवं लातेहार जिला बल के सशस्त्र एवं लाठी बल के जवान शामिल रहे।

## पासवान सामाज ने ब्राह्मण समाज का किया बहिष्कार



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनिक प्रखंड मुख्यालय स्थित समुदायिक भवन मनिका के प्रांगण में पासवान समाज की बैठक किया गया। जिसका अध्यक्षता पासवान समाज के प्रखंड अध्यक्ष मिथिलेश कुमार पासवान ने किया। पासवान ने कहा कि बालूमाथ निवासी सह लातेहार जिला पासवान समाज के संरक्षक सुरेश राम के ऊपर 30 जुलाई को जानलेवा हमला तथा मारपीट किए जाने की घोर निंदा किया।एक ओर ब्राह्मणों ने सामुहिक रुप से मिलकर सुरेश राम को बर्बरता पूर्वक मारपीट किया तथा दूसरी ओर ब्राह्मण समाज पासवान समाज को बहिष्कार करने की बात करता है। आज के बैठक में पासवान समाज के द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि पासवान समाज अब ब्राम्हण समाज से अपने निजी कार्य जैसे पूजा, पाठ, गृह प्रवेश या अन्य प्रकार से संबंधित कार्य नहीं कराएंगे, साथ ही पुरजोर तरीके से ब्राह्मण समाज के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे एवं मांग करते हैं, कि सत्येंद्र पांडे एवं मारपिट में शामिल परिजन को पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें और दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए,नहीं तो पासवान समाज आंदोलन करने को बाध्य होगा। वहीं अखिलेश पासवान ने कहा कि सुरेश राम पीड़ित परिवार के ऊपर जमीन से संबंधित जानलेवा हमला हुआ उसे हम निंदा करते हैं।और ब्राह्मण समाज को बहिष्कार करते हैं, वही बिजेंद्र पासवान ने कहा कि निर्दोष परिवार के ऊपर जानलेवा हमला हुआ है। उसे जांच कर ब्राह्मण परिवार के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई किया जाए।यह भी शपथ लिया गया कि अपने गांव में ब्राह्मण समाज को घुसने नहीं देंगे उक्त मौके पर विशाल पासवान, पिंटू पासवान, चिंटू पासवान, सुरेश पासवान सुंदर पासवान, अखिलेश पासवान, विष्णु जय पासवान, रंजीत पासवान, अशोक पासवान, रंजीत पासवान, आनंद पासवान, नंदन पासवान, तारकेश्वर पासवान, अनिल कुमार, मुनील पासवान, ज्ञानचंद पासवान, ज्ञानचंद पासवान, नीरज पासवान, रविंद्र पासवान सहित अन्य लोग काफी संख्या में उपस्थित थे।

## नवनिर्मित छात्रावास को अविलंब चालू कराया जाए : अनिता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** लातेहार जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने उपायुक्त लातेहार को पत्र लिखकर परियोजना इंदिरा गांधी मेमोरियल बालिका उच्च विद्यालय में अवस्थित नवनिर्मित बालिका छात्रावास को अविलंब चालू कराने का अनुरोध किया है द्य पत्र के माध्यम से उन्होंने बताया है कि बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत एकमात्र बालिका उच्च विद्यालय है ।जिसमें बालूमाथ,बारियातू एवं हेरहंज प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों से आकर बच्चियां शिक्षा प्राप्त करती हैं द्यलेकिन विडंबना यह है कि छात्रावास के होते हुए भी बच्चियों को किराए के घर में रहकर असुरक्षित माहौल में रहकर पढ़ाई करनी पड़ रही है द्यजबकि परियोजना इंदिरा गांधी मेमोरियल बालिका उच्च विद्यालय बालूमाथ परिसर में 5 वर्ष पूर्व में ही 100 बेड का छात्रावास भवन निर्मित हो चुका है जो कि गार्ड एवं



वार्डन के अभाव में बंद है द्यबता दे कि छात्रावास भवन का निर्माण 2018 में पूर्ण हो चुका है द्य छात्रावास के चालू हो जाने से बालूमाथ, बारियातू एवं हेरहंज प्रखंड के दूरदराज गावों से पढ़ाई के लिए आ रही बच्चियों को शिक्षा प्राप्त करने में काफी सहूलियत होगी। इससे बालिकाओं के बीच में पढ़ाई छोड़ने की दर भी कम होगी द्यइसके अलावा उपाध्यक्ष के द्वारा परियोजना बालिका उच्च विद्यालय को प्लस टू में अपग्रेड करने हेतु मांग किया है।

## खबर के आलोक में बीडओ ने केवटा विद्यालय के दो शिक्षक को किया शोकॉज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय केंवटा के प्रधानाध्यापक और शिक्षक को शोकॉज किया है। यह शोकॉज अखबार में प्रकाशित खबर के आलोक में किया गया है।प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि विद्यालय के शिक्षक कुणाल किशोर सिंह के द्वारा विद्यालय के कमजोर बच्चों को बिना दर्री बिछाए जमीन पर बैठा देने और छात्रों के द्वारा पानी भरा बाल्टी और अण्डे के छिलके फेकवाने का मामला प्रकाश में आया था। जो कदापि उचित नहीं है। जिसे लेकर संबंधित दोनो शिक्षको को शोकॉज किया गया है। बता दें कि उक्त विद्यालय के शिक्षक द्वारा पढाई कम टाइमपास ज्यादा किया जाता है। पत्रकारो के टीम ने ग्रामीणों के शिकायत पर जब जांच किया तो विद्यालय में बच्चे लापरवाही के तरह जमीन पर बैठाया गया था। जबकि टेबल लगा हुआ था। वहीं शिक्षक क्लास रूम से गायब थे। वहीं शिक्षक कुणाल किशोर सिंह के पूछे जाने पर बताया कि हम लोगों को ऊपर से प्रशिक्षण दिया गया है कि कमजोर बच्चे को जमीन पर एक जगह बैठा कर पढ़ाना है। जिसके कारण तेज बच्चे के साथ कमजोर बच्चों को बैठा कर जमीन पर पढाई चल रही है। दुशरी ओर बच्चे से पानी भरा अंडे के छिलके फेकवाया जा रहा था। जो बिल्कुल गलत है।

## लेवी वसूलने जा रहे जेजेएमपी के एक उग्रवादी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** सीआरपीएफ व कुन्दा थाना पुलिस ने छापामारी अभियान चलाकर लेवी वसूली के उद्देश्य से आये जेजेएमपी के एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। कुन्दा थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि बरवाडीह के पहाड़ी एरिया के जंगलों में नक्सलियों का चहल कदमी देखा जा रहा है।वही सीआरपीएफ ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया की सीआरपीएफ व कुन्दा थाना पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन में थाना क्षेत्र के बरवाडीह नारायणपुर क्षेत्र के पहाड़ी जंगल से हिंदिया कला निवासी रामस्वरूप यादव पिता संजय यादव को गिरफ्तार कर पूछताछ करने के क्रम में उक्त व्यक्ति ने जेजेएमपी संगठन का सदस्य बताया है। वही पूर्व में भी लातेहार के मनिका थाना क्षेत्र में पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने में भी इसकी संलिप्तता पायी गई थी।

## पांच दिवसीय रुद्राभिषेक व महामृत्युंजय जाप कलश स्थापन के साथ हुई शुरुआत

➲पहुंचे कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष कहा पूजन, अनुष्ठान, रुद्राभिषेक से होती है मनुष्य व जगत का कल्याण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखणड पंचायत गांव स्थित निवासी श्रीकांत पांडेय के आवास में पांच दिवसीय रुद्रा अभिषेक, अनुष्ठान, महामृत्युंजय जाप का शुरुआत कलश स्थापन के साथ किया गया। बताते चलें कि गिद्धौर के प्रसिद्ध रामसागर तालाब से गंगा पूजा कर जल उठाया गया। जिसमें लगभग 101लोगों ने कलश लिए।आचार्य धीरज शास्त्री तथा अन्य सात ब्राह्मणों के द्वारा अनुष्ठान की शुरुआत स्वस्तिवाचन एवं हर हर महादेव के साथ किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में चतरा जिला कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष संजय पांडेय तथा जिला सचिव राजन पांडेय एवं अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील पांडेय उपस्थित हुए। जिला अध्यक्ष ने संबोधित करते हुए। कहा कि पूजन यज्ञ अनुष्ठान से मनुष्य एवं जगत के सभी प्राणीयों का कल्याण होती है। तो जिला सचिव संबोधित करते हुए कहा कि सावन के महीने में रुद्राभिषेक करने से सभी मनोकामना पूर्ण होती हैं।प्रदेश अध्यक्ष सुनील पांडेय ने बताए कि महामृत्युंजय जाप से सभी प्रकार की कष्ट दूर होती है। आचार्यो ने बताएं कि पांच दिवसीय रुद्राभिषेक में प्रत्येक दिन मधु, दूध, गंगाजल तथा दुर्वा रस मधु ,गन्ना के रस वैदिक पदार्थो के साथ अभिषेक की जाएगी। जिससे भक्तों के साथ साथ प्राणियों के सभी मनोकामनाएं पूर्ण होगी। इस पुण्य बेला में उपस्थित सभी लोगों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। यदुनंदन पांडेय जिला कार्यकारिणी सदस्य ने कहे कि इस पुण्य कार्य में सभी लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले और धर्म को जगाए रखें हर हर महादेव, ताकि हिंदू सनातन धर्म की ध्वजा लहराते रहे। मौके पर उपस्थित गिद्धौर प्रखंड अध्यक्ष संजय पांडेय, बैजनाथ पांडेय, मुनि पांडेय जवाहर पांडेय प्रदीप पांडेय बैजनाथ पांडेय अनिल पांडेय बिरेंद्र पांडेय अजय पांडेय अजय सहित सैकड़ों से अधिक शिवभक्त श्रद्धालु शामिल हुए।

## सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में लाभुकों से सेविका द्वारा लिया जा रहा है 5000 रूपये

### दो लाभुको ने सेविका सुशीला देवी पर रिश्वत लेने का आरोप सीडीपीओ से की शिकायत

➲सीडीपीओ के बहुत देर पंचायत के बाद लाभुकों को नहीं मिली न्याय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखंड के गोवाकला आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका सुशीला देवी पर सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में लाभुको से 5000 (पांच हजार रूपए) रिश्वत लेने का आरोप लगाया है। वहीं दुशरे लाभुक से दस हजार लाभ दिलाने के बाद मांग करने की शिकायत सीडीपीओ रीना साहू से की। लाभुकों ने कहा है कि पैसा नहीं देने पर सेविका फॉर्म नही भरने और जमा नहीं करने का धमकी भी देती है। जिसे लेकर लाभुक और उनके परिजन मंगलवार को सिमरिया सीडीपीओ कार्यालय पहुंचे और सीडीपीओ के समक्ष



लाभार्थी के माता प्रतिमा देवी ने कहा कि मेरी पुत्री कंचन कुमारी के नाम से सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ 20000 बीस हजार रूपए आया था जो सेविका सुशीला देवी ने 5000 पांच हजार रूपए जबरजस्ती मांग कर ले ली। वहीं लाभार्थी रुक्मणि कुमारी के



माता देवांति देवी ने और लाभार्थी रुक्मणि कुमारी ने कही कि योजना का प्रथम किस्त का राशि 5000 पांच हजार रुपए आया था जिसमे सेविका के द्वारा हमसे 1500 सौ रुपए लिया गया। वहीं देवांती देवी ने कही की एक और मेरी बेटी का प्रथम किस्त का राशि 5000 आया था उससे भी 1500 पंद्रह सौ रुपए लिया गया। और मेरे द्वारा पैसे देने से इंकार किया गया तो सेविका अगली किस्त की राशि नही दिलवाने का धमकी देने लगे जिससे डर कर मैं पैसा दे दी। आगे सेविका बोली की बीस हजार का लाभ दिलाने के बाद हमको दस हजार देना होगा। इसके अलावा लाभुक रानी कुमारी से भी प्रथम किस्त की राशि आने पर 1500 रुपए की मांग की गई। जो रानी कुमारी के द्वारा भी सेविका को 800 आठ सौ रुपए दिया गया और बचे 700 रुपए नही देने पर सेविका के द्वारा फार्म नही भरा गया।जिससे लाभुक ने सीडीपीओ और। सेविका के समक्ष सीडीपीओ कार्यालय में हीं वार्ता के दौरान अपनी आवेदन को जमा की। जबकि शिकायत कर्ता लाभुक महिलाओं ने सीडीपीओ द्वारा सेविका पर किसी तरह का कोई कार्रवाई नहीं होने से नाराज दिखे। आगे कार्रवाई नहीं पर बीस सूत्री अध्यक्ष बीरेंद्र यादव और उपप्रमुख दामोदर गोप को भुक्तभोगियों ने आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है। इधर कार्यालय में हीं बैठे सेविका ने कहा की मैं प्रतिमा की पुत्री कंचन से 500 सौ रुपए लीं हूं। और अन्य किसी से पैसा लेने का बातो से इंकार की है। क्या ऐसे रिश्वत खोर सेविकाओं पर सीडीपीओ द्वारा कार्रवाई की जाएगी। खानापूर्ति की जाएगी यह बड़ी सवाल है। वहीं भुक्तभोगियों ने इसकी शिकायत उपायुक्त चतरा से करने की बात कही है।

## संक्षिप्त खबरें

### 45 कांटा के समीप अचानक एक खड़ी हाइवा में लगी आग

**चरही :** मंगलवार को चरही थाना क्षेत्र के 45 कांटा चेकपोस्ट से महज कुछ दूरी पर एक खड़ी हाइवा में अचानक आग लग गई। घटना मंगलवार शाम 4 बजे के करीब की है। मौके से प्राप्त जानकारी के अनुसार हाइवा खाली था फिलहाल समाचार लिखे जाने तक हाइवा जल रहा था जबकि वहां पर लोग भय से नहीं जा रहे थे। हाइवा में आग क्यों लगा इसका कारण अभी तक नहीं चल पाया था।

### आजसू पार्टी की हज़ारीबाग जिला कमेटी की बैठक

**हजारीबाग :** केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के आदेशानुसार आजसू पार्टी की हज़ारीबाग जिला कमेटी की बैठक आज स्थानीय परिसदन भवन, हज़ारीबाग ( सर्किट हाऊस ) में बुलाई गई है । इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय महासचिव सह बड़कागाँव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में माण्डू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो , बरही विधानसभा प्रभारी राजसिंह चौहान, बरकठ्ठा विधानसभा प्रभारी प्रदीप कुमार मेहता उपस्थित रहेंगे। बैठक की अध्यक्षता हज़ारीबाग जिलाध्यक्ष विकास राणा करेंगे । इस बैठक में मुख्य रूप से सभी केन्द्रीय समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य, जिला कमेटी के सभी पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड अध्यक्ष, प्रखण्ड सचिव एवं प्रखण्ड कोषाध्यक्ष उपस्थित रहेंगे।

### होन्हेमोढ़ा में मुखिया ने नाली निर्माण के लिए किया भूमि पूजन कहां लोगों को होगी सुविधा

**गिददी :** प्रखंड डाड़ी के पंचायत होन्हेमोढ़ा में मंगलवार को मुखिया सिलबिना सोरेन व वार्ड सदस्य पूनम देवी ने एक साथ नारियल फोड़कर 15वें वित्त आयोग मद से नाली निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। अवसर पर बताया गया कि नाली निर्माण के होने से लोगों को इससे सुविधा होगी. पानी इधर-उधर नहीं बहेगा। मौके पर उमेश गंझू, दीपक शर्मा, ग्रामीण बिजली गंझू, रमेश ठाकुर, गणेश गंझू, राजकुमार गंझू, रामविलास, किरण देवी, लाझो देवी आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

### झारखंड प्रदेश जदयू का एक प्रतिनिधि मंडल बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की

**रामगढ़ :** झारखंड प्रदेश जदयू के प्रभारी सह बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री डॉ अशोक चौधरी के साथ झारखंड प्रदेश जनता दल(यू) के प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद , राज्यसभा खीरू महतो के नेतृत्व में झारखंड प्रदेश जदयू का एक प्रतिनिधि मंडल जनता दल(यू)के सर्वमान्य नेता एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके आवास पटना में मिले। प्रतिनिधि मंडल में झारखंड प्रदेश जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद, राज्यसभा खीरू महतो के साथ झारखंड प्रदेश जदयू के प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी श्रवण कुमार,युवा जदयू के प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सिंह, युवा नेता एवं मांडू के पूर्व प्रत्याशी दुष्यंत कुमार पटेल, धनबाद जिला के अध्यक्ष पिंटू सिंह ,धनलाल दुबे शामिल थे।

### रोजगारन्मुख कौशल विकास प्रशिक्षण के माध्यम से क्षेत्र के युवाओं को आत्मनिर्भर बना रहा है

**रामगढ़ :** पतरातू के उच्चरिंगा में अवस्थित जेएसपी फाउंडेशन द्वारा संचालित ओम प्रकाश जिंदल कम्युनिटी कॉलेज में हेड हेल्ड हाई , बेंगलुरु के सहयोग से क्षेत्र के युवाओं के प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण का कार्यक्रम चलाया जा रहा था। दिनांक 4 जुलाई 2023 को बैच के सभी छात्र/छात्राओं को ग्रेजुएशन डे कार्यक्रम में सर्टिफिकेट दिया गया। जिसमें 30 छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। इन छात्र-छात्राओं को संस्थान द्वारा छः माह का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिंदाल स्टील एंड पावर, पतरातु के प्लांट प्रमुख आर के अजमेरिया ने ओपी जिंदल कम्युनिटी कॉलेज द्वारा समाज के सर्वांगीण विकास के लिए किये जा रहे प्रयास की सराहना किया ।

# जीओ के टावर से चोरी किए गए दो बैटरी रांची के कबाड़ी से किया बरामद

**13 दिन पहले दोनों टावरों से आठ लाख मूल्य के बैटरीयों की हुई थी चोरी**

प्रभात मंत्र संवाददाता





**गिद्दी :** थाना गिद्दी क्षेत्र में बीते 13 दिनों पहले रेलीगड़ा स्टैंड और गिद्दी सी फुटबॉल ग्राउंड के जीओ टावरों से 5-5 बैटरी चोरी का खुलासा मामले को लेकर गिद्दी पुलिस ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर घटना में संलिप्त 2 लोगों के पकड़ाने और दो बैटरी रांची के रिंगरोड स्थित ग्राम टुण्डुल के एक कबाड़ी दुकान से निशानदेही पर बरामद होने की जानकारी दी हैं। छापामारी में गिद्दी थाना प्रभारी सुधीर प्रसाद साहू एसआई गौतम कुमार, पुलिस रिजर्व गार्ड व जिला हजारीबाग की विशेष टीम शामिल थी। इस संबंध में पुलिस गिद्दी ए ने बताया कि बीते 22/23 जून 2023 की रात्रि में रेलीगड़ा व गिद्दी सी टावर से चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। जिसे 24 जून 23 कांड संख्या 88/23 दर्ज कर हजारीबाग पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पुलिस अधिकारी बड़कागांव के निर्देश पर जांच पड़ताल किया गया। जिसमें जिला रामगढ़, बोकारो, गुमला से भी टावर बैटरी चोरी मामला सामने आया था। टावरों के समीप सीसीटीवी की जांच पड़ताल के बाद जिला लोहरदगा के थाना कैरो, ग्राम गाराडीह में छापामारी कर बाबर अंसारी, मुस्ताक अंसारी को गिरफ्तार किया गया। इनके निशानदेही पर प्रयुक्त सफेद रंग की हुंडई आई 20 जेएच 01बीएल 8067 बरामद हुआ। जबकि रांची रिंगरोड ग्राम टुण्डुल के एक कबाड़ी से दो बैटरी भी मिले।

## उपविकास आयुक्त ने कटकमदाग प्रखंड में चल रहे विभिन्न योजनाओं का किया निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने कटकमदाग प्रखंड के खपरियावां,बेस,अड़रा एवं कटकमदाग पंचायत में मनरेगा,15वें वित्त आयोग एवं डीएमएफटी के द्वारा चल रहे योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान पंचायत सचिवालय खपरियावां, मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र,खपरियावां , उत्क्रमित उच्च विद्यालय ढेंगुरा, रोहित लिंडा का डोभा निर्माण, सरिता तिर्की का आम बागवानी, गोवर्धन गंजू के तालाब गहरीकरण एवं बिरहोर टंडा में आदिम जनजातियों के उजड़े आवासों का निरीक्षण किया। साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र,मनातू एवं स्वास्थ्य उप केंद्र,पसाई का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान संज्ञान में आए खामियों को दो दिनों के अंदर दूर करने का निर्देश दिया।

## झारखंड भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के बनने से संगठन में आएगी मजबूती : मनीष जायसवाल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** झारखंड भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के बनाए जाने का हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने स्वागत किया है। भाजपा विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व ने झारखंड के हितों को देखते हुए बहुत ही अच्छा निर्णय लिया है। जिसका हम सभी जोरदार ढंग से स्वागत करते हैं। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा और अमित शाह धन्यवाद के पात्र हैं। श्री जायसवाल ने कहा कि आने वाले समय में लोकसभा और विधानसभा का चुनाव होने वाला है। झारखंड के लोकप्रिय नेता बाबूलाल मरांडी के प्रदेश अध्यक्ष बनने से इन चुनावों में पार्टी को लाभ मिलना तय है। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी के प्रदेश अध्यक्ष बनने से राज्य के कार्यकर्ताओं में एक नए तरह का उत्साह और संचार देखने को मिलेगा।

## सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए सतर्कता अति आवश्यक है : ऋषि कांत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले में सड़क दुर्घटना के आंकड़ों में लगातार वृद्धि होती जा रही है । स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन व परिवहन विभाग सचेत हो गया है । इसे कम करने के लिए जिले में निरंतर जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है ।आज जिला परिवहन कार्यालय रामगढ़ में आए हुए प्रशिक्षु वाहन चालकों को रोड सेफ्टी टीम के द्वारा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया । सड़क पर चलते हुए किसी पशु या प्राणी को हानि ना पहुंचाने के लिए शपथ भी दिलाई गई ।मौके पर सड़क अभियांत्रिकी विश्लेषक ( सड़क सुरक्षा) ऋषि कांत ने बताया की ऐसा अभियान भविष्य में भी चलता रहेगा।दुर्घटना के प्रति जागरूक करने के लिए सड़क सुरक्षा दल के द्वारा विद्यालय व विभिन्न चौक चौराहों पर भी लगातार अभियान चलाया जा रहा है । जिला परिवहन पदाधिकारी महोदय का सख्त आदेश है कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे वाहन ना चलाये । पकड़े जाने पर उनका चालान कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा नुक्कड़ नाटक के कलादलों के साथ एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**हजारीबाग :** जिला जनसंपर्क कार्यालय के द्वारा सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं तथा वर्तमान में चल रहे महत्त्वपूर्ण अभियानों के वृहत प्रचार प्रसार कर तत्संबंधित जानकारियों को जन जन तक पहुंचाने व जागरूक करने उद्देश्य से जिला समाहरणालय के समाज कल्याण सभागार में विभिन्न कलादलों के कलाकारों के साथ जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव की अध्यक्षता में एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यशाला के प्रारंभ में जनसंपर्क पदाधिकारी ने उपस्थित विभिन्न कलादलो के दलनायक को सरकार की योजनाओं तथा वर्तमान में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित अभियानों के प्रचार प्रसार के महत्ता को बताया। इस दौरान समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो,जिला सांख्यिकी पदाधिकारी जेवियर मिंज, स्वास्थ्य विभाग से जिला वीभीडी कार्डिनेटर ने अपने अपने विभागों के महत्त्वपूर्ण योजनाओं के मुख्य बिंदुओं को विस्तार से बताया।मसलन समाज कल्याण द्वारा नशा मुक्ति अभियान, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना,मुख्यमंत्री सुकन्या योजना के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला।

## पतरातू पालू से शिव भक्तों का पहला जत्था जल चढ़ाने देवघर रवाना हुए

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** मंगलवार को प्रखंड अंतर्गत ग्राम पालू रोचाप तिलैयाटांड़ टेरपा और पीटीपीएस से सैकड़ों ग्रामिण जल चढ़ाने के लिए बाबा बैजनाथ धाम देवघर रवाना हुए। प्रस्थान के पूर्व सभी शिव भक्त कांवरिया पालू शिव मंदिर में एकत्रित हुए। जंहा कांवरियों के उद्घोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। कांवरियों के इस जत्थे को आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने शुभकामनाओं के साथ झंडी दिखाकर रवाना करवाए। देवघर रवाना होने वाले में अर्जुन महतो, राजेश महतो,रिंकू मिश्रा, सुरेश महतो, बिनोद यादव, सूर्यदेव नाथ महतो, सुरेंद्र महतो, गागो महतो, लालदेव महतो, भीम महतो, संतोष सिंह, भीम सिंह, कृष्णा मिश्र, अशोक रजवार, धनेश्वर सिंह, सुनील प्रजापति, अनिल प्रजापति, वकील महतो, कैलाश महतो, राजेश महतो, सुनीता देवी, ललिता देवी, मानो देवी, काशो देवी, पार्वती देवी, सीता देवी, चंद्रावती देवी, संध्या देवी, बिंदिया देवी, अनिता देवी, रीना देवी,बासो देवी, प्रतिमा देवी इत्यादि शामिल थे।

# पतरातू पुलिस अंतर जिला बाइक चोर गिरोह के चार सदस्यों को किया गिरफ्तार, 6 बाइक भी बरामद

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ़ :** एसपी पीयूष पांडे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया की गुप्त सूचना के आधार पर 3 जुलाई को पतरस्तु थाना द्वारा पतरातू खेलारी रोड में टेरपा मोड़ के पास सरना उच्च विद्यालय से आगे वाहन चेकिंग के क्रम बुढ रोधी के बिना नम्बर के मोटरसाईकिल पर आ रहे दो व्यक्तियों को रुकने का इशारा करने पर ये भागने लगे। जिन्हें पुलिसबल द्वारा खदैखकर पकड़ा गया । पुलिस द्वारा पूछताछ में आपना नाम 1 सोहेब मल्लिक, पे0-करीम मल्लिक, सा0-ईचापिडी, थाना-बूढमू, जिला-रांची एवं 2. शिवाकर कुमार प्रजापति, पे0 भिखु प्रजापति सा0-टेरपा, थाना- पतरातु जिला-रामगढ़ बताया। उनसे मोटरसाईकिल के कागजात की मांग किया गया तो उनलोगों द्वारा कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। न ही कोई संतोष जनक जबाव दिया गया। तत्पश्चात पकड़ायें उक्त दोनों व्यक्ति से मोटरसाईकिल के संबंध में पूछताछ की गई तो उनलोगों द्वारा बताया गया कि यह मोटरसाईकिल चोरी का है । जिसे हमलोग कुछ दिन पहले मौहर पाना रांची क्षेत्र से चोरी किये थे और इसे बेचने के लिए लेकर पतरातु तरफ जा रहे थे। तब उनलोगों से आगे पूछताछ की गई तो बताया कि हम दोनों के आलावे टेरपा गांव के शिवम कुमार साव और आनन्द कुमार साव के साथ मिलवार रांची एवं आस-पास के विभिन्न क्षेत्रों से मोटरसाईकिल की चोरी करके बेचने के लिए ग्राम टैरया में शिवशंकर प्रजापति के घर में तीन, शिवम कुमार साव के घर में एक और आनन्द साव के घर में एक मोटरसाईकिलकुल 05 (पांच) मोटरसाईकिल को छिपाकर रखे हैं। अभी जाने पर उक्त सभी मोटरसाईकिल को बरामद करा सकते है।

## कटिया में स्वामी विवेकानंद की पुण्य तिथि मनाई गई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** ग्राम पंचायत कटिया में स्वामी विवेकानंद स्मारक समिति के तत्वधान में स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि मनाई गई।जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सह मुखिया किशोर कुमार महतो तथा संचालन अमित कुमार सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद जी के कटआउट पर माल्यार्पण किया गया।जिसके बाद उपस्थित लोगों के द्वारा पुष्प अर्पित किया गया।समिति के अध्यक्ष किशोर कुमार महतो ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द विख्यात और प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु थे। उनका वास्तविक नाम नरेन्द्र नाथ दत्त था। उन्होंने अमेरिका स्थित शिकागो में आयोजित विश्व धर्म महासभा में भारत की ओर से सनातन धर्म का प्रतिनिधित्व किये थे और भारत का नाम विश्व के पटल पर रोशन किये थे।मौके पर उप मुखिया नंद किशोर महतो, प्रियनाथ मुखर्जी, गणेश कुमार ठाकुर, निर्मल जैन, रणधीर कपूर, राजू कुमार, रंजन कुमार,सनोज कुमार, रमेश महतो, रूपलाल कुमार, नरेश महतो,सुनीता देवी, सुरेश महतो इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## अनुमंडल कार्यालय विधायक प्रतिनिधि चुने जाने को लेकर पूर्व मुखिया को अल्पसंख्यक कल्याण समिति द्वारा किया गया स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही विधायक उमाशंकर अकेला द्वारा पूर्व मुखिया दशरथ यादव को बीते दिन अनुमंडल कार्यालय का विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया गया था। जिसे लेकर अल्पसंख्यक कल्याण समिति के अध्यक्ष मोहम्मद कयूम ने फूल माला पहना कर उनका स्वागत किया। मौके पर अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष मोहम्मद कयूम, सुरेश कुशवाहा, सुनील कुमार यादव, सीताराम यादव, राजू कुमार, संजय यादव, रामेश्वर राम, कृष्णा मोदी, मुख्य रूप से मौजुद थे।

## अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ ने जीएम अरगड्डा को पत्र सौंपकर 13 दिनों के कामगारों का बकाया वेतन मांगा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**सिरका :** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ (एजेकेएसएस) का एक प्रतिनिधिमंडल अरगड्डा क्षेत्र कामगारों के 13 दिनों के वेतन भुगतान मामले को लेकर जीएम सुधांशु कुमार पांडे से मिला। इस दौरान एजेकेएसएस अरगड्डा क्षेत्रीय सचिव रामजी सिंह के नेतृत्व में प्रबंधन को मांग पत्र सौंपा गया। इसमें कहां गया कि प्रबंधन द्वारा सैंप व्यवस्था एक मार्च 22 से लागू करने के कारण बीते 16 फरवरी 2022 से 28 फरवरी 2022 तक के अरगड्डा क्षेत्र के मजदूरों का वेतन भुगतान नहीं हो पाया। बकाए वेतन के भुगतान को जल्द देने की मांग की हैं। इधर प्रबंधन ने भी सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया हैं। प्रतिनिधिमंडल में गुड्डु यादव, रामजी सिंह, शांता कुमार, देव कुमार बेदिया, कुंदन राम, सलीम शहजादा, बिरजू साव, सूरज सोना, सुनील बेदिया, भीम, कालेश्वर महतो, अर्जुन कुमार, देवेंद्र, विशाल सिंह आदि सदस्य शामिल थे।

## यूथ विंग के संरक्षक ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बाबूलाल मरांडी को दी शुभकामनाएं



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** शहर में सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने वाले हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन के द्वारा भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष नियुक्त होने पर बाबूलाल मरांडी को शुभकामनाएं दी। मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार राष्ट्रीय महासचिव अरुण कुमार सिंह पत्र जारी किया है।चंद्रप्रकाश जैन ने कहा कि मैं व्यक्तिगत रूप से बाबूलाल मरांडी से कई बार मुलाकात कर चुका हूं मिलनसार व्यक्ति, हर चीजों को धैर्य से सुनिश्चित करना भी इनकी सबसे बड़ी पहचान है। पद पर रहकर भी पद पर ना रहकर भी इन्होंने जो समाज के प्रति अपनी सेवा दी है उसे कभी भूला नहीं जा सकता। साथ ही कहा आपके नेतृत्व में झारखंड प्रगति की ओर अग्रसर होगा।

## रेन्बो स्कूल बरही में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि, दी गई श्रद्धांजलि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड अंतर्गत शिवपुर गडलाही में संचालित रेन्बो स्कूल बरही में स्वामी विवेकानंद की 121 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा द्वारा स्वामी विवेकानन्द जी के फोटो पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य पंचम पांडेय सहित सभी शिक्षकों ने बारी बारी ने स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। समारोह को संबोधित करते हुए निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा स्वामी जी के जीवन के कई अनछुए पहलुओं का वर्णन किया। उन्होंने स्वामी जी को भारतीय संस्कृति का अप्रतिम योद्धा बताते हुए कहा कि स्वामी जी का जीवन जितना सरल और सादा था, उनकी सोच और उनके विचार उतने ही ऊँचे थे।

## इंटर पास युवा मनीष ने शुरू किया बकरी पालन

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग । सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड स्थित कटकमदाग निवासी इंटर पास युवा मनीष कुमार ने बकरी शेड का निर्माण कर बकरी पालन की शुरुआत की है ।मंगलवार को हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने नारियल फोड़कर और फीता काटकर उनके बकरी शेड का विधिवत उद्घाटन किया। शेड परिसर में लीची और नींबू के पौधे भी उन्होंने अपने हाथों से लगाएं। मनीष कुमार ने अपनी माता सुमा देवी के नाम से खुद के पैसे से इस व्यवसाय की शुरूआत की है ।शेड के उद्घाटन के बाद विधायक मनीष जयसवाल ने इसके संचालक मनीष कुमार से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। मनीष ने बताया कि वह इस क्षेत्र में दक्षता प्राप्त है और उसने बकरी पालन के संपूर्ण विधाओं की विशेष प्रशिक्षण बिहार के पटना के राजेंद्र नगर से प्राप्त की है। मनीष फिलहाल बकरी के ब्लैक बंगाल, सिरोही, बुजरी, तोतापरी प्रकार के नस्ल की कुल 20 बकरी से यहां व्यवसाय शुरू किया। विधायक मनीष जायसवाल ने इस नए व्यवसाय की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए मनीष कुमार को आश्वस्त किया कि भविष्य में हर संभव सरकारी सहयोग आपको उपलब्ध कराने में मदद करेंगे।

## दो डिसमिल जमीन का मुआवजा पाने के लिए पांच साल से विभिन्न कार्यालय का चक्कर लगा रहे

प्रभात मंत्र संवाददाता



**चौपारण :** प्रखंड के पांडेपूरा पंचायत के बारा बी मौजा के निवासी 65 वर्षीय लखन साव पिता स्वर्गीय विष्णु साव 1993 में मौजा बारा बी, पांडेपुरा में ढाई डिसमिल जमीन खरीदे थे. यह जमीन जीटी रोड के चौड़ीकरण में अधिग्रहित कर ली गई गयी. इसके बदले लखन साव को आधा डिसमिल जमीन का मुआवजा वर्ष 2019 में मिला. इसके बाद लखन साव 2 डिसमिल जमीन के मुआवजा भुगतान करने के लिए जिला भू अर्जन पदाधिकारी को समस्त दस्तावेज के साथ 7 बार 29-6-2019, 10- 3 - 2020, 12-12 - 2020, 30-1- 2021, 23-3 - 2021, 25-3- 2022, 11-11- 2022 को आवेदन दे कर मुआवजा का भुगतान का आग्रह किया लेकिन आज तक भुगतान नहीं हुआ. बेबस होकर लखन साव ने मुआवजा भुगतान करने के लिए उपायुक्त के जनता दरबार में दिनांक 11 - 11 - 2022, शिकायत संख्या 1775, 21-3-23, शिकायत संख्या 711 में फरियाद किया. इसके बाद भी भुगतान नहीं हुआ तो आज फिर लखन साव ने उपायुक्त के जनता दरबार में मुआवजा भुगतान करने के संबंध में आवेदन दिया जिसका शिकायत संख्या 1542 है. सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भी लखन साव ने दो दो बार आवेदन दिया लेकिन मुआवजा का भुगतान आज तक नहीं किया गया. चौपारण से हजारीबाग, हजारीबाग से चौपारण का चक्कर काटने मे लखन साव हजारों रूपया खर्च कर चुकें हैं. सीपीएम नेता गणेश कुमार सीटू ने उपायुक्त हजारीबाग से मांग की है कि लखन साहू का मुआवजा तत्काल भुगतान करवाने की पहल करें ताकि जिला प्रशासन और सरकार के प्रति आम जनता का विश्वास बना रहे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# जिला अनाबद्ध निधि, पर्यटन विकास व डीएमएफटी के तहत हो रहे विकास कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में रामगढ़ जिले में अनाबद्ध निधि, पर्यटन विकास एवं डीएमएफटी के माध्यम से हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।विकास कार्यों व अन्य योजनाओं के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी अधिकारियों व कार्यपालक अभियंताओं से कहा कि विभिन्न विकास कार्यों एवं सरकार की योजनाओं का लाभ जल्द से जल्द लोगों को मिले इसके लिए यह बहुत जरूरी है कि आप सभी अपने कार्यों को गंभीरता से करें। इसके लिए उपायुक्त ने अधिकारियों को नियमित रूप से स्थल निरीक्षण करने एवं कार्य प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए कार्य पूरा करने का निर्देश दिया वही उपायुक्त ने बरसात के मौसम के मद्देनजर योजनाबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के संबंध में अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशानिर्देश दिए।बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को वैसे पुराने आंगनवाड़ी जिनके लिए नए भवन का निर्माण कराया गया है उनका संचालन जल्द से जल्द नवनिर्मित भवन में शुरू करने का निर्देश दिया वही बिरसा बस स्टैंड के जीर्णोद्धार कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने ससमय कार्य को पूर्ण कर जिले वासियों को बस स्टैंड में विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने डीएमएफटी के तहत संचालित गोट बैंक परियोजना के तहत अब तक हुए कार्यों की जानकारी जिला पशुपालन पदाधिकारी से ली। इस दौरान जिला पशुपालन पदाधिकारी द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई की गोट बैंक परियोजना के सफल संचालन हेतु चयनित लाभुकों को



प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया जा चुका है वही बेहतर तरीके से बकरी पालन की तकनीक व विभिन्न जानकारियां लाभुकों को उपलब्ध कराने के उद्देश्य द्वितीय चरण का प्रशिक्षण इसी महीने में प्रस्तावित है। इस संबंध में उपायुक्त ने प्रशिक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की सहभागिता प्रशिक्षण में सुनिश्चित करते हुए प्रशिक्षण का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश जिला पशुपालन पदाधिकारी को दिया।जलापूर्ति योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को किसी भी माध्यम से जलापूर्ति संबंधित किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर उस पर संज्ञान लेने वह जल्द से जल्द समस्या को हल करने का निर्देश दिया वहीं उपायुक्त ने जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में जलापूर्ति योजनाओं की जानकारी व योजनाओं के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा करते ससमय कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया।स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के माध्यम से जिले के कुपोषित बच्चों के उपचार के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को योजनाबद्ध तरीके से जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्थित पंचायतों का चयन कर शिविर आयोजित करने एवं कुपोषित बच्चों के उपचार हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।जिले के प्रतिभावान एवं मेधावी बच्चों को राष्ट्रीय स्तर के शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश दिलाने हेतु डीएमएफटी के तहत संचालित मेडिकल व इंजीनियरिंग कोचिंग परियोजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को नियमित रूप से कोचिंग सेंटर का निरीक्षण करने एवं बच्चों को कोचिंग सेंटर के माध्यम से मिल रहे लाभ की जानकारी लेने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी एजेंसियों के कार्यपालक अभियंताओं को विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा के क्रम में उस क्षेत्र में अन्य विकास कार्यों की आवश्यकता पर भी ध्यान देने एवं उससे संबंधित प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।जिला अनाबद्ध निधि एवं डीएमएफटी के माध्यम से ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल एवं ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल द्वारा सड़क निर्माण, पीसीसी पथ निर्माण सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने अब तक हुए कार्यो की विस्तार से जानकारी ली एवं कार्यो को ससमय पूर्ण कराने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने जिले के वैसे स्कूल जिनमे चारदीवारी नही है।

## भारत की सड़कों पर अपना जलवा दिखाने आ गई है सबसे दमदार किआ

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत की मशहूर प्रीमियम कार निर्माता किआ ने अपनी लेटेस्ट इनोवेशन, न्यू सेल्टोस के बहुप्रतीक्षित लॉन्च के साथ प्रीमियम आरवी सेगमेंट का विस्तार करने की पूरी तैयारी कर ली है। हमेशा कुछ नया आजमाने और करने की सोच रखने वाले नए जमाने के कस्टमर्स के लिए डिज़ाइन की गई, न्यू सेल्टोस एक पावर-पैक, स्मार्ट और सेफ ड्राइविंग अनुभव देती है और इसका एक्सटीरियर और इंटीरियर लाजवाब और बेमिसाल है। किआ कॉर्पोरेशन के लिए सेल्टोस सबसे बड़े ब्रांडों में से एक है। दुनिया में बिकने वाली प्रत्येक 10 किआ कारों में से 1 नाम सेल्टोस का है। नई सेल्टोस मिड-एसयूवी सेगमेंट को अपने सेगमेंट में बेस्ट फीचर्स और शानदार डिजाइन के साथ पेश करेगी। वर्तमान में, किआ इंडिया की कुल बिक्री में सेल्टोस ब्रांड की हिस्सेदारी 55ब है।इस सफलता से प्रोत्साहित होकर, किआ इंडिया ने किआ 2.0 के अंतर्गत एक नई परिवर्तन यात्रा - किआ 2.0 का भी अनावरण किया।




## एम्बुलेंस की टेंडर प्रक्रिया में झोल, हाईकोर्ट के फैसले से पहले सरकार ने दिया टेंडर

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड में एम्बुलेंस सेवा प्रदाता कंपनी का कार्यकाल पूरा होने के बाद सरकार इसे टेंडर के माध्यम से अब बदलने की योजना बनाई थी। शायद सरकार की नीयत में खोट दिखाई दे रही है, इस मामले पर सुनवाई के लिए कोर्ट में एक मामला चल रहा है, लेकिन अब सरकार ने फैसले का इंतजार नहीं करते हुए पहले ही टेंडर दे दिया है। हड़बड़ाहट में दिए गए इस टेंडर में 337 एंबुलेंस के लिए कीमत प्रति माह 1,15,000 रुपये है, जबकि 543 एंबुलेंस के लिए यह राशि 1,30,000 रुपये प्रति माह है। जो कि राज्य की न्यायिक प्रक्रिया पर सवाल खड़ा करते हुए एक विवाद का विषय बन गई है। सरकार का यह कदम से संलग्न लोगों की मंशा पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है।

## आईआईटी गुवाहाटी ने कोर्सेरा पर ऑनलाईन बैचलर ऑफ साईंस (ऑनर्स) प्रोग्राम लॉन्च किया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत का नं. 7 शीर्ष इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलॉजी (आईआईटी) गुवाहाटी दुनिया के अग्रणी ऑनलाईन लर्निंग प्लेटफॉर्म्स में से एक, कोर्सेरा पर एक ऑनलाईन 'बैचलर ऑफ साईंस (ऑनर्स) डिग्री प्रोग्राम इन डेटा साईंस एंड आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस' लॉन्च कर रहा है। यह ऑनलाईन डिग्री लर्नर्स को डेटा साईंस एवं आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस में बहुत ऊँचे वेतन और तेज विकास वाले करियर के लिए तैयार करती है। जेनरेटिव एआई को तेजी से अपनाए जाने और डिजिटल पहुँच में सुधार के साथ विभिन्न पदों और उद्योगों के लिए डेटा साईंस एवं आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस (एआई) के कौशलों का महत्व बहुत बढ़ गया है। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 रोजगार के लिए युवाओं की योग्यता बढ़ाने के लिए मशीन लर्निंग, आर्टिफिशियल इंटैलिजेंस, बिग डेटा एनालिसिस जैसे तेजी से विकसित होते क्षेत्रों में प्रोफेशनल्स के प्रशिक्षण और उन्हें तैयार करने पर बल देती है।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गुवाहाटी
Indian Institute of Technology Guwahati

## कोयला नगरी गिददी क्षेत्र में दो चरणों में एक घंटे हुई बारिश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिददी :** कोयला नगरी गिददी क्षेत्र समेत आस-पास के इलाकों में मंगलवार को अपराहन 1ः15 बजे और अपराहन 3:25 बजे के दो चरणों में 25 और 35 मिनट वर्षा हुई। इससे उमश भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली। लेकिन दूसरी ओर बारिश का पानी कॉलोनी के गली, मोहल्लों नालियों में जरूरत से अधिक उमड़ पड़ा। इससे सड़कों गलियों में कीचड़ और कचड़े उभर आएं। लोगों को सड़कों पर चलने में भी असुविधा महसूस हुई। वर्षा बंद होने के बाद सड़कों पर कीचड़, कचड़े इधर उधर पड़े हुए दिखाई पड़े। वर्षा के बाद से ही गिद्दी ए कॉलोनी के अधिकांश मकानों में बिजली गुल होने की भी सूचना हैं। समाचार लिखे जाने तक अप्रिय घटना की खबर नहीं मिली थी। आसमान में काले बादलों के बवंडर मर्डरा रहे थे। जो कभी भी बरसने के संकेत दे रहे थे।



## मोटोरोला ने रेजर 40 अल्ट्रा और रेजर 40 लॉन्च किया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के बेहतरीन 5जी स्मार्टफोन ब्रैंड और फ्लिप फोन के निर्माण में सबसे आगे रहने वाली कंपनी मोटरोला ने भारतीय स्मार्टफोन के बाजार में एक बार फिर तहलका मचा दिया है। कंपनी ने अपनी फ्लैगशिप रेज़र स्मार्टफोन सीरीज में मोटोरोला रेज़र 40 अल्ट्रा और रेज़र 40 लॉन्च किए हैं। इस घोषणा के साथ ही फोल्डेबल स्मार्टफोन की स्क्रिप्ट को नए सिरे से पेश करने के लिए बाजार में आधुनिक तकनीक और यूजर के खास स्टाइल को दुनिया के सामने पेश करने वाले प्रतिष्ठित रेज़र सीरीज के फोन वापसी हुई है। इस नई फैमिली का हरेक फोन उन आधुनिक उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए बनाया गया है जो सबसे अलग दिखना चाहते हैं और अपने लिए मॉडर्न फ्लिपफोन का बेस्ट वर्जन चाहते हैं। मोटोरोला ने बॉलीवुड की प्रमुख अभिनेत्री कृति सेनन को शहर में हुए लॉन्च इवेंट में अपना नया ब्रांड एंबेसेडर बनाने की घोषणा की। मोटोरोला रेज़र40 अल्ट्रा 89,999 रुपये के लॉन्च प्राइस में मिल रहा है जबकि मोटोरोला रेज़र40 स्मार्टफोन 59,999 रुपये के लॉन्च प्राइस पर उपलब्ध है।मोटोरोला एशिया पैसिफिक के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर प्रशांत मणि ने लॉन्च के अवसर पर कहा, मोटोरोला टेक्नोलॉजी और नवीनतम आविष्कारों में सबसे आगे रहा है।




## बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन फाइनेंशियल सर्विसेज फंड लॉन्च किया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन फाइनेंशियल सर्विसेज फंड के लॉन्च की घोषणा की, जो एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है, जो निवेशकों को फाइनेंशियल सर्विसेज सेक्टर में बहु-वर्षीय विकास के अवसरों से लाभ उठाने का अवसर प्रदान करती है। फंड को सक्रिय रूप से एक ऐसी टीम द्वारा प्रबंधित किया जाएगा जिसके पास इस आकर्षक वैल्यू चेन में विशाल अवसरों का लाभ उठाने में एक मजबूत वंशावली और विशेषज्ञता है, जो निवेशकों को अर्थव्यवस्था की ग्रोथ स्टोरी से लाभ उठाने का अवसर प्रदान करेगी। नया फंड ऑफर सोमवार, 10 जुलाई, 2023 को खुलेगा और सोमवार, 24 जुलाई, 2023 को बंद होगा। बंधन फाइनेंशियल सर्विसेज फंड में निवेश लाइसेंस प्राप्त म्यूचुअल फंड वितरकों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के साथ-साथ सीधे https://www.bandhanmutual.com पर भी किया जा सकता है।इस बात पर प्रकाश डालते हुए कि निवेशकों को वित्तीय सेवा क्षेत्र में निवेश पर विचार क्यों करना चाहिए।

## धूमधाम से सम्पन्न हुआ ओशोधारा संघ रामगढ़ का गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** परम गुरु ओशो की असीम अनुकम्पा एवं समर्थगुरु के शुभाशीष से स्थानीय बिजुलिया तालाब रोड स्थित स्वामी मनोज गुप्ता एवं स्वाति गुप्ता के निवास परिसर में ओशोधारा संघ रामगढ़ के तत्वावधान में ÷गुरु पूर्णिमा महोत्सव÷ अत्यंत हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हुआ। जिले भर से आयोजन में पधारे ओशोप्रेमियों की सहृदय उपस्थिति ने उल्लास , उत्साह एवं उमंग के नये कीर्तिमान गढ़े ।आयोजन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन , सामुहिक पुष्पार्पण , गुरु वंदना तथा लोकमंगल के भावगीत से हुआ। आयोजक की भूमिका में रहे स्वामी मनोज गुप्ता ने अपने साधना काल के अनुभवों को साझा किया। इसके पश्चात आचार्य किशोर गुप्ता ने भगवान शिव के दृष्टांतों पर आधारित हृदयस्पर्शी नाम ध्यान कराया। नाम ध्यान की विशिष्ट अनुभूतियों का आह्लादकारी स्पर्श सभी के मन-प्राण में जैसे रच-बस गया हो , सभी प्रसन्नचित्त दिखाई पड़ रहे थे। गुरुदेव की आरती में सभी साधक-साधिकाओं ने भावविभोर होकर अपनी भागीदारी निभाई। प्रसंगानुसार ओशोगीतों की धुन पर देहभान भूलकर सभी ने उत्सव का आनंद लिया। इसके पश्चात चरण पहाड़ी से भजन गायक प्रियाचरण दास के नेतृत्व में आए प्रेम कुमार दास , भूषण राधे तथा आनंद राधे ने राधा रानी की शान में एक से बढ़कर एक नग्मों की कड़ियां बिखेरीं। भक्ति रस में डूबे मंत्रमुग्ध श्रोताओं को ढलती शाम कब रात के आंचल में सिमट गई पता भी नहीं चला। कोरस की जबरदस्त भूमिका निभा रहे ओशोधारा पूर्वी भारत प्रदेश के प्रेस मीडिया कोआर्डिनेटर स्वामी राज़ रामगढी आज एक अलग अंदाज़ में नज़र आए। आभार ज्ञापन के क्रम में स्वामी राज़ रामगढी ने गुरु पूर्णिमा की सनातन परंपरा एवं महत्व को रेखांकित करते हुए सभी की गरिमामयी उपस्थिति के प्रति अनुराग , सम्मान और आभार व्यक्त किया। गुरु प्रसाद के रूप में रात्रि भोजन के साथ आयोजन का समापन हुआ।इस अवसर पर मुख्य रूप से संजय गांगुली , कंचन गांगुली , केदार मुंडा , श्रवण कुमार ठाकुर , राधेश्याम पाल , मोहन अग्रवाल , रामेश्वर राणा , देवंती राणा , अजय सिंह , धीरेश कुमार , सोनी देवी , रंजू पांडेय , ललिता देवी , मंजू देवी , सुनिता देवी , इन्दु देवी , लक्ष्मी देवी , संतोष अग्रवाल , संतोष गुप्ता , मोहित गुप्ता , भैरवी , विदुषी , वैष्णवी सहित दर्जनों ओशो प्रेमीगण उपस्थित थे। इस तथ्य की जानकारी स्वामी राज़ रामगढी ने साझा की है।

## कोयलांचल अरगड्डा में श्रावण के पहले दिन भोले के भक्तों ने किया जलाभिषेक

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल अरगड्डा- सिरका, जीएम ऑफिस समेत आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र के भक्तों ने मंगलवार को श्रावण माह के पहले दिन शिवालयों में बाबा भोलेनाथ का दर्शन कर शिवलिंग पर बेलपत्र, पुष्प अर्पित कर जलाभिषेक किया। अवसर पर भक्तों ने कहां कि सावन महिने में भोलेनाथ की असीम कृपा पाने का अवसर हम सभी को मिलता हैं। इस बार बरसों के बाद 2 माह का सावन होने वाला हैं। जिसमें भक्तजन भोले शंकर का अपार आशीर्वाद पा सकते हैं। वही मंदिर समितियों के द्वारा श्रावण माह को लेकर तैयारियां भी की गई हैं। जिसमें भजन, कीर्तन, पूजन- पाठन, प्रसाद वितरण, मंदिर व शिवालयों की सजाना शामिल हैं। पूरा क्षेत्र केदारनाथ के जयकारों से गूंजामय बन उठा हैं। भक्तों की टोली बाबा को प्रसन्न करने में लगे हुए हैं।


### हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग

**शुद्धि पत्र**

हजारीबाग नगर निगम कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना संख्या UDD/HMC/HZB/SBD/02/2023-24, जिसका PR No. 299947 हैं, में निम्नलिखित रूप से संशोधन किया जाता है।

| Sl. No. | Last Date of | Dates as per NIT | Amended Dates |
|---|---|---|---|
| 1. | Last Date/Time for receipt of online bids | 05.07.2023 up to 05:00 PM | 12.07.2023 up to 05:00 PM |
| 2. | Last Date/Time for receipt of EMD (Hard Copy) | 06.07.2023 up to 02:00 PM | 13.07.2023 up to 02:00 PM |
| 3. | Date/Time of Opening bids | 07.07.2023 at 11:00 AM | 14.07.2023 at to 11:00 AM |

शेष सभी शर्ते पूर्ववत् रहेंगी।

ह०/–

कार्यपालक अभियंता, नगर निगम, हजारीबाग

PR.NO.301409 Urban Development and Housing(23-24):D

### कार्यालय : जिला परिषद, चतरा।

(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**-: शुद्धि पत्र :-**

इस कार्यालय के पत्रांक 623/जि0प0, दिनांक 14.06.2023 द्वारा आमंत्रित अतिअल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना सं0–07/23–24 (PR No. 300044 District (23-24) # D) से प्रकाशित निविदा में निम्न प्रकार आंशिक संशोधन किया जाता है–

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 10/07/2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 12.07.2023 से 18.07.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक
3. जिला परिषद, चतरा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate, Affidavit (Original copy) एवं ऑनलाईन समर्पित कागजातों की एक प्रति जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय : 19.07.2023 अपराह्न 03:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद, चतरा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –20.07.2023 अपराह्न 2:00 बजे।

शेष शर्तें यथावत् रहेगी।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा।

PR 301322 (District) 23-24 (D)

### उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गिरिडीह, (जिला पशुपालन कार्यालय, गिरिडीह)

ईमेल आईडी - daho.grd@gmail.com

**"आवश्यक सूचना"**

पशुपालन निदेशालय, राँची के पत्रांक– 2040 नि0, दिनांक – 22.12.2022, 868 नि0, दिनांक – 07.06.2023 एवं 928 नि0, दिनांक – 19.06.2023, द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष–2020–21 एवं 2021–22 के लिए पशु पक्षी आपूर्ति हेतु औपबंधिक रूप से सूचीबद्ध आपूर्तिकर्ता:–

1. आस्था–फाउंडेशन, लाइन टैंक रोड, राँची।
2. पारस फार्म, रमनीक पथ कटहल गुटवा, राँची।
3. छोटानगपुर विकास निधि, कामडारा, गुमला।
4. निदान फाउंडेशन, वर्धमान कम्पाउण्ड, लालपुर, राँची।
5. पर्वतीय दुर्गम शिक्षा विकास, बरियातु रोड़, राँची।
6. छोटानागपुर क्राफ्ट डेवलपमेन्ट सोसायटी, हवाई नगर, राँची।

कुल छः को छोड़कर शेष सभी इच्छुक सूचीबद्ध आपूर्तिकर्ता विभिन्न वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए पशुपक्षी आपूर्ति हेतु अपना सहमती पत्र स्वयं या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक – 10.07.2023 अपराह्न 3:00(तीन) बजे तक जिला पशुपालन कार्यालय, भंडारीडीह, गिरिडीह में समर्पित करें। निर्धारित तिथि एवं अवधि के बाद सहमती पत्र स्वीकार नहीं होगा।

जिला पशुपालन पदाधिकारी
गिरिडीह

PR 301408Animal Husbandry(23-24)#D

### झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

50वीं औपबंधिक सूची
जिला:–चतरा

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक– 20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. आवेदन क्र0–05/23<br>2. आवेदक– रामेश्वर भोगता<br>3. पिता–भादे गंझू<br>4. ग्राम–हाहे पोस्ट– पिरि<br>5. थाना–सिमरिया प्रखण्ड–सिमरिया<br>6. लिंग–पुरूष आयु–63 वर्ष<br>7. पहचान चिन्ह–अंकित नहीं | सिमरिया थाना काण्ड सं0 112/93 जीआर सं0 641/93 | पृष्ठ सं0–65, क्र.सं.–02(10) | कारण :– दिनांक 25.09.1993 को नाजायज मजमा बनाकर सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप। धारा–147/148/323/307 भा0दं0वि0 पार्टी का नाम:–झामुमो | कंडिका 2(ix) |

नोट :– 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य — (नरसिंह मुर्मू) सदस्य — (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 301310 Home(23-24)D

### Office of Collectorate, Gumla Jharkhand
District Development Office, Gumla
**(EOI Document)**

Ref no.: - 649 Date: - 28-06-2023

**EXPRESSION OF INTEREST FOR: - Selection of Agency for Operation of Mobile Medical Unit as primary healthcare model in the remote areas of Gumla district**

| SL. NO | INFORMATION/SUBJECT | DETAIL |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 01 | NAME OF WORK | **Selection of Agency for Operation of Healthcare-on-wheelsMobile Medical Unit as primary healthcare model in the remote areas of Gumla district** |
| 02 | DATE OF PUBLICATION OF BID | 03-07-2023 |
| 03 | EARNEST MONEY TO BE DEPOSITED | 100000/- One lakh rupee only- in the from of DD (Valid for at last 3 month from the last date of submission of the bid) in favor of Deputy Devlopment Commissioner Gumla |
| 04 | LAST DATE & TIME FOR BID SUBMISSION | 13-07-2023 |
| 05 | BID SUBMMISSON PLACE | Vikas Shakha, Gumla |
| 06 | DATE AND TIME FOR BID OPENING | 13-07-2023 |
| 07 | BID OPENING PLACE | Vikas Bhawan, Vikas Shakha, Gumla |
| 08 | HELPLINE NO. AND EMAIL ADDRESS | drdagumla2014@gmail.com |

**NOTE: - FOR FURTHER DETAIL PLEASE VISIT** www.gumla.nic.in

**Deputy Commissioner cum District Magistrate, Gumla**

PR 301333 (Rural Development) 23-24 (D)

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा

**निविदा आमंत्रण सूचना सं0 :–09/2023-24 (अतिअल्पकालिक निविदा)**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– 11.07.2023 को कार्यालय अवधि में। (राजपत्रित अवकाश को छोड़कर)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– 12.07.2023 को कार्यालय अवधि में 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 12.07.2023 को 03:30 बजे अपराह्न में।
5. परिमाण विपत्र की बिक्री की स्थान :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
6. निविदा प्राप्ति/खोलने का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप॰ सं॰ | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पत्थलगड़ा | पंचायत–सिंघानी, ग्राम–सिंघानी में गफूर मियां के घर से हरिदयाल रजक के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 775500.00 | 16000.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 2 | पत्थलगड़ा | पंचायत–नावाडीह डमौल, ग्राम–बाजोबार में शिव मंदिर से बनिया टोला तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 488400.00 | 10000.00 | 750.00 | 03 माह |
| 3 | पत्थलगड़ा | पंचायत–बरवाडीह, ग्राम–बेलहर में मंडप से नदी तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 970800.00 | 19500.00 | 1250.00 | 03 माह |

निविदा की शर्ते **www.jharkhand.gov.in** एवं कार्यालय के सूचना पट्ट में देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।

PR.NO.301338 Rural Development(23-24):D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा

**निविदा आमंत्रण सूचना सं0 :–07/2023-24(अतिअल्पकालिक निविदा)**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 11.07.2023 को कार्यालय अवधि में। **(राजपत्रित अवकाश को छोड़कर)**
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय : 12.07.2023 को कार्यालय अवधि में 3:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 12.07.2023 को 03:30 बजे अपराह्न में।
5. परिमाण विपत्र की बिक्री की स्थान : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
6. निविदा प्राप्ति/खोलने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, चतरा।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप॰ सं॰ | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हण्टरगंज | पंचायत–उरैली, ग्राम–लरसर में नया सूर्य मन्दिर से गंझू चौधरी के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 587300.00 | 11800.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 2 | हण्टरगंज | पंचायत–उरैली, ग्राम–उरैली में बलराम मिस्त्री के घर से सरयु यादव के घर होते हुए निलाजन नदी तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 959000.00 | 19200.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 3 | हण्टरगंज | पंचायत–तिलहेत, ग्राम–कसडाबर में पोखन गंझू के घर से कामेश्वर गंझू के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 952400.00 | 19100.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 4 | हण्टरगंज | पंचायत–सलैया, ग्राम–सलैया में भलवाही नाला पर पुल निर्माण। | 689200.00 | 13800.00 | 1250.00 | 03 माह |
| 5 | हण्टरगंज | पंचायत–तरवागड़ा, ग्राम–सोखा में सुभान मियाँ के घर से देवी मण्डप तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 662600.00 | 13300.00 | 1250.00 | 03 माह |

निविदा की शर्ते **www.jharkhand.gov.in** एवं कार्यालय के सूचना पट्ट में देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा

PR 301327Rural Development(23-24)#D

## गृह मंत्रालय के इंस्पेक्टर सुरेश वर्मा ने इंपीरियल पब्लिक स्कूल के बच्चो को दिया टिप्स

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को गृह मंत्रालय के पुलिस अधिकारी सुरेश वर्मा ने प्रखंड क्षेत्र के बरमसिया चौक पर स्थित इंपीरियल पब्लिक स्कूल का दौरा किया साथ में पार्श्व अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय ट्रस्ट के अध्यक्ष व प्लस टू हाई स्कूल जनता गिरिडीह के पूर्व प्रधानाध्यापक दिनेश्वर वर्मा का भी आगमन हुआ। इस बीच विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओ ने अतिथियों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। मौके पर उपस्थित पुलिस अधिकारी सुरेश वर्मा ने बच्चों को विभिन्न तरह के टिप्स दिए जैसे कि समय का महत्व देना, अपने जीवन में एक लक्ष्य निर्धारित करना , अपने से बड़ों का आदर करना। इस मौके पर विद्यालय के संस्थापक नागेश्वर प्रसाद, चंद्रशेखर प्रसाद वर्मा समेत विद्यालय के सुरक्षाकर्मी सुनील भी उपस्थित था।



## ट्रस्ट ने बाल विवाह व यौनिक हिंसा पर किया सेमिनार का आयोजन

### छात्रों एवं शिक्षकों ने बाल विवाह मुक्त समाज बनाने का लिया शपथ

**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा के के बी आर



हाई स्कूल 20/21 पिट्ष मुरलिडीह स्कूल में छत्रो ने ली बाल विवाह मुक्त समाज बनाने का शपथ। के बी आर उच्च विद्यालय मुरलीडीह में झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट धनबाद के द्वारा बाल विवाह बाल तस्करी यौन शोषण एवं बाल मजदूरी पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में ट्रस्ट के फील्ड मोबिलाइजर चंदा कुमारी ने छात्र छात्राओं को बाल विवाह के दुस्परिणामो की जानकारी दिया। सेमिनार में प्रभारी रंजित रवानी सुनीता कुमारी, नूरी रोशन खातून जेनब खातून निशा कुमारी सीता कुमारी राखी कुमारी शिवानी कुमारी ज्योति कुमारी नेहा कुमारी लक्ष्मी कुमारी निशा कुमारी शाहीन खातून आफरीन खातून प्रतिभा कुमारी आशा कुमारी रुकमणी कुमारी पुष्पा कुमारी निखत नजरुन रुखसार परवीन आंचल कुमारी निशा कुमारी चीकू महतो सदानंद महतो दिलखुश अंसारी आसन अंसारी मुस्तकीम सा अकरम सा अफताब सा अमित कुमार रजक महेश कुमार महतो रुपेश महतो करण कुमार बावरी सचिन कुमार महतो राजकुमार पूरी रोहित कुमार बावरी आनंद कुमार तुरी फैजान अंसारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## दौरान दोस्ती व प्यार फिल्म की सफलता पर रणविजय को दिया बधाई

**बाघमारा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत सिजुआ के गोकुल बंग्लो में जिला महासचिव शहजादा हुसैन ने कांग्रेस नेता सह बिहार जनता खान मजदुर संघ के महामंत्री रणविजय सिंह से मुलाकात किया।



मुलाकात के दौरान दोस्ती और प्यार फिल्म की सफलता के लिए पुष्प गुच्छा भेंट कर बधाई दिया। और शुभकामनाएं दी।

## युवती का मिला शव, लोगों ने किया सड़क जाम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** गोविंदपुर प्रखंड अंतर्गत खालसा होटल के पास उस समय अफरा तफरी मच गई जब एक छात्रा की लहूलुहान हालत में लाश संदेहास्पद परिस्थितियों में पाया गया। छात्रा के सिर में गंभीर चोट के निशान हैं। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना गोविंदपुर थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर जाँच में जुट गई। छात्रा मूलरूप से रांची के चान्हो की रहने वाली हैं और गोविंदपुर में रहकर कोचिंग करती थी। वहीं आक्रोशित लोगों ने एनएच 2 जीटी रोड को जाम कर दिया। बताया जाता है की घटना की सूचना पाकर मौके पर परिजन पहुंच गए है। हलाकि पुलिस ने कोचिंग संचालक को हिरासत में ले लिया है।

परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। फिलहाल स्पष्ट नहीं है कि छात्रा की मौत कैसे हुई? पुलिस सभी बिंदुओं पर छानबीन कर रही है। छात्रा के शव को पंचनामा के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

## 36 झारखंड एनसीसी बटालियन ने निकाली जागरूकता रैली




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन के इस दौर में किसान कैसे समृद्ध हो, इसको लेकर एक विशेष अभियान चला रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2023 को मिलेट वर्ष का नाम दिया है। भारत एक कृषि प्रधान देश है और बड़े पैमाने पर लोग कृषि कार्य से जुड़े हुए हैं। लगातार गिरते भूजल स्तर किसानों के लिए परेशानी का सबब बनता जा रहा है। गिरते भूजल स्तर को देखते हुए मिलेट (मोटे अनाज) की खेती को करने के लिए किसानों को प्रेरित किया जा रहा है। वही आम लोगों को भी मिलेट का सेवन करने के लिए जागरूक करने करने के लिए 36 झारखंड एनसीसी बटालियन के जिले के गोल्फ ग्राउंड से जागरूकता रैली निकली।

# प्रदूषण व जर्जर सड़क की वजह से राहगीरों को हो रही समस्या, उठी पानी छिड़काव की मांग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चासनाला :** सेल बीएसएल कोलियरी डिविजन चासनाला में अधिकतर कार्यों में भ्रष्टाचार चरम पर है। कुछ वर्ष होते नहीं है कि सेल अस्पताल हो, सड़क हो नाली हो, क्वार्टर रिपेयरिंग, गेट निर्माण, साइडिंग बाउंड्री, ओपन कास्ट प्रोजेक्ट वॉल या कोई भी कार्य हो उसका पोल खुल जाता है। चासनाला वाशरी को जाने वाली मार्ग मे गड्ढे हैं जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय प्रबंधन ने खानापूर्ति हेतु पत्थर मिट्टी बालू गिरा कर भर देते हैं। नियमित पानी छिड़काऊ नही होने से और हाइवा परिचालन होने से स्थानीय लोगो और राहगीरों को प्रदुषण की समस्या झेलनी पड़ रही है। ढाक के तीन पात वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। बताते चलें कि चासनाला के गेट से होकर वाशरी को जाने वाली सड़क का निर्माण वर्ष 1995 में मैसेज हीरक ठेकेदार द्वारा करवाया गया था। उसके बाद अभी कुछ वर्ष पूर्व ही करोड़ों की लागत से सड़क का निर्माण दुसरे ठेकेदार से करवाया गया और सड़क की स्थिति बहुत ही जर्जर और दयनीय है। वही बंद बेस्ट कोइरी प्रोजेक्ट से सटे होने के कारण उपरोक्त मार्ग कभी भी काल के गाल में समा सकता है और बड़ी अनहोनी हो सकती है। देश रक्षक विचार मंच के जिला अध्यक्ष अमित कुमार ने स्थानीय प्रबंधन से मांग किया है कि जल्द से जल्द वैकल्पिक मार्ग तैयार किया जाए उपाय किया जाए कभी बड़ी घटना हो सकती है और सड़क का निर्माण करवाया जाए और नियमित पानी छिड़काव किया जाए जिससे स्थानीय लोगो को प्रदुषण की समस्या से निजात मिले।

## शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** आज से श्रावण मास का पहला दिन बाबा भोलेनाथ के मंदिरों में पूजा अर्चना से प्रारंभ हो गई है। कोयलांचल समेत पूरे देश में शिवजी के मंदिर में श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जल अर्पण कर अपने परिवार के लिए सुख शांतिमय आशीर्वाद की प्रार्थना की है।

वही मंदिर के पुजारी ने मीडिया को बताया कि इस बार की श्रावण मास श्रद्धालुओं के लिए बहुत ही उत्तम और अच्छा संयोग है। जबकि 19 वर्ष के बाद आज मंगलवार से बाबा भोलेनाथ सावन माह की प्रथम दिन प्रारंभ हुई है और श्रावण मास में बाबा भोले जी को पूजा समर्पित करने के लिए 8 सोमवारी का शुभ दिन का संयोग है। श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ और मां पार्वती को प्रति पूजा अर्चना करने की बहुत ही अच्छा अवसर है।

वहीं श्रद्धालुओं ने बताया कि सावन की पहला दिन आजसे प्रारंभ हो गई है इसलिए आज बाबा भोले की शिवलिंग पर जल अर्पण कर पूजा प्रारंभ की गई है और बाबा भोलेनाथ से अपने परिवार के लिए अच्छी जीवन यापन के लिए प्रार्थना की है।

## पार्सल यान के तीन डब्बे बेपटरी होने से बाल-बाल बचे



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भूली रेलवे फाटक में अपलाइन में तीन डब्बे का बफरइंटर लॉक हो गया जिस कारण से उच्च क्षमता पार्सल यान के तीन डिब्बे बेपटरी होने से बाल-बाल बच गए। यह ट्रेन धनबाद से आ रही थी और दिल्ली जा रही थी। कुल 3 डिब्बे इंटरलॉक ब्रेक बाईंडिंग और बफर सिस्टम ने एक दूसरे से संपर्क छोड़ दिया था, जो कुछ दूरी चलने पर हो सकता था की बोगी ट्रेन से अलग हो जाती। हालांकि समय रहते धनबाद स्टेसन मास्टर को ट्रेन की स्थिति के बारे में पता चल गया जिसके बाद इसकी सुचना नजदीकी स्टेसन मास्टर को देकर गाड़ी को रूकवाया गया। जिस कारण कोई बड़ी दुर्घटना होने से बाल बाल बच गई। घटना के बाद मौके पर धनबाद के डीआरएम कमल किशोर सिन्हा पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया और जल्द ही पटरी को क्लियर कराने की बात कही। वहीं भूली रेलवे फाटक बंद होने से आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## जनता दरबार : तोपचांची के ग्रामीणों ने की सरकारी जमीन पर जबरन कब्जा करने की शिकायत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मंगलवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह के कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में तोपचांची प्रखंड के लेदाटांड पंचायत के ग्रामीणों ने सरकारी जमीन पर जबरन कब्जा करने की शिकायत की। ग्रामीणों ने उपायुक्त को बताया कि तोपचांची प्रखंड के लेदाटांड पंचायत में एक एकड़ तीस डिसमिल सरकारी जमीन है। इस पर वहीं के कुछ दबंगों ने जबरन कब्जा कर जमीन पर चारदीवारी का निर्माण किया जा रहा है। जब ग्रामीण इसका विरोध करते हैं तो उनके साथ मारपीट की जाती है। झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जाती है। ग्रामीणों की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने संबंधित अंचल के अंचल अधिकारी को मामले की त्वरित जांच कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। जनता दरबार में हंस विहार कॉलोनी से आए एक शिकायतकर्ता ने बताया कि उनके मोहल्ले में एक प्लास्टिक फैक्ट्री चल रही है। जबकि फैक्ट्री संचालित करने का लाइसेंस गोविंदपुर कांड्रा है। कई बार मोहल्लेवासियों द्वारा शिकायत करने के बाद भी फैक्ट्री संचालक उनकी बातों को नहीं सुनता है। फैक्ट्री में दिन-रात काम चलता है। जिससे रात को भी वहां भारी ट्रकों का आवागमन रहता है। ट्रक के ड्राइवर एवं खलासी वहां पर शराब पीते हैं। प्लास्टिक के बोतल के स्टॉक और विभिन्न तरह के केमिकल से हमेशा आग लगने का खतरा बना रहता है। इस मामले पर भी संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने कारखाना निरीक्षक को जांच करने का निर्देश दिया। इसके अलावा जनता दरबार में आवासीय प्रमाण पत्र बनाने, पेंशन नहीं मिलने, मुआवजा नहीं मिलने, बकाया भुगतान नहीं करने, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की राशि नहीं मिलने सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई।



# जिला स्तरीय जन्म-मृत्यु निबंधन से संबंधित प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** मंगलवार को गिरिडीह समाहरणालय स्थित सभागार कक्ष में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जन्म-मृत्यु निबंधन से संबंधित प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त व अन्य वरीय अधिकारियों के द्वारा जिला सांख्यिकी विभाग द्वारा जारी स्टेटिकल हैंड बुक का विमोचन किया गया। इस प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला में सभी उपस्थित सदस्यों को जिला सांख्यिकी पदाधिकारी द्वारा जन्म व मृत्यु निबंधन की महत्ता व उद्देश्यों की जानकारी दी गयी। साथ ही बताया गया कि आगामी 14 जुलाई 2023 से 14 अगस्त 2023 तक राज्य में जिला स्तर एवं प्रखण्ड स्तर पर कोविड- 19 अवधि के दौरान छुटे हुए एवं अन्य छुटे हुए घटनाओं के शत-प्रतिशत निबंधन हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान जन-जागरूकता हेतु एवं आमजनों में जन्म-मृत्य की घटना के निबंधन के महत्व को समझाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार का कायक्रम चलाया जाएगा। इस कार्य में जन्म-मृत्य निबंधन से जुड़े निबंधकों, आंगनबाड़ी सेविकाओं सहिया, सरकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं अन्य सम्बन्धित पदाधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। इसमें बीते 05 वर्षों में छूटे हुए बच्चों का सर्वे आंगनवाड़ी सेविका द्वारा घर-घर जाकर किया जाएगा। इसी प्रकार एएनएम/सहिया द्वारा स्वास्थ्य केंद्रों में बीते 05 वर्षो जन्मे बच्चों व निबंधन से छूटे बच्चों की सूची तैयार की जाएगी।

## झारखंड प्रदेश आदिवासी कुड़मी समाज ने की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** मंगलवार को भेलाटांड़, गीता मैरिज हॉल में झारखंड प्रदेश आदिवासी कुड़मी समाज की बैठक की गई। इस बैठक की अध्यक्षता मंटू महतो ने एवं संचालन चौधरी चरण महतो ने किया।बैठक में मुख्य रूप से धनबाद, बोकारो तथा गिरिडीह जिला के कुड़मी समाज के बुद्धिजीवी लोग मौजूद थे। बैठक का खास मकसद आगामी 22 जुलाई को धनबाद के धरती में बंगाल के कुड़मी टाइगर अजीत महतो का आगमन की तैयारी को लेकर बैठक की गई। इस बैठक में हलधर महतो ने कहा कि कुड़मी को एसटी का दर्जा जल्द केंद्र सरकार दे, नहीं तो रेल टेका आंदोलन 20 सितंबर को तय किया गया है। कुड़मी मुखर होकर यह लड़ाई लड़ेगा। इस दौरान मंटू महतो ने कहा कि 72 वर्षो से कुड़मी को अपने जन्मसिद्ध अधिकार से वंचित रखा गया है। इसे किसी कीमत पर लड़ कर हासिल किया जाएगा। इस मौके पर अपने संबोधन में सदानंद महतो ने कहा कि 20 सितंबर को आर्थिक नाकाबंदी करेगी। बैठक में बिंदेश्वरी महतो, तुलसी महतो, गिरिधारी महतो, विशाल महतो, शेखर महतो, धनंजय महतो, सुभाष महतो नानूराम महतो, सचिन महतो आदि लोग मौजूद थे।

# टुंडी के किसान पूंजी के अभाव में खेती करने में असमर्थ बेकार बैठने पर मजबूर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड ऐसे तो अतिपिछड़ा प्रखंड है ही यहां के 80प्रतिशत किसान कृषि पर निर्भर रहते हैं एक और अच्छी बर्षा की आस लगाए किसान बैठे हैं वहीं खेती करने में लगने वाला पूंजी नींद हराम कर रखा है । इन किसानों के समक्ष भयंकर विकट परिस्थिति उत्पन्न हो गई है। किसी भी किसानों के पास हल बैल नहीं है तो किसी ने ट्रैक्टर से काम चलाने की बात सोच रखा है पर डीजल के दामों में वृद्धि होने से प्रति घंटा 800रूपये की दर निर्धारित होने से इसके द्वारा भी खेती करना आसान नहीं। टुंडी में तो तीन बड़े बड़े बैंक है पर कृषि करने के लिए फूटी कौड़ी भी नहीं देते हैं। केवल नाम मात्र का किसान क्रेडिट कार्ड बनाया गया जो कि किसी किसानों को इस कार्ड से एक पैसे की भी ऋण उपलब्ध नहीं कराया जाता । टुंडी के किसानों के लिए पैक्सों में बीज उपलब्ध है पर बहुत ही कम सब्सिडी पर बीज मिल रहा है और किसान पूंजी के अभाव में इस तरह के लाभ लेने में भी रूचि नहीं दिखाते। सबसे आश्चर्यजनक बात यह है कि साल में किसानों को केन्द्र सरकार की और से मिलने वाला छः हजार रुपए टुंडी में करीब एक साल यह योजना बंद है। इस योजना के चालू रहने से टुंडी के किसान बढ़-चढ़कर खेती बारी करते थे किसानों से पुछने पर बताते हैं कि केंद्र और राज्य की रस्साकस्सी से टुंडी के किसान की बदहाली दिन ब दिन बदतर होती जा रही है। कई नेता आते हैं पर गाड़ी और बंडी चमका कर चले जाते हैं और हम किसान टुकुर-टुकुर देखने को मजबूर हो जाते हैं।

## श्रावणी मेला के अवसर पर और 02 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा श्रावणी मेला स्पेषल टेऊनों का परिचालन किया जा रहा है । इसी कड़ी में और 02 जोड़ी श्रावणी स्पेषल ट्रेन का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है-

1.गाड़ी सं. 03266/03265 पटना-भागलपुर-पटना श्रावणी मेला स्पेषल - यह स्पेषल दिनांक 06.07.2023 से 31.08.2023 तक प्रतिदिन पटना एवं भागलपुर से परिचालित की जायेगी । गाड़ी संख्या 03266 पटना-भागलपुर श्रावणी मेला स्पेषल 06.07.2023 से 31.08.2023 तक प्रतिदिन पटना जं. से 06.40 बजे खुलकर 14.00 बजे भागलपुर पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी संख्या 03265 भागलपुर-पटना श्रावणी मेला स्पेषल दिनांक 06.07.2023 से 31.08.2023 तक प्रतिदिन भागलपुर से 15.15 बजे खुलकर 20.35 बजे पटना जं. पहुंचेगी।

अप एवं डाउन दिशा में यह श्रावणी मेला स्पेषल ट्रेन पटना और भागलपुर बीच राजेंद्रनगर, पटना साहिब, फतुहा, खुसरूपुर, बख्तियारपुर, बाढ़, मोकामा, हाथीदह, बड़हिया, मनकट्ठा, लखीसराय, किउल, अभयपुर, जमालपुर एवं सुलतानगंज स्टेषनों पर रूकेगी । इस स्पेषल ट्रेन में प्रथम वातानुकूलित श्रेणी का 01, द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 02, तृतीय वातानुकूलित श्रेणी का 06, शयनयान श्रेणी का 08 एवं साधारण श्रेणी के 03 कोच होंगे ।

2.गाड़ी सं. 03206/03205 मोकामा-जसीडीह-मोकामा श्रावणी मेला स्पेषल-यह स्पेषल दिनांक 05.07.2023 से 31.08.2023 तक प्रतिदिन मोकामा एवं जसीडीह के मध्य परिचालित की जायेगी । गाड़ी संख्या 03206 मोकामा-जसीडीह श्रावणी मेला स्पेषल 05.07.2023 से 31.08.2023 तक प्रतिदिन मोकामा से 09.15 बजे खुलकर 11.45 बजे जसीडीह पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी संख्या 03205 जसीडीह-मोकामा श्रावणी मेला स्पेषल दिनांक 05.07.2023 से 31.08.2023 तक प्रतिदिन जसीडीह से 12.30 बजे खुलकर 15.25 बजे मोकामा पहुंचेगी।

# घुटनों तक पानी से भरा है महाप्रबंधक कार्यालय जाने का मुख्य द्वार

प्रभात मंत्र संवादादाता

**डकरा :** एनके एरिया महाप्रबंधक कार्यालय जाने का मुख्य द्वार से लोगों को लगभग घुटनों तक पानी में डूबकर आना-जाना पड़ता है.इस द्वार से महाप्रबंधक कभी नहीं जाते हैं संभवतः यही कारण है कि असैनिक विभाग के अधिकारियों का ध्यान इस ओर नहीं जा रहा है.मुख्य गेट पर जमा पानी और पैदल चलने वाले को इसमें डूबकर आना-जाना विभागीय कार्यप्रणाली का पोल खोल रहा है.सबसे खराब स्थिति महिला कामगारों के साथ होती है उन्हें गेट पर जमा पानी में डूबकर आने-जाने से कई तरह की परेशानी होती है.महिलाओं ने कहा कि जब पानी नहीं गिरता है तब यहां कीचड़ जमा रहता है.कार्यालय के भीतर जाने और निकलने के बाद पांव धोना पड़ता है.बरसात शुरू होते ही हमलोग जूते पहनकर आना बंद कर दिए हैं.ज्ञात हो कि दो साल पहले एक वित्त अधिकारी द्वारा रिश्वत के लिए जब कुछ ठेकेदारों को बहुत परेशान किया जा रहा था तब ठेकेदार रिवाल्वर लेकर कार्यालय पहुंच गए थे.इस जानकारी के बाद उक्त वित्त अधिकारी ने तो कहीं शिकायत दर्ज नहीं कराई लेकिन महाप्रबंधक ने कार्यालय के मुख्य द्वार को सभी के लिए बंद करा दिया.मुख्य द्वार से सिर्फ महाप्रबंधक आना-जाना करते हैं.अन्य सभी लोग सेल्स कार्यालय के मुख्य द्वार से महाप्रबंधक कार्यालय आते-जाते हैं जो हमेशा पानी में डूबा रहता है।



### बरसात बाद काम संभव हो सकेगा

**डकरा :** असैनिक विभाग प्रमुख सुजीत रंजन से जब इस बारे में पुछा गया तो उन्होंने बताया कि फंड नहीं रहने के कारण काम नहीं हो सका है महाप्रबंधक से स्वीकृति मिलते ही काम करा दिया जाएगा.ज्ञात हो कि फंड मिलने और टेंडर प्रक्रिया में 40-45 दिन का समय लग सकता है ऐसे में यह काम बरसात बाद ही पूरा होना संभव है।

### बरसात में होगी पानी की सप्लाई

**डकरा :** असैनिक विभाग के अधिकारी समय बिताने के बाद काम कराने के मामले में हमेशा चर्चा में रहते हैं.

प्रचंड गर्मी में जब लोग पानी के लिए तरस रहे थे तब कहीं कोई काम नहीं हुआ.बरसात में एसे लोगों को बोरिंग से पानी सप्लाई की व्यवस्था की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरे

### ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध महिला की मौत, शव की शिनाख्त करने में जुटी पुलिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** ओडगा ओपी क्षेत्र के टाटी रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर रेलवे लाइन में एक वृद्ध महिला का शव मिला है। घटना के बाबत ओपी प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों ने द्वारा रेलवे लाइन में एक शव देखे जाने की सूचना दी गई। जिसके बाद पुलिस ने बिना देर किए घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया और मामले पर पुछताज शुरू कर दी। जिसपर ग्रामीणों ने बताया कि रेलवे से दुर्घटना के कारण वृद्ध महिला की मौत हो गई है, ग्रामीणों ने पुलिस को यह भी बताया कि ये महिला कुछ दिनों से टाटी के भिन्न भिन्न गांव में घूम रही थी और मांग कर खा रही है, बताया गया की घटना रविवार रात लगभग 8 से 9 बजे के बीच की है। वृद्ध महिला की दिमागी हालत सही नहीं था। पुलिस के मुताबिक महिला की उम्र लगभग 70 से 75 वर्ष है।

# लोबिन हेंब्रम ने संचालित विभिन्न योजनाओं और विभागों के प्रगति पर की समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोबिन हेंब्रम, सभापति, झारखण्ड विधानसभा की अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति की अध्यक्षता में आज समिति द्वारा लोहरदगा जिला में संचालित विभिन्न योजनाओं और विभागों के प्रगति की समीक्षा परिसदन, लोहरदगा में की गई।बैठक में सर्वप्रथम खनन विभाग की समीक्षा की गई और खनन कार्य अंतर्गत डीएमएफटी से प्राप्त मद, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज द्वारा किये जा रहे खनन कार्य, रैयतों को भुगतान व नियोजन संबंधी समीक्षा की गई। इसमें किस्को प्रखण्ड के पाखर ग्राम के द्वारा की गई शिकायत पर महाप्रबंधक, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, लोहरदगा को निदेश दिया गया कि जिन रैयतों को अब तक खनन कार्य हेतु ली गई भूमि के एवज में मुआवजा नहीं मिला है उनका भुगतान त्वरित किया जाय जबकि मामला का निर्णय उपायुक्त के न्यायालय से आ चुका है। इसके बावजूद अब तक रैयतों का भुगतान नहीं किया गया है। यह पूरी तरह असंवेदनशीलता है। जब तक मुआवजा का भुगतान नहीं होता है और रैयतों को नियोजित नहीं किया जाता है, तब तक पाखर में खनन कार्य तत्काल बंद करें। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज को कंपनी में नियोजित स्थानीय लोगों की सूची वर्गवार उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। बैठक में हिंडाल्को द्वारा प्राप्त होने वाले राजस्व की भी समीक्षा की गई। खनन पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि कई खदानों में लीज से ज्यादा भूमि पर खनन की शिकायत मिली है, इसकी जांच तुरंत कराएं। मत्स्य विभाग की समीक्षा में जिला मत्स्य पदाधिकारी को बंदोबस्ती के लिए बचे सरकारी तालाबों की बंदोबस्ती कराने, मत्स्य समितियों की संख्या बढ़ाने के लिए समितियों का गठन करने का निदेश दिया गया ताकि सरकार को राजस्व की हानि से बचाया जा सके। मछुआ आवास के लिए डिमांड भेजे जाने का निदेश दिया गया। उत्पाद विभाग को वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्राप्त लक्ष्य हासिल करने के लिए कार्य करने और शराब दुकानों में कार्यरत कर्मियों को मानदेय भुगताने हेतु कार्रवाई किये जाने का निदेश दिया गया। समेकित जनजाति विकास अभिकरण की समीक्षा में वित्तीय वर्ष 2020-21, 21-22 व 2022-23 में छात्रवृत्ति राशि के भुगतान की समीक्षा की गई और वर्तमान वित्तीय वर्ष में आवंटन मांग से संबंधित प्रतिवेदन समर्पित किये जाने का निदेश दिया गया।वन विभाग को सड़क के किनारे अवस्थित सूखे पेड़ो को कटवाने के लिए राज्य स्तर पर गठित समिति से एनओसी प्राप्त कर सूखे पेड़ों को कटवाने का निदेश दिया गया ताकि उन पेड़ों की नीलामी से सरकार को राजस्व की प्राप्ति हो सके। साथ ही, वैसे पेड़ों को कटवाने के पश्चात नये वृक्षारोपण कराये जाने का निदेश दिया गया। वन विभाग द्वारा इस वर्ष किये गये पौधरोपण की भी समीक्षा की गई। कल्याण विभाग को वनाधिकार पट्टा का लाभ योग्य एवं अधिक से अधिक लोगों को दिये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही,पूर्व के वर्षों में निर्गत वन पट्टों की समीक्षा की गई। एसटी-एससी अत्याचार अधिनियम अंतर्गत इस वित्तीय वर्ष में आये मामलों व बीते वर्षों में निष्पादित मामलों व भुगतान की समीक्षा की गई। साथ ही, एसटी/एससी वर्ग से जुड़े वैसे मामले जो जमीन से संबंधित हैं, उन मामलों को भी अधिनियम के अंतर्गत शामिल कर कार्रवाई किये जाने का निदेश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत सिविल सर्जन को सदर अस्पताल में सिटी स्कैन मशीन अधिष्ठापित करने और इसके संचालन हेतु एक तकनीशियन की नियुक्ति किये जाने का निदेश दिया गया।

### श्रावण मास के प्रथम दिन भोलेभक्तो ने किया भोले को जलाभिषेक, शिवभक्ति में लोग लीन



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 04 जुलाई मंगलवार को श्रावण मास के प्रथम दिन बाबा भोलेनाथ के भक्तो का दिखाई पड़ा उत्साह, आज अहले सुबह भोलेनाथ भक्तो ने किया शिव का जलाभिषेक। प्रखंड क्षेत्र के हनहट शिवमन्दिर, खरता मनोकामना भोलेनाथ मंदिर, सढावे शिव मन्दिर, कैरो शिव मन्दिर, गजनी के वनखंडि शिव धाम, नरौली शिव मन्दिर, गुड़ि शिव मन्दिर इत्यादि शिवालयों मे शिव भक्तो का जलाभिषेक को लेकर सूबह से ही दिखाई पड़ा उत्साह। क्षेत्र के पण्डित आचार्य कौशल कान्त त्रिपाठी ने कहा कि हालाँकि इस बार 02 श्रावण हैं जो विरले ही एसा संयोग बनता है, अभी से ही श्रद्धालुओं के बीच बाबा भोलेनाथ के प्रति अपार भक्ति दिखाई दे रही है, जो भी भक्त श्रद्धा भाव से शिव की भक्ति मे लीन होते हैं उन्हे बाबा भोलेनाथ भी सभी की मनोकामना करते हैं पुर्ण।

### दुष्कर्म के नामजद आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**किस्को-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के किस्को थाना पुलिस ने दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं के नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इधर किस्को थाना कांड संख्या 03/23 धारा 376, 420, 504 आईपीसी के तहत नामजद अभियुक्त किस्को थाना क्षेत्र के नवाडीह पंचायत निवासी स्वर्गीय हरि साहु के 35 वर्षीय आरोपी पुत्र अवधेश कुमार साहु को किस्को पुलिस के द्वारा उसके घर नवाडीह से सोमवार को गिरफ्तार किया गया, जबकि कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। मामले को ले, थाना प्रभारी पॉलीकार्प टोप्पो ने बताया कि दुष्कर्म व अन्य धाराओं के नामजद अभियुक्त नवाडीह निवासी अवधेश साहु विगत 6 माह से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था जिसे उसके पैतृक निवास स्थान नवाडीह से सोमवार सुबह करीब 11 बजे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। थाना प्रभारी ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध किस्को थाना में कांड दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की गई। छापामारी दल में पु.अ.नि.सुखराम उरांव स.अ.नि.अविनाश कुमार सिंह आरक्षी जिब्राइल बिलुंग आरक्षी सुकरा उरांव आदि जवान शामिल थे।

## ग्रामीण क्षेत्र में पशुधन योजना से लाभुक हो रहें है लाभांवित : पॉल पन्ना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** पशुधन योजना के तहत प्रखंड पशुपालन परिसर सेन्हा में चयनित लाभुकों के बीच उपप्रमुख के द्वारा अनुदान पर बकरी वितरण किया गया। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के इच्छुक लाभुक के बीच मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 75 प्रतिशत एवं 90 प्रतिशत अनुदान पर बकरी पालन को बढ़ावा देने हेतु बकरी वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित संचालित पशु चिकित्सा परिसर सेन्हा में उपप्रमुख पॉल पन्ना की उपस्थिति में अलग अलग पंचायत क्षेत्र का गांव के सात महिला को आत्मनिर्भर बनाने एवं स्वरोजगार से जोड़ने को लेकर एक लाभुक के बीच चार बकरी एवं एक बकरा वितरण किया गया। इस संदर्भ में प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि पत्येक लाभुक को चार बकरी एक बकरा दिया जा रहा है। साथ ही उन्होंने कहा 10 केजी का बकरी तथा 12 केजी का बकरा देने का प्रबधान है। और इस योजना से लाभुक इस स्वरोजगर से जुड़ कर स्वालम्बी व आत्मनिर्भर बन सकते है। वहीं लाभुक सीता देवी, लीला उराँव, सोमरीन महली, मानो उराँव, भादो उराँव जया देवी, एवं सिमा देवी का कहना है कि मुख्यमंत्री पशुधन योजना से लाभ उठा कर अपने जीविकोपार्जन के लिए बकरी पालन सार्थक साबित होगा। साथ ही बताया गया कि प्राक्कलन के अनुरूप बकरी 10 केजी एवं बकरा 12 केजी का दिया जाना है परंतु सभी बकरी प्राक्कलन के अनुसार नही दिया जा रहा है। मौके पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार सिंह, शंकर महली, बाबू साहेब सिंह, विजय महतो सहित लाभुक उपस्थित थे।

## बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर मनाया जश्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री वर्तमान भाजपा विधायक दल के नेता श्री बाबूलाल मरांडी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर अजातशत्रु के नेतृत्व में नगर मंडल अंतर्गत रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप पटाखे फोड़ और मिठाई बांटकर जश्न मनाया। इसमें मौके पर मुख्य रूप से तोरपा विधायक कोचे मुंडा एवं पूर्व विधानपार्षद प्रवीण सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह उपस्थित रहे। मौके पर प्रवीण सिंह ने कहा कि बाबूलाल मरांडी जी को लंबे समय से संगठनात्मक एवं प्रशासनिक अनुभव है इन्हें पहली बार वनांचल समिति का प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेवारी मिली थी तब से लेकर आज तक भाजपा संगठन का स्वर्णिम काल रहा है। पूर्ण विश्वास है कि वर्तमान में मिली जिम्मेदारियों के बाद प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी और भी सशक्त होगी। जश्न के मौके पर कोचे मुंडा ने कहा कि हमारे नेता बाबूलाल मरांडी जमीन से जुड़े व्यक्ति रहे हैं हमेशा से समन्वय स्थापित कर संगठन को नए आयाम दिए हैं और इस बार भी ऐसा ही होगा। मौके पर उपस्थित ओमप्रकाश सिंह, सामेला भगत, अशोक खत्री भारत साहू, अनुप राय, तरुण देवघरिया, जयप्रकाश साहू, जोद्धनारायण साहू, लाल निरंजन शाहदेव, विशेश्वर दीन, लखन उरांव, कलावती देवी, छवि सिंह, मिथुन तमेड़ा, लाल अविनाश शाहदेव, बाल्मीकि कुमार,सचिन सिंह, विजय महतो, पवन प्रजापति, तुलसी उराँव, दिनेश सिंह, अमित कुमार, अंकित साहू, श्रृषभ कुमार, आयुष तमेड़ा, शुभम अग्रवाल, नवीन ठाकुर, निखिल सिंह, सूरज ठाकुर, आकाश सिंह, शिवसागर उराँव, अरविंद कुमार, रविशंकर, शुभम जयसवाल सहित अन्य युवा शामिल थे।

### किस्को में चला वाहन जांच अभियान, दर्जनों वाहन हुआ जब्त



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** किस्को ट्रैफिक पुलिस की ओर से किस्को थाना के समीप मंगलवार को वाहन जांच अभियान चलाया गया, जिसमें ट्रैफिक इंचार्ज सुजीत कुमार एएसआई सिकंदर बेसरा एवं किस्को थाना के एएसआई अविनाश कुमार सिंह द्वारा दो पहिया वाहनों की जांच की गई, जिसमें सड़क सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करने वाले लोगों के वाहनों को जप्त किया गया। जिसे लोहरदगा जिला परिवहन कार्यालय में फाइन जमा करने के पश्चात किस्को थाना से छोड़ा जाएगा। जांच के दौरान दो पहिया वाहन के सभी जरूरी कागजात ऑनर बुक परमिट फिटनेस प्रदूषण लाइसेंस सहित ट्रिपल लोडिंग आदि की जांच की गई,जिसमें उक्त सभी जरूरी कागजात नहीं रहने पर वाहनों को जप्त भी किया गया। मौके पर ट्रैफिक इंचार्ज ने कहा कि सभी वाहन चालक को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन जरूरी है, हमेशा हेलमेट पहनकर चलाएं,उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि हेलमेट पुलिस से बचने के लिए नहीं बल्कि अपनी सुरक्षा के पहनें इसके बाद ही वाहन चलाएं। मौके पर आरक्षी बीरेंद्र, हरेन्द्र पाठक, संजय डेविट, हसबुल अंसारी, मंसूर अंसारी इत्यादि लोग मौजूद थे।

### बाबूलाल मरांडी बने झारखंड प्रदेश अध्यक्ष, कैरो भाजपाइयों ने दिया बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने झारखंड प्रदेश अध्यक्ष पद पर पुर्व मुख्यमंत्री श्री बाबूलाल मराण्डी को झारखंड प्रदेश भाजपा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। 04 जुलाई को निर्गत पत्र के आलोक मे राष्ट्रीय महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी ने पत्र के आलोक मे निर्देशित किया है कि उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। पुर्व मुख्यमंत्री श्री बाबुलाल मराण्डी को प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर कैरो मंडल भाजपायीईयो ने केंद्रीय नेतृत्व को आभार प्रकट कर बाबुलाल मराण्डी को बहुत-बहुत बधाई दिया है। बधाई देने वालों मे भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरज मोहन साहू, कैरो मंडल अध्यक्ष लखन उराँव, जिला कार्यसमिति सद्स्य विशेश्वर प्रसाद दीन, मोहन साहू, राजेन्द्र महतो, श्रवण मुंडा, प्रदेश अल्पसंख्यक कोषाध्यक्ष नजीर आलम खान, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सह मुखिया सुमित्रा उराँव, राधेश्याम लोहरा, मनोज साहू, मनींदर शाह, शिवचरण तुरी, नसीर आलम, सुखन उराँव, गोविंद महतो, दीपक साहू, कुलदीप सिंह,जगनारायण महतो, नसीर आलम, फलिंद्र रविदास, पंकज साहू, इत्यादि कैरो मंडल भाजपायीईयों ने पुर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मराण्डी को बहुत बहुत हार्दिक बधाइयाँ दी हैं।

### उपायुक्त ने की जिला स्तरीय सतर्कता एवं मानिटरिंग समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज मंगलवार को अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 अंतर्गत जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में अधिनियम अंतर्गत प्राप्त कुल 33 मामलों की चर्चा बिंदुवार की गई जिसमें पुलिस थाना और स्वास्थ्य विभाग से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने का निदेश कल्याण विभाग को दिया गया और सर्वसम्मति से राहत राशि स्वीकृत की गई। आज की बैठक में पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, आईटीडीए परियोजना निदेशक अरविंद कुमार लाल, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल, जिला कल्याण पदाधिकारी, सदस्य के रूप में शिक्षा विभाग लोहरदगा के सहायक अभियंता रघुनंदन उरांव, सेन्हा निवासी किनेश्वर महतो, सचिव प्रदान लोहरदगा आदि उपस्थित थे।

### संचालित मनरेगा योजना का समीक्षा कर बीडीओ ने दिया आवश्यक दिशा निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** मंगल दिवस के अवसर पर सेन्हा प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा की अध्यक्षता में मनरेगा योजना समीक्षा सम्पन्न हुआ। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत गांव में मनरेगा द्वारा संचालित विकास कार्य का समीक्षा मंगलवार दिवस के अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा किया गया। साथ ही मनरेगा योजना को समय सीमा के अनुसार पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया गया। इसके अलावे प्रखंड के सभी पंचायत 2ठुस्त्र फेज में 192 एकड़ आम बागवानी का टारगेट को स्वीकृत कर दो दिनों में गढ़ा पूर्ण करने का निर्देश पंचायत वार सचिव को दिया गया। उन्हनो ने कहा कि अगली समीक्षा उप विकास आयुक्त के द्वारा 7 जुलाई को किया जाना है। 20 एकड़ प्रति पंचायत में आम बागवानी लगाने पर जोर दिया गया। तथा प्रगति देखा कर प्रखंड को अव्वल दर्ज दिलाने की बात कही गई। समीक्षा के दौरान दीदी बाड़ी लंबित योजना को पूर्ण करने तथा कार्य पूर्ण हो चुके योजना को एमआईएस करा कर अविलंब बंद करने का निर्देश दिया गया। एनआरएम योजना में मेढबंदी और टीसीबी निर्माण योजना को आरम्भ कराने का निर्देश दिया गया। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, बीपीओ निलेंद्र कुमार, कनीय अभियंता सुजित कुमार, मनु कुमारी, महीपाल उरांव, आनंद कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## बाबूलाल मरांडी का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपाइयों ने दी बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री वर्तमान भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को झारखंड प्रदेश भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किए जाने पर लोहरदगा जिला संगठन एवं जनप्रतिनिधियों ने दी बधाई। बधाई देने वाले भाजपा राष्ट्रीय जनजाति मोर्चा अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद समीर उराँव, लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत, जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, पूर्व विधानपार्षद श्री प्रवीण सिंह, पूर्व विधायक रमेश उराँव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह, पूर्व माटीकला बोर्ड अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति, पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रजबिहारी प्रसाद, मदन मोहन पाठक, राकेश प्रसाद, राजकिशोर महतो, राजमोहन राम,एसटी मोर्चा प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उराँव, प्रदेश मंत्री भाजयुमो अजातशत्रु, बजरंग उरांव, लक्ष्मीनारायण भगत, हर्ष नाथ महतो समेला भगत, नीरज कुमार नलिन, नवीन कुमार टिंकू, बालकृष्णा सिंह, राजकुमार वर्मा राजू रजक, अनिल उरांव, जगनंदन पौराणिक, छेदी राम, मीणा बाखला, सरोज प्रजापति, भारती सिन्हा, अजय पंकज, परमेश्वर साहू, दिलीप पटनायक भरत साहू लक्ष्मी नारायण भगत, पशुपति नाथ पारस, सुरेश बैठा, विश्वजीत शाहदेव, ओम प्रकाश गुप्ता, मनी रतन भगत, राम किशोर शुक्ला, परमेश्वर उराँव, भूषण प्रसाद अमरेश भारती,सूरज कुमार दसोंधि, विवेक सोनी, सुदामा प्रसाद, मुकेश साहू, लखन उरांव, मोहन साहू, विशेश्वर दीन, राजकिशोर साहू, राजू शर्मा, कैलाश साहू, विश्वजीत भारती, कपिन्द्र महतो, भरत नगेशिया, मनिष शिखर, सजल कुमार, जितेंद्र महतो, प्रकाश नायक, नासिर हुसैन, कलावती देवी,बाल्मीकि कुमार, पवन कुमार, यदुनंदन तिवारी, दुबराज वर्मा, सरजू साहू, राजेश प्रसाद, राजेश महतो, अशोक चंद्र घोष, रामवतार वर्मन, परमेश्वर भगत जागेश्वर साहू अखिलेश कुमार श्याम किशोर प्रसाद, सरिता देवी, मुक्ता देवी, बिंदिया देवी, अमित लोहरा, पंकज कुमार, धनंजय तिवारी जहांगीर हुसैन, अनूप कुमार वर्मा, अनंत महतो सहित अन्य ने दी बधाई।

## सिमडेगा के कोलेबिरा प्रखंड में ढ़ाई करोड़ का मनरेगा घोटाला : दिलीप तिर्की

### एई, जेई, वेडर और अधिकारियों की मिलीभगत से हुआ बड़ा खेल, उच्च न्यायालय से जांच की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कोलेबिरा :** कोलेबिरा प्रखंड के अंतर्गत ऐडेगा, टुटिकेल जैसे अन्य पंचायतों में मनरेगा के तहत करोड़ो रुपयों की घोटाले की शिकायत मिलने के बाद कांग्रेस इंटक नेता दिलीप तिर्की, युथ कांग्रेस के वारिस रजा, इस्माइल केरकेट्टा, अमृत चिराग तिर्की, अंकित मिंज, कुलदीप मिंज ने क्षेत्र जाकर मनरेगा से निर्मित कई पुलिया का निरीक्षण किया। जिसमे भरपूर अनियमितता की गई है। पीसीसी कार्य को बिना सोलिंग के मिट्टी पर ही ढलाई की गई है। जिसकी थिकनेस मात्र 2 इंच है। नीव जमीन के 4 फिट नीचे जानी चहिये लेकिन जमीन के ऊपरी सतह पर ही पत्थल रखकर कर ढलाई कर दिया गया है। एक हल्की बारिश में ही ढलाई बह रहे हैं। वहाँ के मजदूरों ने बताया उन्हें काम के पूरे पैसे भी नही मिले हैं। कुछ वरिष्ठ अनुभवी लोगों ने आकलन कर बताया कि यह पुलिया लगभग 60 से 80 हजार के लागत से बना है। जबकि सभी पुलिया की प्राक्कलित राशि 4,66,388/- की है। इसी तरह के 64 पुलिया बनाया गया है। दिलीप ने यह भी बताया कि सबसे ज्यादा अचंभित वाली बात यह है, कि 18 से 22 मार्च 2023 को योजना सेंसन हुआ और काम किये बिना ही 28 मार्च 2023 को ही मटेरियल का 2.50 करोड़ रुपये का पूर्ण भुगतान भेंडर के खाते में हो गय। कोलेबिरा बीडीओ से मिलकर बात करने पर उनके द्वारा यही कहा गया था। कि कार्य में शिकायत मिली थी जिसपर जांच कराया गया था। जिसमे कोई गड़बड़ी नही पाई गई थी । लेकिन धरातल पर साफ कुछ और नजर आ रहा कि यहाँ कितना बड़ा घोटाला हुआ है। यहाँ मनरेगा के जे.ई, भेंडर, अधिकारियों एवं अन्य लोगो की मिली भगत होने की पूर्ण संभावना दिख रही है। दिलीप ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह खेल कोलेबिरा में काफी लंबे सालो से खेला जा रहा है। चूंकि मनरेगा( जे. ई )नितेश लगभग 8, 10 सालों से यहाँ सेवा दे रहे। इनका कही और भी ट्रांसफर होने पर भी कुछ ऐसा चमत्कार होता है कि ये वापस इसी ब्लॉक में सेवा देते नजर आते हैं। इसमें जो भी भेंडर हैं, जैसे राजकुमार साहू पहले से बीएफटी है, जो मनरेगा संविदा कर्मी है। वह भेंडर के रूप में काम कर सरकारी पैसा अपने खाते में लेते है। चंदन हार्डवेयर, विवेक प्रशाद, जगदीश हार्डवेयर इनके द्वारा मटेरियल सप्लाई किया जाता जबकि ये कोई लीज धारक एवं कंपनी के अधिकृत विक्रेता नही हैं। और इन्ही चारों के खाते में 2.50 करोड़ के भुगतान हुआ है। दिलीप ने यह भी कहा कि सैकड़ों कुआँ का निर्माण भी हुआ है जिसकी कम खुदाई 15 से 20 फिट की गई लेकिन उसके भी पूरे 35 फिट के पैसे निकासी की गई है। दिलीप ने बताया कि शायद यह कोलेबिरा ब्लॉक जिला का सबसे बड़ा मनरेगा घोटाले में अव्वल हो सकता है। जिसके लिए माननीय उच्च न्यायालय में सारे सबूतों के साथ जांच टीम की मांग करेंगे और सभी चिन्हित योजनाओं की जांच कराएंगे।जिसकी पहल शुरू हो चुकी है ,और जितने भी लोग हैं। उनसब पर सख्त कानूनी कार्यवाही कराएंगे। क्योकि मनरेगा घोटाला से जिले के कई प्रखंड ग्रसित हैं। जिसमे ऐसे लोग सीधे गरीब जनता का पैसा मनरेगा कर्मी खुद ठेकेदार बनकर लूट रहे।

## चलते चलते एक नजर

### हरीश रावत सहित तीन को अब 15 जुलाई को कोर्ट में रखना होगा पक्ष

**देहरादून** : सीबीआई ने बहुचर्चित स्टिंग ऑपरेशन मामले में मंगलवार को कांग्रेस नेता हरीश रावत, पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत और खानपुर विधायक उमेश कुमार या उनके वकील को पेश होने को कहा था। इसके तहत आज इन तीनों नेताओं के अधिवक्ता सीबीआई कोर्ट में पेश हुए। अब सभी को 15 जुलाई को कोर्ट में अपना जवाब दाखिल करना होगा। सीबीआई ने वॉइस सैंपल लेने के लिए विधायक उमेश शर्मा, मदन बिष्ट, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत और पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत को नोटिस भेजा था। सीबीआई कोर्ट के समन में स्वयं या अधिवक्ता के पेश होने के आदेश जारी हुए थे। अब सीबीआई स्पेशल जज धर्मेंद्र सिंह अधिकारी की कोर्ट ने वॉइस सैंपल को लेकर 15 जुलाई को सभी को अपना जवाब देने को कहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि न्यायालय ने 15 जुलाई की तारीख दे दी है। जैसे जैसे कार्रवाई आगे बढ़ेगी, उसमें हमारा पूरा सहयोग रहेगा। हम पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं सत्यमेव जयते। न्यायालय पर पूरा भरोसा है। यह स्टिंग ऑपरेशन उत्तराखंड की खानपुर विधानसभा सीट से वर्तमान विधायक और पूर्व पत्रकार उमेश कुमार ने किया था इसी दौरान एक और स्टिंग वीडियो सामने आया था, जिसमें कांग्रेस विधायक मदन बिष्ट और हरक सिंह रावत के शामिल होने का दावा किया गया था। गौरतलब है कि पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के स्टिंग मामले में वायस सैंपल लेने के लिए सीबीआई ने चार नेताओं को नोटिस जारी किए थे इनमें हरीश रावत, हरक सिंह रावत, कांग्रेस विधायक मदन सिंह बिष्ट और स्टिंग करने वाले और खानपुर विधायक उमेश कुमार शामिल हैं। साल 2016 में मुख्यमंत्री रहते हुए हरीश रावत का स्टिंग ऑपरेशन हुआ था।

### मिजोरम की जनता बदलाव चाहती है : खड़गे

**नई दिल्ली** : कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मिजोरम की जनता बदलाव चाहती है। ऐसे में वहां कांग्रेस एक मजबूत भूमिका निभाने के लिए तैयार है। खड़गे ने मंगलवार को मिजोरम कांग्रेस के पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक के बाद ट्वीट कर कहा कि मिजोरम के हमारे नागरिक बदलाव चाहते हैं। कांग्रेस पार्टी के पास राज्य में स्थिरता और प्रगति प्रदान करने का रिकॉर्ड है। उल्लेखनीय है कि मिजोरम में इसी वर्ष के अंत तक विधानसभा चुनाव होना है। इसको लेकर आज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में पार्टी मुख्यालय में एक बैठक हुई। इस बैठक में खड़गे के साथ-पार्टी नेता राहुल गांधी और मिजोरम कांग्रेस के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की।



# अवरुद्ध नहीं, मिलकर करें विकास : प्रथम महापौर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि रेडमा रांची रोड में लग रहे मल्टी प्ले स्टेशन का विरोध करने वाले लोगों के विरोध में पूरे मोहल्लावासी एक होकर नगर आयुक्त से मिले। वे लोग 100 लोगों का हस्ताक्षरित पत्र उन्हें सौंपा। कहा कि दादा-दादी पार्क जहां बन रहा है वहीं बने। विरोध करने वाले लोगों की चिंता ना करें। हम पूरे रेडमा ग्रामवासी प्रथम महापौर के कार्यकाल में पारित दादा दादी पार्क से खुश हैं। पार्क वहीं लगेगा। प्रथम महापौर ने कहा कि मुझे खुशी है कि कल रेडमा ग्राम के।भाइयों ने तथा परशुराम सेना के माननीय सदस्यों ने भरोसा दिलाया था कि रेडमा क्षेत्र के विकास में किसी को बाधक बनने नहीं दिया जाएगा। विकास के मुद्दे में पूरा रेडमा साथ है और रहेगा। मैं सभी भाइयों को दिल से धन्यवाद देती हूं। जिनके चलते बच्चों के लिए बन रहे दादा दादी पार्क का सपना साकार होने जा रहा है। मैं माननीय को भी बोलना चाहूंगी कि शहर के विकास को अवरुद्ध ना करें। आइए मिलकर शहर का विकास करें।



**महापौर ने कहा कि मुझे खुशी है कि कल रेडमा ग्राम के ।भाइयों ने तथा परशुराम सेना के माननीय सदस्यों ने भरोसा दिलाया था कि रेडमा क्षेत्र के विकास में किसी को बाधक बनने नहीं दिया जाएगा।**

## महिला पहलवान को कोर्ट ने जारी किया नोटिस




एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में दिल्ली पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट पर सुनवाई करते हुए शिकायतकर्ता महिला पहलवान को नोटिस जारी किया है।मंगलवार को इस मामले की सुनवाई इन कैमरा हुई। इन कैमरा का मतलब सुनवाई के समय दोनों पक्षों के अलावा दूसरा कोई उपस्थित नहीं होगा। 15 जून को दिल्ली पुलिस ने पटियाला हाउस कोर्ट ने रिपोर्ट दाखिल कर भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को क्लीन चिट दे दी थी।दिल्ली पुलिस ने पटियाला हाउस कोर्ट में नाबालिग पहलवान की शिकायत पर पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में बृजभूषण सिंह को क्लीन चिट देते हुए आरोप निरस्त करने की मांग की है। दिल्ली पुलिस ने कहा है कि पॉक्सो के मामले में बृजभूषण सिंह के खिलाफ कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिले हैं।

## महंगाई व बेरोजगारी के मुद्दे पर बोलने से बच रही सरकार: कांग्रेस



एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि बढ़ती महंगाई से जनता त्रस्त है। रोजमर्रा की जरूरत की सभी वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं। पार्टी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर बात करने से भी बच रही है।कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि देश में सब्जियों के दाम रॉकेट की तरह भाग रहे हैं। बीते कुछ दिनों में हरी मिर्च 400 रुपये प्रति किलो, अदरक 400 रुपये, धनिया 200 रुपये, टमाटर 160 रुपये, लहसुन 130, परवल 80 रुपये किलो, अरबी 80 रुपये किलो, भिंडी 70 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है।कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि मोदी सरकार आने के बाद से अभी तक आंटे के दाम में 46 फीसदी का इजाफा हुआ है। सरसों तेल, दाल आदि के दाम आसमान छू रहे हैं।

मोदी सरकार महंगाई को रोक पाने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि देश में महंगाई के साथ-बेरोजगारी का आंकड़ा भी बढ़ रहा है। सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर सरकार नियुक्ति नहीं कर रही है। इसके कारण देश का युवा परेशान और हताश है।

## बाबा बर्फानी की निगरानी के लिए पहली बार मंडराए वायु सेना के हेलीकॉप्टर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के दो मार्गों बालटाल और पहलगाम से चल रही अमरनाथ यात्रा की हवाई निगरानी वायु सेना के हेलीकॉप्टर भी कर रहे हैं। साथ ही वायु सेना इस यात्रा को आरामदायक बनाने के लिए दोनों रास्तों पर अपने मालवाहक चिनूक हेलीकॉप्टर के जरिये भारी मशीनें पहुंचा रही है। यह पहला मौका है, जब 62 दिवसीय तीर्थयात्रा के दौरान अमरनाथ गुफा मंदिर के ऊपर वायु सेना के हेलीकॉप्टर मंडराते दिखाई दे रहे हैं। अमरनाथ यात्रा हमेशा से ही सुरक्षा-व्यवस्था के दृष्टिकोण से संवेदनशील रही है। आतंकी धमकियों के चलते हर साल जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना, सीआरपीएफ, सीएपीएफ, सीआईएसएफ और अन्य अर्धसैनिक बलों को तैनात किया जाता रहा है।



इस बार गृह मंत्रालय ने भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के जवानों को भी यात्रा के रास्तों पर तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा के लिए तैनात किया है। इसके साथ ही पहली बार भारतीय वायु सेना ने 30 अगस्त को रक्षाबंधन त्योहार पर समाप्त होने वाली इस 62 दिवसीय वार्षिक तीर्थयात्रा के दौरान अमरनाथ गुफा मंदिर की हवाई निगरानी करने के लिए अपने हेलीकॉप्टरों को तैनात किया है।

# मोदी सरनेम मामले में राहुल गांधी को पटना हाई कोर्ट से राहत बरकरार

एजेंसी

**पटना।** पटना हाई कोर्ट ने मोदी सरनेम मामले में मंगलवार को राहुल गांधी की एमपी-एमएलए कोर्ट के आदेश को रद्द करने की मांग पर सुनवाई करते हुए राहत को बरकरार रखा है। पटना की एमपी-एमएलए कोर्ट ने राहुल गांधी को सशरीर कोर्ट में हाजिर होने का निर्देश दिया था। निचली अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए राहुल ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। आज इस मामले पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने राहुल गांधी को पेशी से छूट के अपने पुराने फैसले को बरकरार रखा है। मामले की अगली सुनवाई 16 अगस्त को होगी।इससे पहले 15 मई को पटना हाई कोर्ट में राहुल गांधी की तरफ से दायर याचिका पर सुनवाई टल गई थी। आपराधिक मानहानि के एक अन्य केस में सूरत की कोर्ट ने राहुल गांधी को दो साल की सजा सुनाई थी, जिसके बाद उनकी लोकसभा की सदस्यता चली गई थी।राहुल गांधी ने कर्नाटक में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी सरनेम वाले लोगों को चोर बताया था। राहुल गांधी की विवादित टिप्पणी पर आपत्ति जताते हुए भाजपा के राज्यसभा सांसद और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी ने पटना स्थित एमपी-एमएलए कोर्ट में मानहानि का मुकदमा दायर किया था।

सुशील मोदी की तरफ से दायर मुकदमे पर एमपी एमएलए कोर्ट ने सुनवाई करते हुए राहुल गांधी को 12 अप्रैल को कोर्ट में उपस्थित होकर अपना बयान दर्ज कराने को कहा गया था। हालांकि, उस दिन राहुल गांधी कोर्ट में उपस्थित नहीं हो सके थे। राहुल गांधी के वकील ने कोर्ट को बताया था कि अत्यधिक व्यस्तता के कारण राहुल गांधी पटना नहीं आ सके। इसपर एमपी-एमएलए कोर्ट ने उन्हें 25 अप्रैल को कोर्ट में सशरीर उपस्थित होने का आदेश दिया था।



**सुशील मोदी की तरफ से दायर मुकदमे पर एमपी एमएलए कोर्ट ने सुनवाई करते हुए राहुल गांधी को 12 अप्रैल को कोर्ट में उपस्थित होकर अपना बयान दर्ज कराने को कहा गया था।**

## यूसीसी के समर्थन में अकाली दल, मुख्यमंत्री मान ने किया विरोध

**चंडीगढ़** : पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का विरोध किया है। चंडीगढ़ में मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में भगवंत मान ने यूसीसी पर सवाल उठाते हुए देश को गुलदस्ता बताया और इसे खराब न करने की अपील की। वहीं अकाली दल ने इसका समर्थन किया और आम आदमी पार्टी को इस पर अपना पक्ष साफ करने को कहा। मुख्यमंत्री मान ने कहा कि हमारा देश एक गुलदस्ते की तरह है, गुलदस्ते में हर रंग के फूल हैं और हर रंग की एक अलग संस्कृति है। गुलदस्ता एक ही रंग का हो, इसकी इजाजत नहीं होगी। हर रंग की अपनी संस्कृति है, सबके अपने रीति-रिवाज हैं। सबसे बात करें, सहमति लें, फिर विचार करें कि इस कोड को लागू करना है या नहीं।

## झामुमो अध्यक्ष ने केंद्रीय समिति की बैठक में संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने और 50 लाख सदस्य बनाने पर दिया जोर




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के अध्यक्ष शिबू सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को केंद्रीय समिति की एक दिवसीय बैठक संपन्न हुई। बैठक के बाद देर शाम वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता विनोद पांडेय ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि संगठन को कैसे मजूबती प्रदान किया जाए और संगठन विस्तार करने, संगठन में बूथ स्तर से लेकर, जिला स्तर और केंद्रीय स्तर तक के पदाधिकारियों की जिम्मेवारी कैसे सुनिश्चित की जाये, इसे लेकर चर्चा हुई।पांडेय ने कहा कि पार्टी के सदस्यता अभियान में 50 लाख सदस्य बनाने के लक्ष्य की प्राप्ति पर भी अध्यक्ष ने चर्चा की। साथ ही डुमरी उपचुनाव को लेकर रणनीति पर चर्चा हुई। इसके तहत बूथ कमेटी से लेकर पंचायत और प्रखंड कमेटी का गठन करने का निर्देश पार्टी अध्यक्ष ने बोकारो समिति को दिया गया है। साथ ही सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों का पार्टी के कार्यकर्ताओं को प्रचार-प्रसार करने को कहा गया है, जिससे अंतिम व्यक्ति तक उसका लाभ मिले। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले पार्टी हर स्तर पर, हर जिले में, हर प्रखंड और बूथ पर अपनी मजबूत पकड़ बनाने के लिए कई निर्देश अध्यक्ष ने दिए।पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बैठक में कहा कि जो जिम्मेवारी पार्टी और इस राज्य की जनता ने दी है उसे निभाने के लिए पूरी उर्जा के साथ काम कर रहा हूं। आने वाले दिनों में राज्य की जनता की जो अपेक्षा है, उसे पूरा करेंगे। बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के सवाल पर पांडेय ने कहा कि भाजपा झारखंड में अपने ताबूत में अंतिम कील ठोक रही है। बाबूलाल मरांडी खुद अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। वे झामुमो के लिए क्या चुनौती होंगे। वह भाजपा के लिए चुनौती हैं।

## वाणिज्य मंत्री ने विकसित देशों के स्टार्टअप्स को भारत आने का दिया निमंत्रण




एजेंसी

**नई दिल्ली।** सरकार स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए हमेशा एक मददगार या सुविधा प्रदाता के तौर पर कार्य करेगी, नियामक के रूप में नहीं।वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को गुरुग्राम में स्टार्टअप्स-20 शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। पीयूष गोयल ने कहा कि सबसे अच्छा तरीका स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र से बाहर होना है। उन्होंने कहा कि सरकार पारिस्थितिकी तंत्र के नियमन या उसे निर्देशित करने का काम नहीं करेगी। पीयूष गोयल ने कहा कि इस पारिस्थितिकी तंत्र के हितधारक स्व-नियमन करेंगे।गोयल ने कहा कि भारत स्टार्टअप की दुनिया को एक विशिष्ट अवसर मुहैया करता है। भारत के पास कुशल प्रतिभा, सामर्थ्य, बढ़ती स्टार्टअप संस्कृति और आकांक्षी आबादी का लाभ है। उन्होंने दुनियाभर की स्टार्टअप कंपनियों को भारत आने और यहां अवसर तलाशने के लिए आमंत्रित किया। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि यहां से संदेश जाना चाहिए कि इसमें भाग लेने वाले सभी 22 देशों की संयुक्त प्रतिबद्धता यह है कि सरकारें स्टार्टअप द्वारा किए जा रहे काम की प्रगति में बाधा नहीं डालेंगी।

# झारखंड में वर्ष 2019 से अबतक दुष्कर्म की 8928 वारदातें

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : झारखंड में वर्ष 2019 से अब तक 8928 दुष्कर्म की वारदातें हुई हैं। इस वर्ष अब तक सबसे अधिक दुष्कर्म की 101 वारदातें राजधानी रांची में दर्ज हुई हैं। हालांकि, इस वर्ष अब तक पिछले चार वर्षों की तुलना में दुष्कर्म की वारदातें कम हुई हैं। पुलिस मुख्यालय से मिले आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2019 में दुष्कर्म की 1998 वारदात को अंजाम दिया गया है। इनमें रांची में 205, धनबाद में 130, गिरिडीह में 136, हजारीबाग में 88, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में 88, पलामू में 96, साहिबगंज में 249, दुमका में 40 ,पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में 66, बोकारो में 99, लातेहार में 50, जामताड़ा में 29, सरायकेला में 42 सिमडेगा में 49 रेल धनबाद में एक, देवघर में 64, गोड्डा में 80, गुमला में 78, लोहरदगा में 55, चतरा में 58, गढ़वा में 165, कोडरमा में 23, खूंटी में 25, रामगढ़ में 33 और पाकुड में 49 शामिल है। वर्ष 2019 में सबसे अधिक 249 दुष्कर्म की घटनाएं साहिबगंज जिले में हुई है। इसी प्रकार वर्ष 2020 में 2109 दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया है। इनमें रांची में 233, धनबाद में 157, गिरिडीह में 100, हजारीबाग में 173, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में 106, पलामू में 119, साहिबगंज में 114, दुमका में 49, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा )में 81, बोकारो में 116, लातेहार में 57, जामताड़ा में 27, सरायकेला में 42, सिमडेगा में 31, देवघर में 88, गोड्डा में 92, गुमला में 92 ,लोहरदगा में 50 ,चतरा में 72, गढ़वा में 129, कोडरमा में 45, खूंटी में 37, रामगढ़ में 53 आए पाकुड़ में 48 शामिल है। वर्ष 2020 में सबसे अधिक 233 दुष्कर्म की वारदात राजधानी रांची में हुई है। वर्ष 2021 में दुष्कर्म की 2039 वारदात को अंजाम दिया गया है। इनमें रांची में 218, धनबाद में 144, गिरिडीह में 145 हजारीबाग में 163, पूर्वी सिंहभूम( जमशेदपुर )में 103, पलामू में 91, साहिबगंज में 118, दुमका में 51, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा )में 67, बोकारो में 111, लातेहार में 68, जामताड़ा में 36, सरायकेला में 36, सिमडेगा में 39, रेल धनबाद एक, देवघर में 53, गोड्डा में 112, गुमला में 70, लोहरदगा में 43, चतरा में 56 ,कोडरमा में 41 ,गढ़वा में 134, खूंटी में 34, रामगढ़ में 52 और पाकुड़ में 53 शामिल है। वर्ष 2021 में सबसे अधिक 218 दुष्कर्म की घटनाएं राजधानी रांची में हुई है। इसी प्रकार वर्ष 2022 में दुष्कर्म की 1872 वारदात को अंजाम दिया गया है। इनमें रांची में 178, धनबाद में 131, गिरिडीह में 104, हजारीबाग में 137, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर )में 116, पलामू में 101, साहिबगंज में 94, दुमका में 52 पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में 64, बोकारो 98, लातेहार 54, जामताड़ा 27 ,सरायकेला 31, सिमडेगा 39, देवघर 63, गोड्डा 84, गुमला 92 लोहरदगा 60, चतरा 43, गढ़वा 110, कोडरमा 34, खूंटी 38, रामगढ़ 46 और पाकुड़ 76 शामिल है। वर्ष 2022 में सबसे अधिक 178 दुष्कर्म की वारदात राजधानी रांची में हुई है। वर्ष 2023 में अबतक 910 दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया है। इनमें रांची में 101, धनबाद में 71, गिरिडीह में 76, हजारीबाग में 80, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर ) में 60, पलामू में 43, साहिबगंज में 37 दुमका में 15, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा ) में 29, बोकारो में 51, लातेहार में 36, जामताड़ा में नौ, सरायकेला में 15 , गोड्डा में 29, गुमला में 36 लोहरदगा में 25, चतरा में 29, गढ़वा में 51, कोडरमा में 26, खूंटी में 15, रामगढ़ में 26 और पाकुड़ में 21 शामिल है।

